राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, मंगलवार, 07 अक्टूबर 2025
वर्ष 07,अंक 12, पृष्ट 12,मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाजियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

युवक को खाने वाला आदमखोर बाघ पकड़ा गया होश में आने पर पिंजड़े में दहाड़ा....03

श्रीभूमि जिले के सूनाइपाड़, पेछायाला, बिहाइरडाला गांव के लोग जल जीवन मिशन की सुविधा से वंचित....12

# सड़क पर बाएं या दाएं, किधर चलने से मौतों का खतरा कम? सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मामला

**● देश में बाईं ओर चलने के नियम को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है. याचिकाकर्ता का दावा है कि साल 2022 में 50 हजार सड़क हादसों में 18 हजार लोगों की मौतें पैदल चलने वालों की हुईं. अगर दाईं ओर पैदल चलते हैं तो वाहन साफ दिखते हैं. इससे हादसों को टाला जा सकता है.अब सवाल है कि भारत में बाईं ओर चलने का नियम क्यों बनाया गया, विदेशों में दाईं ओर चलने का नियम क्यों है, यह कहां-कहां लागू है और क्या हैं फायदे?**




देश में सड़क पर बाईं ओर चलने का नियम है. इसका मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है. कोर्ट ने केंद्र और नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (NHAI) ने जवाब मांगा है कि क्या विदेश की तरह पैदल यात्रियों के लिए सड़क पर दाईं ओर चलने का नियम बनाया जा सकता है? यह पूरा मामला जबलपुर निवासी ज्ञान प्रकाश की याचिका से चर्चा में आया है।

याचिका में सड़क पर बाईं ओर चलने पर खतरा बताया गया है. दावा किया गया है कि साल 2022 में 50 हजार सड़क हादसों में 18 हजार लोगों की मौतें पैदल चलने वालों की हुईं. याचिकाकर्ता का दावा है कि दाईं ओर चलने से सामने की ओर आ रहे वाहन साफ दिखते हैं. इससे हादसों को टाला जा सकता है।

अब सवाल है कि भारत में बाईं ओर चलने का नियम क्यों बनाया गया, विदेशों में दाईं ओर चलने का नियम क्यों है, यह कहां-कहां लागू है और क्या हैं इसके फायदे?

**भारत में बाईं ओर चलने का नियम क्यों?**

भारत में ऐसा नियम क्यों है, इसका जवाब है कि यह नियम ट्रैफिक सुरक्षा, कानूनी व्यवस्था और सड़क डिजाइन को देखते हुए तय किया गया था. Road Regulations, 1989 के मुताबिक, पैदल चलने वालों को हमेशा सड़क पर बाईं ओर चलना चाहिए।

इसके पीछे तर्क दिया जाता है कि जब सड़क पर चलने वाले पैदल यात्री बाईं ओर चलते हैं तो उसके पीछे से आने वाला ट्रैफिक भी उसी दिशा में चल रहा होता है. इससे टकराव का खतरा कम होता है. पैदल चलने वाले को वाहन की दिशा, हॉर्न और गति का अनुमान लगाना आसान होता है।

भारत में सड़कों पर बाईं तरफ बस स्टॉप, फुटपाथ, ट्रैफिक लाइट और क्रॉसवॉक बनाए गए हैं. दावा किया जाता है कि बाईं तरह चलने से ट्रैफिक व्यवस्थित रहता है. इससे सड़क पार करने से लेकर मुड़ने और गाड़ियों के साथ तालमेल बिठाना आसान होता है।

**याचिका में दाईं ओर चलने के लिए कौन से तर्क दिए गए?**

याचिकाकर्ता का कहना है, अगर पैदल यात्री दाईं ओर चलेंगे तो सामने से आने वाले वाहन ज्यादा स्पष्ट दिख सकेंगे. तर्क यह भी दिया गया है कि भारत में पीछे से वाहन आने के कारण पैदल यात्री उसे देख नहीं पाते. यह नियम ब्रिटिश ट्रैफिक सिस्टम का हिस्सा है जिसे भारत में अपनाया गया. इस तरह यह चलन भी जारी है.इससे एक्सीडेंट के कारण होने वाली मौतों का खतरा कम हो सकेगा. इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने NHAI से 10 नवंबर तक आंकड़ों के साथ जवाब मांगा है।

**कहां-कहां दाईं ओर चलने का नियम, यह कितना फायदेमंद?**

दुनिया के ज्यादातर देशों में सड़क पर दाईं ओर पैदल चलने का नियम है. इसमें अमेरिका, कनाड़ा और यूरोप के ज्यादातर देश शामिल हैं. वहीं, कई देशों में अभी बाईं ओर चलने का नियम है. जैसे- ब्रिटेन, आयरलैंड, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड।

दावा किया जाता है कि पैदल चलने के इस तरीके से पैदल यात्रीड्राइवर को देख सकते हैं. अगर उसका ध्यान भटका हुआ है या गाड़ी मोड़ रहा है तो तुरंत बचाव का कदम उठा सकते हैं. वहीं, पीछे से आ रही कार के मामले में ऐसा संभव नहीं है. ट्रैफ़िक का सामना करने से आप ड्राइवर से आंख मिला सकते हैं और यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि वे आपको देख रहा है. ऐसा करने पर उसके द्वारा जगह देने की संभावना ज्यादा होती है।

**क्या कहता है इतिहास?**

फ्रांसीसी क्रांति से पहले, यहां का समद्ध वर्ग सड़क के बाईं ओर चलता था जबकि किसान दाईं ओर. क्रांति के बाद, उत्पीड़न से बचने के लिए अभिजात वर्ग और दाईं ओर के आम लोगों के साथ घुल-मिल गए. बाद में नेपोलियन ने अपने द्वारा जीते गए यूरोपीय क्षेत्रों में इसी दाईं ओर के शासन को लागू किया. अमेरिका फ्रांस से प्रेरित हुआ और उसने Right-Hand Drive Vehicles बनाने शुरू कर दिए.इससे रुझान दाईं तरफ हुआ. धीरे-धीरे यह नियम दुनिया के कई देशों का हिस्सा बन गया।

**सड़क सुरक्षा पर बड़ा सवाल**

सड़क परिवहन मंत्रालय के 2023 के आंकड़ों के मुताबिक, टू-व्हीलर के बाद सड़क हादसों में सबसे ज्यादा मौतें पैदल यात्रियों की होती हैं। ऐसे में कोर्ट का यह सवाल सड़क सुरक्षा नीति में एक बड़ा बदलाव ला सकता है। यदि केंद्र सरकार और NHAI की रिपोर्ट में यह व्यवस्था व्यावहारिक मानी जाती है, तो जल्द ही भारत में पैदल यात्रियों के चलने के नियम में 70 साल पुराना बदलाव देखने को मिल सकता है।

# अदालती कार्यवाही के दौरान मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई पर एक वकील ने जूता फेंका

**● चीफ जस्टिस बीआर गवई पर जूता उछालने की कोशिश करने वाले वकील राकेश किशोर पर एक्शन हुआ है. वकील के प्रैक्टिस पर तत्काल निलंबन के आदेश जारी किए गए हैं. यह आदेश दिल्ली बार काउंसिल ने जारी किया है**




**ब्यूरो प्रयागराज।** दिल्ली पुलिस ने कहा कि वकील मध्य प्रदेश के खजुराहो मंदिर परिसर में भगवान विष्णु की मूर्ति की पुनर्स्थापना की मांग वाली एक याचिका पर हाल ही में हुई सुनवाई के दौरान सीजेआई गवई की टिप्पणी से नाखुश थे।

मुख्य न्यायाधीश गवई पर जूता फेंका गया~ सोमवार सुबह सुप्रीम कोर्ट के अंदर एक 71 वर्षीय वकील ने कथित तौर पर भारत के मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई पर जूता फेंका। दिल्ली पुलिस सुप्रीम कोर्ट पहुँची और कहा कि आगे की जाँच जारी है।

दिल्ली पुलिस ने बताया कि राकेश किशोर नाम के वकील ने कोर्ट नंबर 1 में कार्यवाही के दौरान सुबह करीब 11~35 बजे अपने स्पोर्ट्स शूज़ निकाले और सीजेआई गवई पर फेंक दिए।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, "सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें उठा लिया। उन्हें सुप्रीम कोर्ट की सुरक्षा इकाई को सौंप दिया गया। वह मयूर विहार इलाके के निवासी हैं और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के पंजीकृत सदस्य हैं।"

प्रारंभिक जाँच में यह बात सामने आई कि वकील मध्य प्रदेश के खजुराहो मंदिर परिसर में भगवान विष्णु की मूर्ति की पुनर्स्थापना की माँग वाली एक याचिका पर हाल ही में हुई सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश की टिप्पणी से नाखुश थे।

मुख्य न्यायाधीश गवई शांत दिखे और उन्होंने वकीलों से कार्यवाही जारी रखने को कहा।अदालत से बाहर ले जाते समय, उस व्यक्ति ने कथित तौर पर कहा, "सनातन धर्म का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान"। अधिकारी ने कहा, "अब, दिल्ली पुलिस सर्वोच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल के साथ समन्वय कर रही है और नई दिल्ली ज़िला कोई भी कानूनी कार्रवाई करने से पहले मामले की जाँच कर रहा है।"

**मुख्य न्यायाधीश गवई को दिल्ली पुलिस के सुरक्षा प्रभाग द्वारा प्रदान की गई ज़ेड प्लस सुरक्षा प्राप्त है।**

अदालत में मौजूद एक वकील ने द इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि वकीलों की पोशाक पहने एक व्यक्ति ने मुख्य न्यायाधीश गवई पर कुछ फेंका। वकील ने कहा कि सुरक्षाकर्मियों ने बाद में उन्हें बताया कि उस व्यक्ति ने भारत के मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंका था।वकील ने यह भी कहा कि बाहर ले जाते समय उस व्यक्ति को नारे लगाते हुए सुना गया।

न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की दो सदस्यीय पीठ की अध्यक्षता करते हुए, मुख्य न्यायाधीश गवई ने 16 सितंबर को खजुराहो मंदिर परिसर स्थित जावरी मंदिर में भगवान विष्णु की 7 फीट ऊँची जीर्ण-शीर्ण मूर्ति के पुनर्निर्माण की मांग वाली याचिका को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की।

मुख्य न्यायाधीश गवई ने याचिकाकर्ता से कहा, "यह विशुद्ध रूप से प्रचार हित याचिका है... जाओ और स्वयं भगवान से कुछ करने के लिए कहो। यदि आप कह रहे हैं कि आप भगवान विष्णु के प्रबल भक्त हैं, तो आप प्रार्थना करें और ध्यान करें।"

मुख्य न्यायाधीश गवई ने बाद में कहा कि वह "सभी धर्मों का सम्मान करते हैं÷ और स्पष्ट किया कि उनकी टिप्पणी इस संदर्भ में की गई थी कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को इसके रखरखाव का अधिकार क्षेत्र है। मुख्य न्यायाधीश गवई ने कहा, "मैं सभी धर्मों में विश्वास करता हूँ, मैं सभी (धर्मों) का सम्मान करता हूँ।"

## संक्षिप्त ख़बरें

### महेंद्र सिंह टिकैत की 90 वीं जयंती मनाई गई



**सिद्धार्थनगर।** भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक किसानों के मसीहा कहे जाने वाले स्वर्गीय महेंद्र सिंह टिकैत की 90 वीं जयंती सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में मनाई गई।जिसमें स्वर्गीय टिकैत द्वारा किए गए किसान हित के कार्यों को याद किया गया तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया जिसकी अध्यक्षता जिला संरक्षक अरविंद कुमार शुक्ला तथा जिला अध्यक्ष प्रदीप प्रधान द्वारा किया गया। इस दौरान सूर्य प्रकाश सिंह, सादिक, हाशिम अख्तर, उपेंद्र यादव, सुदामा गुप्ता, लक्ष्मण चौधरी, राजाराम लोधी, चैतूप्रसाद, पवन श्रीवास्तव, कन्हैयालाल पटेल, सरवन कुमार, कन्हैया प्रसाद सहित भारी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### दामाद को सास से हुआ प्यार, तो कर दी पत्नी की हत्याज इस हालत में मिली लाश

उत्तर प्रदेश के कासगंज में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का सनसनीखेज मामला सामने आया है. मामले में मृतका का शव घर के बरामदे में पाया गया. इस घटना के बाद मृतका के परिजनों ने पति और उसके घरवालों पर गंभीर आरोप लगाए हैं. मृतका के परिजनों का कहना है कि दामाद का अपनी सास के साथ अवैध संबंध था, जिसके चलते दामाद ने पत्नी की हत्या कर दी. मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. मामला जिले के सिढ़पुरा कोतवाली क्षेत्र के नगला परसी गांव का है. यहां की सिढ़पुरा थाना पुलिस को रविवार देर रात सूचना मिली कि क्षेत्र के नगला परसी के रहने वाले प्रमोद की 20 वर्षीय पत्नी शिवानी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है. मृतका का शव घर के बरामदे में पड़ा हुआ है. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई।

# असली दोषियों पर कार्रवाई होज कफ सिरप केस में डॉक्टर की गिरफ्तारी पर बोला इंडियन मेडिकल एसोसिएशन

**● इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (IMA) ने मध्य प्रदेश में कफ सिरप से बच्चों की मौत के बाद डॉक्टर की गिरफ्तारी का कड़ा विरोध किया है. IMA का कहना है कि असली दोषी दवा बनाने वाली कंपनियां और नियामक एजेंसियां हैं, डॉक्टर नहीं. यह मामला अधिकारियों की कानूनी अनभिज्ञता और कमजोर दवा नियंत्रण प्रणाली का उदाहरण है**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



मध्य प्रदेश में कफ सीरप से हुई बच्चों की मौत और उसके बाद डॉक्टर की गिरफ्तारी को लेकर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (IMA) ने कड़ा विरोध जताया है. IMA का कहना है कि यह मामला अधिकारियों और पुलिस की कानूनी अनभिज्ञता का उदाहरण है. असली दोषी दवा बनाने वाली कंपनी और निगरानी करने वाली एजेंसियां हैं, ना कि डॉक्टर

परासिया थाने में शनिवार को बाल रोग विशेषज्ञ (पीडियाट्रिशियन) और तमिलनाडु की श्रीसान फार्मास्यूटिकल्स के डायरेक्टर्स के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. इनके खिलाफ बीएनएस की धारा 105 (गैर-इरादतन हत्या), 276 (दवा में मिलावट) और ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट की धारा 27(A) के तहत एक्शन हुआ है. आईएमए का कहना है कि डॉक्टर की गिरफ्तारी जल्दबाजी में की गई है. जो इस बात का संकेत है कि जांच एजेंसियां अपनी नाकामियों से ध्यान हटाना चाहती हैं. यह जिम्मेदारी ड्रग्स रेगुलेटरी सिस्टम की है ,जो दवाओं की गुणवत्ता पर नजर रखने में नाकाम रहा।

**डॉक्टर तो वही दवा लिखते हैं जो एजेंसियों से मंजूरशुदा होती हैं**

रिपोर्ट के मुताबिक, खांसी की दवाओं में इस्तेमाल होने वाले फ़ार्मास्यूटिकल ग्रेड ग्लिसरीन और प्रोपाइलीन ग्लाइकॉल महंगे होते हैं. कई बार निर्माता इनके बजाय सस्ते लेकिन जहरीले इंडस्ट्रियल ग्रेड DEG या EG का इस्तेमाल कर लेते हैं, जो दिखने में समान होते हैं लेकिन जानलेवा साबित होते हैं. अगर निर्माता और रेगुलेटर दोनों स्तरों पर गुणवत्ता जांच में चूक होती है, तो ऐसी त्रासदियां होती हैं।

आईएमए ने कहा कि डॉक्टर को यह जानने का कोई तरीका नहीं होता कि किसी दवा में मिलावट है या नहीं. डॉक्टर तो वही दवा लिखते हैं जो सरकारी एजेंसियों से मंजूरशुदा होती हैं. ऐसे में डॉक्टर पर कार्रवाई पूरी तरह गलत है. 2003 की मशेलकर रिपोर्ट में पहले ही कहा गया था कि देश में दवा नियंत्रण व्यवस्था कमजोर है, ना पर्याप्त जांच सुविधाएं हैं, ना प्रशिक्षित इंस्पेक्टर और ना ही समन्वित निगरानी प्रणाली।

**यह साफ तौर पर नकली या मिलावटी दवा का मामला है**

का कहना है कि CDSCO और MPFDA दोनों ने ही कथित खांसी की दवा में DEG की मात्रा पर सही निगरानी नहीं की. इससे बच्चों की मौत हुई. डॉक्टर को दोषी ठहराने के बजाय सरकार को दवा कंपनी और नियामक एजेंसियों पर कार्रवाई करनी चाहिए. डॉक्टरों को डराने या बदनाम करने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी. यह साफ तौर पर नकली या मिलावटी दवा का मामला है, जैसा कि ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट की धारा 17B में परिभाषित है. इसलिए असली जिम्मेदारी निर्माताओं और अधिकारियों पर है, ना कि इलाज करने वाले डॉक्टर पर।

# जेल में लगेंगे जैमर, अपराधियों का कटेगा कनेक्शन... इस प्लान से क्सरकार करेगी प्रदेश की सुरक्षा

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने जेलों में मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के दुरुपयोग को पूरी तरह से रोकने के लिए कड़ा कदम उठाया है. राज्य के छह प्रमुख कारागारों में आधुनिक 'टावर ऑफ हार्मोनियस कॉल ब्लॉकिंग सिस्टम' (T-HCBC) आधारित मोबाइल जैमर लगाए जाएंगे. इसके लिए प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने 9.14 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत कर दी है. यह निर्णय जेलों में सिग्नल जाम करने वाली तकनीक से सुरक्षा को अभेद्य बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है, जो अपराधियों के बाहरी संपर्क को तोड़ने का प्रयास करता है.

हर प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों- जैसे मोबाइल, टैबलेट, लैपटॉप, वाई-फाई, ब्लूटूथ, जीपीआरएस, एनएफसी, इंटरनेट, ई-मेल और एमएमएस के सिग्नल को पूरी तरह जाम कर देंगे. इन्हें जिला कारागार लखनऊ, चित्रकूट, कासगंज, आजमगढ़, अंबेडकर नगर और केंद्रीय कारागार बरेली-2 में स्थापित किया जाएगा. सरकार का मानना है कि इससे जेलों के अंदर से अपराध की साजिशें रचने और बाहरी दुनिया से संपर्क रखने की क्षमता समाप्त हो जाएगी।

**सजा और जुर्माने का भी है प्रावधान**

यह कदम 2021 में लागू किए गए प्रिजन एक्ट के संशोधन की कड़ी है, जिसमें जेलों में मोबाइल फोन या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उपयोग को संज्ञेय और गैर-जमानती अपराध घोषित किया गया था. पकड़े जाने पर बंदियों को 3 से 5 वर्ष तक अतिरिक्त कारावास और 50 हजार रुपये तक का अर्थदंड का प्रावधान है. जेल कर्मचारियों की मिलीभगत पर भी सीधे एफआईआर दर्ज करने का नियम है. लेकिन इसके बावजूद जेलों से मोबाइल लीकेज की खबरें थमने का नाम नहीं ले रही हैं।

**धमकी से हत्या तक का कनेक्शन**

बीते फरवरी में गाजीपुर जेल से एक युवक को बंदी द्वारा धमकी भरा फोन मिलने का मामला सुर्खियों में रहा. इसी तरह, पिछले वर्ष 3 दिसंबर को भदोही के जिला कारागार में हत्या के आरोपी मोहम्मद कलीम के बिस्तर से मोबाइल फोन और दो सिम कार्ड बरामद हुए. ऐसी घटनाएं राज्य की जेलों से लगातार सामने आ रही हैं, जो सुरक्षा में चूक की ओर इशारा करती हैं. मोबाइल के जरिए बंदी संगठित अपराध, ड्रग्स तस्करी या यहां तक कि जेल तोड़ने की साजिशें रच रहे हैं।

# CM रेखा गुप्ता का बड़ा ऐलान, ग्रीन पटाखों के लिए सुप्रीम कोर्ट जाएगी दिल्ली सरकार, करेगी अनुरोध

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दिवाली पर ग्रीन पटाखों को चलाने के लिए दिल्ली सरकार सुप्रीम कोर्ट जाएगी. दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को इस बारे में बताया है. उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ग्रीन पटाखों के लिए सुप्रीम कोर्ट में लिखित में अपना पक्ष रखेगी. जन-भागीदारी व सरकारी नियमों का पालन करते हुए प्रमाणित ग्रीन पटाखों के उपयोग करने अनुमति देने का अनुरोध करेगी।

CM रेखा गुप्ता ने कहा कि दीपावली भारतीय सांस्कृति का सबसे बड़ा धार्मिक पर्व है. दिल्ली के करोड़ों लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए हमारी सरकार सुप्रीम कोर्ट से ग्रीन पटाखे चलाने की अनुमति देने का आग्रह करेगी. उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार प्रदूषण पर प्रभावी रोक और पर्यावरण की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराती है और सुप्रीम कोर्ट को पूर्ण सहयोग का आश्वासन देती है, ताकि इस संबंध में जारी किसी भी निर्देश को लागू किया जा सके।

**ग्रीन पटाखे बनाने की दी अनुमति**

वहीं इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने प्रमाणित पटाखा तैयार करने वाने कारोबारियों को शुक्रवार को एक बड़ी राहत देते हुए ग्रीन पटाखे बनाने की अनुमति दे दी थी. हालांकि, यह अनुमति एक महत्वपूर्ण शर्त के साथ दी गई है, इन पटाखों की बिक्री दिल्ली-एनसीआर में बिना मंजूरी के नहीं की जाएगी. चीफ जस्टिजस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्र सरकार को यह निर्देश भी दिया कि वह दिल्ली-एनसीआर में पटाखों के निर्माण पर प्रतिबंध लगाने के फैसले पर नए सिरे से विचार करें

**कारोबारियों को देना होगा शपथ पत्र**

न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एन. वी. अंजारिया भी इस पीठ का हिस्सा थे। न्यायालय ने आदेश दिया कि जिन कारोबारियों के पास नीरी (राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान) और पेसो (पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन) के प्रमाण हैं, उन्हें पटाखे बनाने की अनुमति है. मगर, कारोबारियों को न्यायालय के समक्ष यह शपथ पत्र देना होगा कि वे न्यायालय के अगले आदेश तक दिल्ली-एनसीआर में अपने पटाखे नहीं बेचेंगे।




**वर्ष 2018 से लगी है रोक**

दरअसल दिल्ली में दिवाली के दौरान पटाखों को चलाने पर वर्ष 2018 से प्रतिबंध है. देश की राजधानी में बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाई है. बताया जाता है कि शुरुआती दौर और सुप्रीम कोर्ट का वर्ष 2017 में हस्तक्षेप हुआ. सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में पटाखों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने पर विचार करना शुरू किया, जिसके बाद वायु गुणवत्ता पर पटाखों के प्रभाव की जांच हुई. इसके बाद वर्ष 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने पटाखों पर रोक लगा दी और केवल कम प्रदूषण वाले पटाखे की बिक्री और उपयोग की अनुमति दी थी।

**सितंबर से 1 जनवरी तक रहता है प्रतिबंध**

वर्ष 2020-2021 में दिल्ली सरकार ने सर्दियों में गंभीर प्रदूषण को देखते हुए सभी तरह के पटाखों, यहां तक कि ग्रीन पटाखों के उत्पादन, भंडारण, बिक्री और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाना शुरू कर दिया. यह प्रतिबंध आमतौर पर सितंबर या अक्टूबर में घोषित किया जाता है और 1 जनवरी तक लागू रहता है. ग्रीन पटाखों और पारंपरिक पटाखों में अंतर करना मुश्किल होने के कारण यह व्यापक प्रतिबंध लगाया गया।

# मछरेहटा रोड स्थित कृष्णा हॉस्पिटल पर मानकों के उल्लंघन का आरोप




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर।** विकास खण्ड खैराबाद क्षेत्र के मछरेहटा रोड पर स्थित कृष्णा हॉस्पिटल एक बार फिर चर्चा में है। अस्पताल पर चिकित्सा मानकों को दरकिनार करते हुए अवैध रूप से संचालन किए जाने का गंभीर आरोप लगा है। सूत्रों के अनुसार, अस्पताल में न तो पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती है और न ही महिला चिकित्सक की उपलब्धता, इसके बावजूद वहां महिला रोगों का उपचार और प्रसव कार्य कराया जा रहा है। बताया गया है कि अस्पताल संचालक द्वारा बोर्ड पर नामी डॉक्टरों के नाम प्रदर्शित किए गए हैं, जिससे ग्रामीणों को भ्रमित कर इलाज के नाम पर ठगा जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगभग आठ माह पूर्व इसी अस्पताल में प्रसव के दौरान एक महिला की मौत हो चुकी है, लेकिन उसके बावजूद प्रशासन की अनदेखी के चलते अस्पताल का संचालन आज भी जारी है। इस मामले में भारतीय किसान मंच उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील राजवंशी ने मुख्य चिकित्साधिकारी सीतापुर को पत्र भेजकर तत्काल जांच कराए जाने की मांग की है। उन्होंने दोषी अस्पताल संचालक और संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व सैनिकों की समस्याओं का निस्तारण समयबद्धता के साथ निस्तारण किया जायें



**बस्ती।** बस्ती जिले के के पूर्व सैनिकों की समस्या का निस्तारण कराने के उद्देश्य से आज मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सैनिक बन्धु समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुये कहा कि पूर्व सैनिकों के द्वारा अपने जीवन के अहम पल देश सेवा के लिए समर्पित किए गए हैं, इसलिए हम लोगों का भी यह दायित्व बनता है कि पूर्व सैनिकों की समस्याओं का निस्तारण समयबद्धता के साथ किया जायें। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पूर्व सैनिक बंधुओं की जो भी समस्याएं आज प्राप्त हो रही हैं उनका गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ निस्तारण कराया जाए। बैठक का संचालन जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल देविन्दर गुहानी ने किया। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डा. राजीव निगम, सीआरओ कीर्ति प्रकाश भारती, उप जिलाधिकारी शत्रुध्न पाठक, मनोज प्रकाश, हिमांशु कुमार, सत्येन्द्र सिंह, जिला सेवा योजन अधिकारी अवधेन्द्र प्रताप वर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी लालजी यादव एवं पूर्व सैनिकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

### करवाचौथ से पहले सराफा बाजार में रौनक



**बलरामपुर।** नवरात्र के बाद सराफा बाजार ने रफ्तार पकड़ ली है। करवाचौथ को अभी पांच दिन शेष हैं, लेकिन इसे लेकर बाजार में खरीदारी का सिलसिला शुरू हो गया है। महिलाएं फैंसी और हलके गहनों की डिमांड कर रही हैं। मनपसंद डिजाइन की बुकिंग भी शुरू हो चुकी है। ऐसे में सराफा कारोबारियों से लेकर कारीगरों तक के चेहरे खिल गए हैं। शहर के चौक बाजार स्थित सराफा दुकान पर ग्राहकों की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली। दुकान के मालिक राजा गुप्ता ने बताया कि करवाचौथ को लेकर इन दिनों हल्के व फैंसी गहनों की मांग ज्यादा है। भले ही सोने का भाव ऊंचा चल रहा हो, लेकिन पर्व में बिक्री पर इसका खास असर नहीं है। कारीगर मनोज कुमार का कहना है कि ग्राहकों की पसंद के अनुसार डिजाइन तैयार कर रहे हैं। करवाचौथ के साथ धनतेरस और दीपावली की बुकिंग भी शुरू हो चुकी है। इस बार लंबा त्योहारी सीजन होने से बाजार के अच्छे रहने की उम्मीद है। ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए डिस्काउंट भी दिया जा रहा है।

**महिलाओं में उत्साह**

ग्राहक रीना श्रीवास्तव ने कहा कि करवाचौथ के लिए इस बार हल्के फैंसी डिजाइन का सेट बुक कराया है। ग्राहक प्रीति अग्रवाल ने कहा कि सोने के दाम जरूर बढ़े हैं, लेकिन डिजाइन देखकर मन नहीं मानता। इस बार कान के झुमके खरीदे हैं। निशा वर्मा ने कहा कि हर साल करवाचौथ पर कुछ खरीदते हैं। बाजार में डिजाइन की बहुत वैरायटी है।

**Notice**

**Lost ID Card**

I hereby declare that I am working with a collection agency named as Rudra Associates and my Agency ID Card issued on behalf of HDFC BANK , bearing number [250530175400371] has been lost in my local area in sultanpur, If found, please return to Kunwar vikrant veer Vikram at 253 A murli lambhua Sultanpur .

This notice is for the information of all concerned.

**Sincerely,**
**Kunwar vikrant veer Vikram**
**Mobile 7235820082**

## एक घंटे में दूसरी बार रोकी गाड़ी तो गुस्साए भाजपा नेता ने टोल अधिकारियों को सवालों के कटघरे में खड़ा किया

**●चन्द्रमणि पाण्डेय सुदामा के सवालों के क्रम में निरूत्तर हाथ जोड़ते नजर आये टोल अधिकारी व कर्मचारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के के चर्चित समाजसेवी व भाजपा नेता चन्द्रमणि पाण्डेय सुदामा का पारा आज सातवें आसमान पर तब पहुंच गया जब एक घंटे के अन्दर दूसरी बार टोल प्लाजा चौकड़ी पर उनकी गाड़ी रोककर लोकल होने का प्रमाण मांगा जाने लगा श्री पाण्डेय ने कहा कि जब गाड़ी नंबर से टोल काटा जा सकता है तो उसके जरिए लोकल और दूर की भी जानकारी रखनी चाहिए जो व्यक्ति दिन में दस बार आ जा रहा है उसकी पहचान होनी चाहिए हम अपनी आईडी भूल जायें तो इसका मतलब हम टोल चुकायें टोल के एक कर्मचारी द्वारा बार बार बताने पर कि सुदामा जी हमारे बगल के है लोकल है टोल अधिकारी द्वारा यह कहने पर की लोकल के है तो लोकल पास बनवा लीजिए श्री पाण्डेय ने कहा कि आप अपने दो टोल के बीच की दूरी 60 किलोमीटर कर लीजिए हम पास बनवा लेंगे उन्होंने कहा कि सारे नियम जनता के लिए नहीं होते कुछ नियम आप पर भी लागू होते हैं तमाम चौराहे अण्डरपास विहीन है टोल के पास ही सड़क में गड्ढे हैं साफ सफाई भी नहीं है कुछ नियमों का पालन खुद भी करो वरन जितना कानूनी कार्यवाही करना हो मुकदमा लिखाना हो लिखवावो 2019 में एक 452 फर्जी दर्ज है एक दो और क्या दो किन्तु खुद भी नियम में आ जावो अपने फेसबुक लाइव वीडियो में श्री पाण्डेय ने स्थानीय जिला प्रशासन को भी कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि बार बार टोल प्लाजा चौकड़ी की शिकायत व हाइवे की अव्यवस्थाओं की शिकायत जिलाधिकारी से कर रहा हूं किन्तु जनहित में कभी औचक निरीक्षण व कार्यवाही नहीं कर रहे हैं जो कि खेद जनक है जब सदन में हमारे भू-तल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी जी कह चुके हैं कि 60 किलोमीटर के मानक विपरीत स्थापित टोल अवैध है तो फिर महज 40 किलोमीटर के अन्दर एक ही मार्ग पर दो टोल वो भी टोल प्लाजा चौकड़ी तालाब की जमीन पर कैसे चल रहा है जबकि इस संदर्भ में 8 अगस्त 2023 को मेरे जनहित याचिका के क्रम में हाईकोर्ट प्रयागराज टोल प्लाजा के उच्च अधिकारियों सहित जिलाधिकारी बस्ती को नोटिस जारी कर चुका है श्री पाण्डेय के सवालों के जबाब में टोल अधिकारी व कर्मचारी निरूत्तर हाथ जोड़ते नजर आये श्री पाण्डेय ने कहा कि नंबर फीड करा लीजिए व किसी भी लोकल को परेशान करना बंद कर दीजिए वरन हम जनहित में हाइवे जाम करने को भी विवष हो सकते हैं भले ही उसके लिए हमें एक और मुकदमे से क्यों न गुजरना पड़े।

## ग्राम पंचायतों में तैनात सफाईकर्मी सफाई कार्य छोड़ जिला स्तर पर कार्यालयों में रह कर रहे मौज

**●ब्लाक से लेकर जिला स्तर तक नेतागिरी करने वाले सफाईकर्मियों का प्रतिमाह फर्जी पेरोल प्रमाणित कर रहे ADO पंचायत लॉक कप्तानगंज में पोखरा सहित अन्य ग्राम पंचायतों में शासनादेश के खिलाफ की गई सफाईकर्मियों की तैनाती**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले में सफाई कर्मियों की मनमानी से ग्राम पंचायत में गंदगी का अंबार लगा हुआहैखंडविकास अधिकारी सहायक विकास अधिकारी द्वारा सफाई कर्मियों मां नासिक ग्राम पंचायत देते हैं जहां पर सफाई न करना पड़े जहां एक तरफ प्रदेश सरकार स्वच्छता का अभियान चलाकर सरकारी कार्यालयों समेत अन्य स्थानों पर लगातार साफ सफाई कार्य करा रही है वही दूसरी तरफ सहायक विकास अधिकारी ( एडीओ पंचायत ) सुशील कुमार श्रीवास्तव ग्राम पंचायतों में गंदगी बढ़ाने में जुटे हुए हैं ।आपको बता दें कि विकासखंड कप्तानगंज में ADO पंचायत सुशील कुमार श्रीवास्तव ने ग्राम पोखरा समेत अन्य कई ग्राम पंचायतों में शासनादेश को ताक पर रख बड़े पैमाने पर सफाई कर्मियों की मनचाहा तैनाती किया है । ग्राम पंचायतों में मनचाहा तैनाती पाने वाले सफाईकर्मियों का प्रतिमाह फर्जी पेरोल ADO पंचायत प्रमाणित करते हैं । सफाई कर्मी अशोक चौहान समेत अन्य लगभग दो दर्जन से अधिक सफाई कर्मी ऐसे हैं जो कभी ग्राम पंचायतों में न तो कभी जाते हैं और न ही कभी भी कोई साफ सफाई कार्य करते हैं फिर भी ड्यूटी से गायब सफाईकर्मियों को प्रतिमाह वेतन मिल रहा है । कुछ राजस्व गांवों में राजस्व गांव कम है फिर भी सफाई कर्मियों की राजस्व गांवों की अपेक्षा अधिक तैनाती की गई है । किसी-किसी ग्राम पंचायतों में राजस्व गांव अधिक की अपेक्षा सफाईकर्मियों की तैनाती कम है ।

सूत्रों की माने तो ग्राम पंचायतों में तैनात कुछ सफाई कर्मी जिला स्तर पर अनेक कार्यालयों में रहकर मौज काट रहे हैं और कुछ सफाई कर्मी ग्राम पंचायतों में साफ सफाई कार्य छोड़ ब्लॉक स्तर से लेकर जिला स्तर तक नेतागिरी कर रहे हैं फिर भी ग्राम पंचायतों से ADO पंचायत की मिली भगत करके प्रतिमाह धड़ल्ले से पेरोल प्रमाणित हो जाता है । इस प्रकार स्पष्ट है कि विकासखंड कप्तानगंज में, छ्ह्ह पंचायत की मनमानी से सफाई कर्मियों की तैनाती से लेकर फर्जी पेरोल प्रमाणित करने में बड़ा खेल किया जा रहा है जो जांच व कार्यवाही का विषय बना हुआ है । अब देखना यह है कि शासनादेश के खिलाफ सफाई कर्मियों की तैनाती करने वाले, छ्ह्ह पंचायत सुशील कुमार श्रीवास्तव के खिलाफ कब होगी विभागीय कार्रवाई ? जिले में बना चर्चा का विषय । उक्त प्रकरण में जिला पंचायत राज अधिकारी घनश्याम सागर ने कहा कि जांच कराकर कार्यवाही की जायेगी ।

## शुकुल बाजार पहुंचे जिले के प्रथम नागरिक उद्योगपति राजेश अग्रहरि

**●दुर्गा महा आरती में शामिल हुए जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उद्योगपति राजेश मसाला**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**शुकुल बाजार अमेठी।** जनपद के अंतिम छोर पर बसे शुकुल बाजार कस्बा में दुर्गा पूजा महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत अमेठी जनपद के प्रथम नागरिक जिला पंचायत अध्यक्ष एवं देश के अग्रणी उद्योगपतियों में सुमार राजेश अग्रहरी राजेश मसाला शुकुल बाजार कस्प पहुंचे जहां कस्बा में सभी पंडालों में पहुंचकर देवी माता की आरती उतारी आशीर्वाद लिया। वहीं जनमानस से भी रूबरू हुए बताते चलें धार्मिक सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी निभाने वाले मशहूर उद्योगपति राजेश मसाला जिनके मसाले की खुशबू पूरे देश या यूं कहें तो गलत नहीं होगा देश-विदेश सब जगह पर राजेश मसाला की खुशबू फैल रही है। इसी तरह अमेठी जनपद में दानवीर भामाशाह के नाम से मशहूर उद्योगपति राजेश अग्रहरि शुकुल बाजार पहुंचकर देवी माता की आरती उतारी राजेश अग्रहरि सामाजिक व धार्मिक कार्यों में करोड़ों रुपए प्रतिवर्ष दान करते हैं, गरीबों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहते हैं उनके घर के दरवाजे गरीबों की सेवा के लिए गरीबों की मदद के लिए सदैव खुले रहते हैं और शायद यही कारण है कि शून्य से शिखर पर पहुंचने के बाद भी राजेश मसाला के अंदर जरा भी अहंकार नजर नहीं आता। विनम्र हसमुख और लोगों से शालीनता से मिलने वाले राजेश अग्रहरी की भूरि भूरि प्रशंसा पूरे देश में होती है उनके कार्यशैली और उनके कार्य हमेशा चर्चा के विषय रहते हैं विपक्षी भी उनकी और उनके कार्यों की तारीफ करते हैं। यही नहीं जिला पंचायत अध्यक्ष बनने के बाद जिला पंचायत के कार्यों मैं पारदर्शिता लाए और अमेठी के विकास में अहम भूमिका निभा रहे हैं चाहे गरीब कन्याओं की शादी हो या फिर गरीबों के इलाज की बात हो या फिर छात्र-छात्राओं को शिक्षा के लिए सहयोग राशि प्रदान करना हो हमेशा सबकी मदद करते हैं। इस दौरान वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला, व्यापार मंडल अध्यक्ष पंडित राम उंजेरे शुक्ला, युवा भाजपा नेता विनय चौरसिया, अरूणा शंकर शुक्ला, सहित कस्बे के अन्य व्यापारी बंधु मौजूद रहे। व्यापारी बंधुओ ने राजेश अग्रहरी का स्वागत व अभिनंदन भी किया, जिस पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी ने कहा कि शुकुल बाजार आने पर अपनेपन का एहसास होता है लोगों द्वारा मिले स्नेह से अभिभूत हूं।

## विधानसभा अंतर्गत सभी दुर्गा पूजा महोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक सुरेश पासी

**●पंडालों में पहुंचकर उत्तरी देवी माता की आरती तो कमेटी के सदस्यों को भेंट किया उपहार**

**देवी माता का आशीर्वाद ले विधानसभा के विकास एवं विधानसभा वासियों के सुख समृद्धि व खुशहाली कि की कामना**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**जगदीशपुर अमेठी।** 184 विधानसभा जगदीशपुर से विधायक सुरेश पासी जगदीशपुर विधानसभा के अंतर्गत स्थापित सभी पंडालों में पहुंचकर देवी माता की आरती उतारी तथा उनका आशीर्वाद लिया साथ ही साथ विधानसभा वासियों के सुख समृद्धि खुशहाली व विकास की कामना की। वही कमेटी के सदस्यों को उपहार स्वरूप टी-शर्ट प्रदान की जनमानस ने कहा की गरीबों के सुख-दुख में हमेशा बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी निभाने वाले जगदीशपुर के लोकप्रिय विधायक सुरेश पासी जहां एक तरफ पूरी विधानसभा का सर्वांगीण विकास कर रहे हैं वहीं धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सेदारी निभाते हैं। जनमानस की समस्याओं के निस्तारण हेतु सदैव तत्पर रहते हैं विधायक की कार्यशैली और विकास हमेशा विधानसभा क्षेत्र में चर्चा का विषय रहता है।

विरोधी दल के लोग भी उनके द्वारा कराए गए विकास कार्यों की प्रशंसा करते हैं तथा उनके सहज सरल और विनम्र स्वभाव की चर्चा करते हैं। जनमानस की माने तो अहंकार से कोसों दूर रहने वाले न्याय प्रिय, विकास पुरुष, विधायक सुरेश पासी के विकास कार्यों की जितनी सराहना की जाए कम है। यही नहीं विधायक ने मूर्ति विसर्जन स्थल का भी निरीक्षण किया, व प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पंडालों में पहुंचकर पूजा अर्चन किया देवी माता की आरती उतारी। उन्होंने कहा कि असत्य पर सत्य, अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक यह त्यौहार पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है नौ दिनों तक देवी माता के विभिन्न स्वरूपों की पूजा की जाती है हमारे धार्मिक ग्रंथ हमें यह शिक्षा देते हैं कि सदैव सत्य के मार्ग पर चलते हुए जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए।

## महिलाओं को जल एवं मृदा संरक्षण के सम्बन्ध में किया गया जागरूक

**प्रतापगढ़।** भूमि संरक्षण अधिकारी चमन सिंह ने बताया है कि मिशन शक्ति 5.0 के तहत विकास खण्ड पट्टी के ग्राम ढिढुई में परियोजना डब्लू0डी0सी0-2 आसपुर देवसरा व विकास खण्ड सण्ड़वा चन्द्रिका के ग्राम संग्रामपुर में महिला लाभार्थियों एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जल एवं मृदा संरक्षण के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। वाटरशेड कमेटी के सचिव रमाशंकर कनौजिया तथा वाटरशेड कमेटी के सचिव संजय सिंह द्वारा डब्लू0डी0सी0-पी0एम0के0एस0वाई 2.0 योजनान्तर्गत कराये जाने वाले प्राकृतिक संसाधन के कार्य तथा पेरीफेरल बांध, मार्जिनल बांध, चैक डैम, तालाब जीर्णोद्धार एवं उत्पादन प्रणाली के कार्य पशु स्वास्थ्य शिविर, चारा उत्पादन, मोटे अनाज उत्पादन आदि के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी गयी।

## वीरांगना महारानी दुर्गावती की जयन्ती पर निकाली गई शोभा यात्रा, डीएम के प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में अखिल भारतवर्षीय गोंड महासभा द्वारा वीरांगना महारानी दुर्गावती की जयन्ती अवसर पर जिला अस्पताल चौराहे से जिलाधिकारी कार्यालय तक शोभा यात्रा निकाली गई। आयोजक पूर्व जिलाध्यक्ष रामलला गोंड के नेतृत्व में यात्रा गाजे बाजे के साथ शोभा यात्रा रोडवेज तिराहा, गांधीनगर, कम्पनीबाग होते हुये जिलाधिकारी कार्यालय पहुंची। यहां जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन देकर मांग किया गया कि मण्डल मुख्यालय पर बस्ती शहर के किसी प्रमुख स्थान पर वीरांगना महारानी दुर्गावती की प्रतिमा स्थापित कराया जाय जिससे नई पीढी उनके योगदान और बलिदान से प्रेरणा ले। इसी कड़ी में ज्ञापन के द्वारा मांग किया गया है कि गोड़ समाज के लोगों का अनुसूचित जन जाति का प्रमाण-पत्र अन्य जनपदों की तरह जारी कराया जाय।शोभा यात्रा में मुख्य रूप से लवकुश पटेल उर्फ रिकूं, गुड्डू कुमार गोंड, गोंड महेश चन्द्रवंशी, परमेश गोंड, उमाकान्त गोंड, अमित कुमार गोंड, शुभम कुमार गोंड, विकास गोंड, जुगुल किशोर चौधरी, दयाराम गोंड, प्रमोद गोंड, अनूप कुमार, उमाशंकर राव, अभिषेक चौधरी, आकाश, सुरेन्द्र चौधरी, पवन, मनीष, राम गोपाल, श्यामू, सचिन कुमार गोंड, चन्द्रभान गोंड, अमन गोड, हरिलाल गोंड, धनीराम, आशुतोष, रामपत, बब्लू पाल, राजवीर चौधरी, मुकेश, सर्वेश, राहुल, ऊषा, शुभावती देवी, कलावती देवी, अनीता, शोभा, सुप्रिया, साधना, सूरज कुमार, हरीलाल, आरती, इन्द्रासनी, रीता, रंजना, पलक के साथ ही गोंड समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल रहे।

## रोटरी क्लब बस्ती सेंट्रल का इन्स्टालेशन सेरेमनी और अवार्ड सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में रोटरी क्लब बस्ती सेन्ट्रल का चौथा इन्स्टालेशन सेरेमनी और अवार्ड फक्शन स्टेशन रोड स्थित एक होटल के सभागार में धूमधाम से सम्पन्न हुआ। अगले सत्र के लिये राजेश कुमार ओझा को क्लब का अध्यक्ष घोषित किया गया। इस अवसर पर शिक्षा, चिकित्सा, साहित्य, पत्रकारिता व समाजसेवा के क्षेत्र मे उत्कृष्ट योगदान देने वालों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि रो. बालकृष्ण अग्रवाल असिस्टेन्ट गवर्नर (डिस्ट्रिक्ट 3120) तथा विशिष्ट अतिथि जिला पर्यटन अधिकारी विकास नारायण, रोटरी क्लब गोरखपुर के अध्यक्ष रो. सतीश राय व अन्य गणमान्यों ने दीप जलाकर किया। मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में कहा कि रोटरी की पहचान साहचर्य और मानवता से है। ऐसे तमाम कार्य किये जाते हैं जो समाज के जरूरतंदों का जीवन स्तर ऊंचा उठाने एवं उनकी जीवन रक्षा से जुड़े होते हैं। रोटरी अपनी विशिष्टता के लिये दुनियाभर में जानी जाती है। उन्होने रोटरी को योगदान देने के लिये आम जनमानस का आवाह्न किया। रो. सतीश राय व पर्यटन अधिकारी सतीश राय ने कहा रोटरी एक प्रोटोकाल के तहत कार्य करती है और समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्टता इसकी पहचान है। 2024-25 सत्र के अध्यक्ष वामिक मेराज ने मौजूदा सत्र के अध्यक्ष मपीष कुमार को कालर ट्रंसफर करते हुये शुभकामनायें दी, इसी कड़ी में सचिव डा. एलके पाण्डेय ने नये सत्र के सचिव कलीमुल्लाह खान को तथा कोषाध्यक्ष ने दिलीप कुमार गुप्ता को कालर ट्रांसफर किया। 2024-25 सत्र का अध्यक्षीय पुरस्कार वामिक मेराज, सचिव डा. एलके पाण्डेय व कोषाध्यक्ष मुनरूद्दीन की ओर से शिक्षा के क्षेत्र में प्रधानाचार्य बिहरा सतीश रंज सिंह, साहित्य के क्षेत्र में रहमान अली रहमान, खेल के क्षेत्र में रूदेन्दु विक्रम सिंह, हाईस्कूल टॉपर मो. माज, मो. अदनान कलीम खान, चिकित्सा क्षेत्र में डा. राजेश त्रिपाठी, डा. श्वेता तिवारी, डा. अंकित चतुर्वेदी, समाजसेवा के क्षेत्र में रेडक्रास सोसायटी के सतेन्द्र कुमार दूबे तथा तमाम पत्रकारों को सम्मानित किया गया। डा. एलके पाण्डेय को बेस्ट रोटेरियन का अवार्ड मिला। मंडलाध्यक्ष 3120 के द्वारा क्लब को प्लेटिनम अवार्ड, सचिव को प्लेटिनम अवार्ड व अच्युत अग्रवाल को महाकुंभ यात्रियों को भोजन कराने के लिये व विभिन्न क्षेत्रों में कई अवार्ड दिये गये। कार्यक्रम का संचालन अभिप्रिया सिंह ने किया। इस अवसर पर रो. मयंक श्रीवास्तव, महेन्द्र सिंह, कौशल त्रिपाठी, त्रिपुरारी शंकर श्रीवास्तव, सुबाष चन्द्र अग्रहरि, आदर्श अग्रवाल, गौरव तुलस्यान, नरेश अडाना, डा. विजयशंकर व तमाम गणमान्य उपस्थित रहे। अंत में अध्यक्ष मनीष सिंह ने सभी के प्रति आभार जताया।

## खोया पाया शिविर का उद्घाटन, डीआईजी ने कहा मेले में शिविर की भूमिका महत्वपूर्ण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिलेमे कम्पनीबाग के निकट समाचार पत्र वितरक जन कल्याण सेवा समिति द्वारा जय प्रकाश गोस्वामी के संयोजन में संचालित बिछड़े मिले, खोया पाया माध्यम शिविर का उद्घाटन करते हुये डीआईजी संजीव त्यागी ने कहा कि यह अच्छी पहल है। पर्व त्यौहार मिल जुलकर सौहार्द से मनाये। एसपी अभिनन्दन ने कहा कि दुर्गा पूजा मेले में सुरक्षा की पूरी व्यवस्था की गई है। खोया पाया माध्यम शिविर से मेले में आये लोग अपने परिजनों, बच्चों को सहजता से प्राप्त कर सकेंगे। समाजसेवी वरिष्ठ चिकित्सक डा. वी.के. वर्मा ने कहा कि बस्ती में पूर्णिमा के दिन देवी प्रतिमाओं की विसर्जन की पुरानी परम्परा है, पर्व त्यौहारों को मिलजुलकर खुशियों के साथ मनायें। कहा कि जय प्रकाश गोस्वामी द्वारा खोया पाया शिविर संचालन एक अच्छी पहल है. इससे मेले में बिछड़े लोगों को अपनों से मिलाना आसान हो जाता है। भाजपा के वरिष्ठ नेता सिद्धार्थ शंकर मिश्र ने कहा कि खोया पाया शिविर की जरूरत हमेशा बनी रहेगी। पिछले 34 वर्षो से जय प्रकाश गोस्वामी द्वारा खोया पाया शिविर का अनवरत संचालन एक उपलब्धि है. बिछड़ों को मिलाना पुनीत कार्य है। शिविर संचालक जय प्रकाश गोस्वामी ने कहा कि जितना संभव होगा चाहे जितनी कठिनाईयां आयें शिविर का संचालन अनवरत जारी रहेगा। किसी के खोये हुये बच्चे को उसके परिवार से मिलाने पर खुशी मिलती है। शिविर के उद्घाटन अवसर पर मुख्य रूप से सी.ए. अजित चौधरी, नवीन पाल, दुर्गेश मिश्र, दीनदयाल तिवारी, वृजेश मिश्र, जी.डी. मिश्र, भूपेन्द्र चौधरी, आलोक सिंह 'अंशू', महेन्द्र प्रताप चौधरी, श्रद्धेय पाल, मनमोहन श्रीवास्तव 'काजू' अभय नरायन गोस्वामी विजय प्रकाश गोस्वामी आदि शामिल रहे।

### बर्डपुर बाजार का ऐतिहासिक रामलीला मेला 8 एवं 9 अक्टूबर को

**सिद्धार्थनगर ।** नगर पंचायत कपिलवस्तु क्षेत्र के बर्डपुर कस्बे में ऐतिहासिक रामलीला मेला बुधवार और गुरुवारकी रात्रि भरत मिलाप धूमधाम से मनाया जाएगा। मेला समिति ने सभी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। सोमवार को मेला मैदान की सफाई और सजावट का कार्य तेजी से किया गया। मेला समिति के संयोजक ओमप्रकाश यादव ने बताया कि यह मेला एक प्राचीन परंपरा का प्रतीक है, जिसका आयोजन अंग्रेजी शासनकाल से निरंतर होता आ रहा है। लोकतंत्र सेनानी एवं पूर्व विधायक रामरेखा यादव के निधन के बाद अब समिति के सहयोग से यह आयोजन किया जाता है। मेला दो दिनों तक चलेगा। पहले दिन रामलीला मंडली द्वारा भगवान श्रीराम की लीलाओं का मंचन किया जाएगा, जबकि दूसरे दिन गुरुवार की रात भरत मिलाप का कार्यक्रम होगा। पूरे कस्बे में भव्य झांकी निकाली जाएगी, जिसे देखने के लिए नेपाल से भी बड़ी संख्या में दर्शक आते है। बैठक में श्रवण कुमार, कमलेश, जयप्रकाश गुप्ता, नीतीश पांडेय, विनोद मोदनवाल, आशीष कुमार, लालचंद सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गिरीश चन्द्र शुक्ला के सौजन्य से समाजसेवी ने भेंट किए उपहार स्वरूप वस्त्र

**●शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर मातृ शक्तियों को भेंट किया गया उपहार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**शुकुलबाजार अमेठी।** सामाजिक कार्यों मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले विकासखंड शुकुलबाजार अन्तर्गत ग्राम पंचायत मवैया रहमतगढ़ के गांव पूरे रग्घू शुक्ल निवासी भारतीय जनता पार्टी अमेठी के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गिरीश चन्द्र शुक्ला के सौजन्य से सामाजिक कार्यों के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों मे उत्कृष्ट योगदान देने वाली संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि के प्रबंधक समाजसेवी पी के तिवारी ने क्षेत्र मे पहुंचकर जरूरतमंदों का कुशल जाना एवं उन्हे शरद पूर्णिमा के शुभ अवसर पर वस्त्र भेंट किए वहीं पात्रों ने वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गिरीश चन्द्र शुक्ला एवं समाजसेवी पी के तिवारी को दुआएं दी तथा ईश्वर से दीर्घायु होने की कामना की वहीं संस्था द्वारा कराए जा रहे पुनीत कार्यों की समाज का प्रत्येक वर्ग सराहना कर रहा है और संस्था प्रबंधक समाजसेवी पी के तिवारी का उत्साहवर्धन कर रहा है समाजसेवी पी के तिवारी ने कहा कि संस्था द्वारा कराए जा रहे कार्यों मे जिला उपाध्यक्ष गिरीश चन्द्र शुक्ला का महत्वपूर्ण योगदान रहता है जिससे संस्था को बल मिलता है और कहा कि वह प्रबुद्धजनों के मार्गदर्शन उत्साहवर्धन एवं सहयोग से भविष्य मे और भी बेहतर से बेहतरीन करने की कोशिश करेंगे और समाज के प्रति समर्पित रहेंगे। समाज सेवी पीके तिवारी ने बताया कि धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी निभाने वाले जरूरतमंदों की सदैव सहायता करने वाले भारतीय जनता पार्टी के प्रति निष्ठा वान वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ल द्वारा हमेशा जरूरतमंदों की मदद की जाती है। धार्मिक सांस्कृतिक व राजनीतिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी निभाई जाती है, क्षेत्र में उनकी विशेष पहचान है उनका विनम्र स्वभाव व उनकी कार्यशैली हमेशा चर्चा का विषय रहती है विरोधी दल के लोग भी व उनके विरोधी भी हमेशा उनके कार्यों की प्रशंसा करते हैं। कार्यकर्ताओं के लिए समर्पित और भारतीय जनता पार्टी के लिए समर्पित जिला उपाध्यक्ष क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर पार्टी संगठन को मजबूती प्रदान करने का कार्य करते हैं। साथ ही साथ जरूरतमंदों की मदद भी करते हैं, इसी कड़ी में नवरात्रि के पावन पर्व पर जरूरतमंद गरीब महिलाओं को वस्त्र भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया।

# संक्षिप्त खबरें

## मिश्रिख़ खण्ड विकास अधिकारी ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



**मिश्रिख़ (सीतापुर)** डिजिटल क्राप सर्वे में एक दिन में 150 से अधिक सर्वे करके अपना सर्वे खत्म करने वाले 2 सर्वाधिक सर्वे करने सर्वेयौर को खंड विकास अधिकारी ने प्रतिदिन प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित करने की शुरुआत की, जिसके क्रम में विगत 2 दिनों के सर्वाधिक सर्वे कर्ता 3 पंचायत सहायकों को सम्मानित किया गया।इसमें रिमझिम शर्मा, शदफ यास्मीन ,रीमा और अंकित कुमार को सम्मानित किया गय।अंकित के अनुपस्थित में प्रशस्तिपत्र सचिव को देने हेतु सौंपा गया।खंड विकास अधिकारी मिश्रिख़ ने बताया कि इसका उद्देश्य कर्मचारियों को अच्छे कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करना है।इस घोषणा के बाद से सभी सर्वेयौर ने अच्छा काम किया है, 10 अक्टूबर के बाद सर्वश्रेष्ठ काम करने वाले सर्वेयौर को सम्मानित किया जाएगा।साथ ही जिन सर्वेयौर ने लापरवाही की है उनके विरुद्ध कार्यवाही भी प्रस्तावित की जाएगी।

## आमने-सामने की टक्कर में एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर रूप से घायल



**मलिहाबाद।** घर वापस लौट रहे एक युवक की बाइक सामने से आ रही दूसरी बाइक से टकरा गई। रविवार देर रात हुए इस भीषण हादसे में एक बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। यह दर्दनाक हादसा रहीमाबाद थाना क्षेत्र के गहदो के पास हुआ। हरदोई के हरहा गांव से अपने भांजे की शादी से लौट रहे शकील (निवासी रहटा गांव) की बाइक की टक्कर विपरीत दिशा से आ रही अनिल (निवासी उमरावल) की बाइक से हो गई। हादसे के बाद दोनों चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। रहीमाबाद पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, माल भेजा। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया। शकील को परिजन ट्रामा सेंटर ले गए, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं, गंभीर रूप से घायल अनिल का इलाज मलिहाबाद के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। उनकी हालत भी चिंताजनक बनी हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दुर्घटना के समय दोनों बाइक सवारों ने हेलमेट नहीं पहना था, जिसके कारण चोटें ज्यादा गंभीर आई और शकील की जान चली गई। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। शकील के परिवार में उनकी पत्नी रहमतुल, मां मेहरून निशा, बहन मुस्कान, और बच्चे आलिया व नदीम हैं।

## महिसेल्फ डिफेन्स कार्यशाला भदोही:- मिशन शक्तिष् के विशेष अभियान ;फ़ेज.5.0 के अंतर्गत'



**भदोही** दिनांक.06.10.2025 को बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु 90 दिवसीय शिमशन शक्तिश् के भदोही में आयोजन किया गया जेंडर एक्सपर्ट सीमा रेशमा भारती एंव प्रियंका गुप्ता द्वारा बालिकाओं को जागरूक करते हुए बताए कि स्वयं शसक्त हो जागरूक होकर अपनी सुरक्षा स्वयं करें बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी साथ ही बालिकाएं स्वयं से अपनी सुरक्षा कैसे करे बाल विवाह की आयु क्या होनी चाहिए बाल श्रम क्या हैं साथ ही महिला कल्याण विभाग की योजनाओं की भी जानकारी दी गई बालिकाओं को हमेशा अपने साथ गैर घातक विकल्पों जैसे काली मिर्च स्प्रे और व्यक्तिगत अलार्म से लेकर घातक विकल्पों जैसे रखना चाहिए बालिकाओं को अपने साथ कुछ न कुछ अपनी सुरक्षा के लिए आवश्य रखना चाहिए बालिकाओं को जानकारी प्रदान की गई उक्त कार्यक्रम में जिला मिशन कोऑर्डिनेटर रेशमा भारती प्रियका गुप्ता तथा आन्नद कुमार मौर्य एवं कार्मिक एवं बालिकाएं मौजूद रही।

# युवक को खाने वाला आदमखोर बाघ पकड़ा गया होश में आने पर पिंजड़े में दहाड़ा, अबतक तीन बाघ पकड़े जा चुके

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर में एक और बाघ पकड़ा गया है खूंखार बाघ को महोली क्षेत्र में ट्रेंकुलाइज कर पकड़ लिया गया है बाघ नरनी गांव से करीब 300 मीटर दूर पकड़ा गया है। बाघों के रिहायशी इलाकों में घूमने से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल था 22 अगस्त को बाघ ने एक युवक को अपना शिकार बनाया था गांववालों का कहना है कि इसी आदमखोर बाघ ने युवक का शिकार किया था हालांकि, वन विभाग अभी इस बारे में कुछ स्पष्ट नहीं बता पा रहा साल 2025 में अबतक 2 बाघ और एक बाघिन पकड़े जा चुके हैं गांव वालों का दावा है कि अभी भी दो शावक घूम रहे हैं। डीएफओ नवीन खंडेलवाल ने बताया कि क्षेत्र में लगातार निगरानी कर रही सीतापुर का महोली क्षेत्र, पीलीभीत के जंगलों से सटा हुआ इलाका है। पीलीभीत के जंगलों से भटकते हुए आए दिन बाघ महोली इलाका में पहुंच जाते हैं बाघों के रिहायशी क्षेत्रों में घुस आने से लोगों में दहशत हमेशा से बना रहता है बीते कुछ महीनों से बाघ का खौफ लोगों में काफी बढ़ गया था दरअसल, इलाके में कई बाघ घूमते देखे गए अगस्त महीने की 22 तारीख को बाघ ने एक युवक को अपना शिकार भी बनाया तो ग्रामीणों में खौफ और बढ़ गया लोग वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाने लगे क्षेत्र में बाघों भटककर आने की सूचना के बाद वन विभाग सक्रिय हुआ बाघ को पकड़ने के लिए दुधवा नेशनल पार्क से एक्सपर्ट डॉ. दयाशंकर और उनकी टीम को बुलाया गया टीम ने नरनी गांव से करीब 300 मीटर दूर कमांड सेंटर से नजदीक एक मचान लगाया वहीं पर बाघ को पकड़ने के लिए जाल बिछाते हुए एक जानवर को बांधा गया देर शाम को बाघ जानवर का शिकार करने आया एक्सपर्ट ने ट्रैंकुलाइजर गन से उस पर निशाना साधा बाघ कुछ ही देर में बेहोश हो गया। फिर टीम ने उसे पकड़कर पिंजड़े में कैद कर लिया पिंजड़े में कैद बाघ को देखने के लिए गांव वालों का तांता लग गया बाघ को जब होश आया तो वह गुर्राने लगा लेकिन पिंजड़े में होने की वजह से असहाय था कुछ ही देर में वन विभाग की टीम उसे लेकर इलसिया पार्क के लिए रवाना हो गई। डीएफओ नवीन खंडेलवाल ने बताया कि पकड़े गए बाघ की उम्र करीब 6 साल है और उसका वजन लगभग 220 किलो है करीब 20 दिन पहले टीम ने इसी इलाके से एक बाघिन को भी पकड़ा था जबकि 26 मई को नरनी गांव से 40 किमी दूर एक बाघ को टीम ने पकड़ा था नरनी में पकड़े गए शिकारी बाघ को गोरखपुर चिड़ियाघर में भेजा जा सकता है। बाघ के पहले इसी इलाका में पकड़ी गई बाघिन को गोरखपुर जू भेजा गया था हालांकि, डीएफओ ने बताया कि वाइल्ड लाइफ डिपार्टमेंट और अन्य एजेंसियों से अनुमति लेने के बाद ही बाघ के बारे में निर्णय लिया जा सकता है नरनी गांव के लोगों ने बताया कि बाघ का दहशत अभी खत्म नहीं हुआ है वन विभाग ने केवल बाघ और बाघिन को पकड़ा है दो शावक अभी भी इलाके में घूम रहे हैं जबतक वे पकड़े नहीं जाते तबतक खतरा बना हुआ है डीएफओ नवीन खंडेलवान ने बताया कि ग्रामीणों की आशंकी पर निगरानी लगातार जारी रहेगी!!

## जिला सहकारी बैंक का 'एम पैक्स' महा-अभियान किसानों को मिलेगी खाद की किल्लत से निजात

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मलिहाबाद।** जिला सहकारी बैंक किसानों को सशक्त बनाने के लिए एक बड़ा कदम उठा रहा है। बैंक ने हाल ही में अपने परिसर में 'एम पैक्स सदस्यता अभियान' को लेकर एक महत्वपूर्ण जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य किसानों को सहकारी समितियों से जोड़कर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। बैंक के चेयरमैन वीरेंद्र प्रताप सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी समितियों के सचिवों और अध्यक्षों से अपील की कि वे इस सदस्यता अभियान को प्राथमिकता के आधार पर चलाएँ और इसमें तेजी लाएँ। उन्होंने जोर दिया कि अधिक से अधिक किसानों को समिति का सदस्य बनाना ज़रूरी है ताकि उन्हें सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके।गोष्ठी में किसानों ने पिछले दिनों हुई डीएपी और यूरिया खाद की किल्लत की गंभीर समस्या को बैंक की एआर वैशाली सिंह के सामने रखा। इस पर एआर सिंह ने किसानों को आश्वस्त किया कि अब से समितियों में दर्ज सभी सदस्यों को आसानी से डीएपी और यूरिया खाद



उपलब्ध कराई जाएगी। यह घोषणा किसानों के लिए एक बड़ी राहत बनकर आई है।

चेयरमैन वीरेंद्र प्रताप सिंह ने डीसीएम आवेश प्रताप मौर्या, गोशाला प्रमुख उमाकांत गुप्ता, मण्डल अध्यक्ष आशीष द्विवेदी, और सभापति पंकज गुप्ता की उपस्थिति में न सिर्फ किसानों की समस्याओं को सुना, बल्कि उनका तत्काल समाधान भी सुनिश्चित किया। उन्होंने सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को भविष्य में मिलने वाले वित्तीय और अन्य लाभों की विस्तृत जानकारी भी साझा की। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में बैंक मैनेजर समेत विभिन्न समितियों के सचिव, अध्यक्ष और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। यह अभियान सहकारी बैंक की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मज़बूत करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## दबंगों के डर से पलायन! पड़ोसियों ने धमकाया, पीटाज घर छोड़ने को मजबूर हुआ परिवार

उत्तर प्रदेश के मेरठ में थाना सरूरपुर क्षेत्र के गांव जसड़ में एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच विवाद ने उस समय नया मोड़ ले लिया जब एक पक्ष ने गांव छोड़ने की घोषणा कर दी. बताया गया कि दोनों पक्षों के बीच पिछले कुछ दिनों से किसी घरेलू मुद्दे को लेकर तनाव चल रहा था. घरेली तनाव मारपीट में तब्दील हो गया. घटना के बाद एक पक्ष ने अपने घर के बाहर पलायन की सूचना लिख दी. जिस पर लिखा था 'दबंगों के डर से पलायन.' यह सूचना गांव में चर्चा का विषय बन गई. जानकारी के मुताबिक सोमवार सुबह पीड़ित पक्ष के मेहताब ने अपने परिवार के साथ और बच्चों के साथ घर छोड़ने का फैसला किया. उन्होंने एक मिनी ट्रक बुलवाया और अपने घर का पूरा सामान उसमें लाद लिया. गाड़ी में सामान लादकर उन्होंने ऐलान किया कि वह गांव छोड़ कर जा रहे हैं. जैसे ही यह बात ग्रामीणों और ग्राम प्रधान को पता चली तो तुरंत मौके पर पहुंचे और मेहताब को समझाने की कोशिश की।

## खेत में पानी लगाते समय किसान को जहरीले सांप ने डसा, मौके पर हुई मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मलिहाबाद।** रहीमाबाद थाना क्षेत्र के तिलकखेड़ा मवईकलां गांव में सोमवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया। संतोष कुमार (55) नामक किसान को अपने खेत में धान की फसल में पानी लगाते समय एक जहरीले सांप ने डस लिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

किसान ने फोन पर घरवालों को घटना की जानकारी दी, लेकिन जब तक परिजन खेत पहुंचे, बहुत देर हो चुकी थी। संतोष कुमार दोपहर करीब 2 बजे अपने खेत में काम कर रहे थे, तभी सांप ने उन पर दो बार हमला किया। घरवालों को खबर मिलते ही हड़कंप मच गया और वे तुरंत खेत की ओर भागे। हालांकि, उनके पहुंचने से पहले ही संतोष कुमार ने दम तोड़ दिया।

इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। किसान की अचानक हुई मौत से उनके परिवार में कोहराम मच गया है। मृतक किसान के परिवार में उनकी पत्नी रामरती और पाँच बच्चे–तीन बेटे विशाल, मनीष, अनीश, और दो बेटियां मौशमी, मोहिनी– शामिल हैं।



पूरे गांव में इस दुखद घटना के बाद शोक का माहौल है।

# 2 साल से कम उम्र के बच्चों को खांसी की सिरप पर बैन....छत्तीसगढ़ के सभी जिलों को निर्देश जारी

● **भारत सरकार के स्वास्थ्य सचिव द्वारा 5 अक्टूबर को आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस के बाद छत्तीसगढ़ में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने भी निगरानी और कार्रवाई को तेज कर दिया है. राज्यभर में औषध निर्माण इकाइयों का जोखिम-आधारित निरीक्षण (Risk-Based Inspection) करने हेतु औषधि निरीक्षकों के दल गठित किए गए हैं**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने एक महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि दो वर्ष से कम आयु के बच्चों को किसी भी प्रकार की खांसी की सिरप या सर्दी-जुकाम की दवाएं नहीं दी जानी चाहिए. साथ ही, यह दवाएं सामान्यतः पाँच वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए भी अनुशंसित नहीं हैं. यह कदम शिशुओं को संभावित दुष्प्रभावों से बचाने और उनके स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है।

एडवाइजरी जारी होते ही छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य विभाग ने तत्परता से कार्यवाही करते हुए सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों (CMHO) तथा सिविल सर्जनों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए हैं. सभी शासकीय और निजी स्वास्थ्य संस्थानों को निर्देशित किया गया है कि भारत सरकार की इस गाइडलाइन का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें।

### जिलास्तरीय विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश

साथ ही आयुक्त स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा इस संबंध में एक उच्चस्तरीय वीडियो कॉन्फ्रेंस आयोजित कर सभी जिलास्तरीय विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि खांसी या सर्दी की दवाओं का उपयोग केवल चिकित्सकीय परामर्श पर आधारित होना चाहिए, तथा इस संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

विशेषज्ञों के अनुसार अधिकांश मामलों में बच्चों में खांसी-जुकाम जैसी सामान्य बीमारियाँ अपने आप ठीक हो जाती हैं और इसके लिए दवा देना आवश्यक नहीं होता. इसलिए आम जनता को भी डॉक्टर की सलाह के बिना बच्चों को दवाएं न देने के प्रति जागरूक किया जाएगा।

### कड़ी निगरानी में है औषधि आपूर्ति प्रणाली

छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन (सीजीएमएससी) से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिन दो कंपनियों के विरुद्ध अन्य राज्यों में कार्रवाई की गई है, उनकी राज्य में




किसी भी प्रकार की सरकारी आपूर्ति नहीं रही है. ये कंपनियाँ सीजीएमएससी के डेटाबेस में पंजीकृत भी नहीं हैं. यह तथ्य राज्य में सरकारी स्तर पर आपूर्ति श्रृंखला की पारदर्शिता और सतर्कता की पुष्टि करता है।

### निर्माण इकाइयों और निजी औषधालयों का निरीक्षण तेज

प्रदेश के सभी सहायक औषधि नियंत्रकों और औषधि निरीक्षकों को पत्र जारी कर निर्देशित किया गया है कि वे सभी औषधि विक्रय संस्थानों का तत्काल निरीक्षण करें, ताकि एडवाइजरी के उल्लंघन की कोई संभावना न रहे. इसके साथ ही निजी फार्मेसियों का आकस्मिक निरीक्षण भी किया जा रहा है. इन कार्यवाहियों का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बच्चों के संदर्भ में किसी भी प्रकार की दवाओं का अनुचित या असावधानीपूर्वक उपयोग पूर्णतः बंद हो. स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा अभिभावकों से अनुरोध किया गया है कि वे बिना चिकित्सकीय परामर्श के अपने बच्चों को कोई भी दवा न दें।

# उत्तरप्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरने का आयोजन!

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मुजफ्फरनगर।** आज दिनाँक 06/10/2025 को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद मुजफ्फरनगर द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरने का आयोजन जिला संरक्षक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष शिवकुमार यादव के निर्देशन में किया गया। धरने की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ0 अमित कुमार जैन तथा संचालन जिला मंत्री अरुण कुमार ने किया। जिला अध्यक्ष डॉ अमित कुमार जैन ने बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक तथा वित्त एवं लेखा अधिकारी (माध्यमिक)के कार्यालय पर लंबे समय से विभिन्न प्रकरण लम्बित हैं बार-बार कहने के बाद भी आज तक उन प्रकरणों का अद्यतन निराकरण नहीं हो पाया है जिससे जनपद के शिक्षक/शिक्षिकाओं में भारी रोष व्याप्त हो गया है, उसी की परिणिति स्वरूप आज से अनिश्चितकालीन धरने का आयोजन किया जा रहा है।

जिला संरक्षक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष शिवकुमार यादव ने बताया कि जनपद के पदोन्नति पाए शिक्षक/शिक्षिकाओं के कई माह बीत जाने के बाद भी वेतन निर्धारण का कार्य वित्त एवं लेखा अधिकारी (माध्यमिक) के द्वारा अब तक भी लम्बित है तथा विभिन्न प्रकार की अनावश्यक आपत्ति लगाकर फाइलों को लौटाया जा रहा है। जिला मंत्री अरुण कुमार ने बताया कि 01 अप्रैल 2005 के पूर्व विज्ञापनों से पुरानी पेंशन में आए जनपद के लगभग 100 से अधिक शिक्षक/शिक्षिकाओं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का अब तक जी0पी0एफ0 कैलकुलेशन करने वाला आदेश जिला विद्यालय निरीक्षक महोदय के कार्यालय से निर्गत नहीं किया गया है। जिला कोषाध्यक्ष संजय कुमार मोघा ने बताया कि नोशनल इंक्रीमेंट के 100 से अधिक प्रकरण 1 वर्ष बीत जाने के बाद भी जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर लम्बित है।

# साहब। मेरी पत्नी रात में मुझे नागिन बनकर डराती है समाधान दिवस पर पति ने लगाई एसडीएम से गुहार, दो साल पहले हुई थी शादी

● **साहब...। मेरी पत्नी मुझे रात में नागिन बनकर डराती है कई बार जान से मारने की कोशिश कर चुकी है पर आंख खुल जाने के कारण सफल नहीं हो सकी है मुझे मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रही है मेरी पत्नी कभी भी सोते समय मुझे जान से मार सकती है।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर** जनपद सीतापुर के रहने वाले मेराज ने जब समाधान दिवस के दौरान ये आपबीती डीएम को सुनाई तो सभी चौंक पड़े फरियादी की इस अनोखी शिकायत को सुनकर वहां मौजूद सभी अधिकारी हैरान रह गए पति ने कहा- मैं अपनी पत्नी की हरकतों से बहुत परेशान हूं ऐसी घटनाओं के कारण रातभर सो नहीं पाता हूं बहुत ही डरा-सहमा हूं मेरी पत्नी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। मामला महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के लोधासा गांव का है पति की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने थाने को जांच का आदेश दिया है पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है महमूदाबाद तहसील क्षेत्र के लोधासा गांव निवासी मेराज (45) की राजपुर थाना क्षेत्र के लालपुरी मजरा अंतर्गत धानगांव निवासी नसीमुन (40) से वर्ष 2023 में शादी हुई थी। शादी के कुछ दिन के बाद ही दोनों के बीच झगड़े होने लगे शनिवार को तहसील में आयोजित समाधान दिवस कार्यक्रम में मेराज पहुंचा और डीएम को लिखित शिकायत करते हुए उसने बताया- मेरी पत्नी मुझे जान से मारना चाहती है रात में नागिन बनकर डराती है कभी भी मेरी हत्या कर सकती है मेराज की शिकायत सुनकर डीएम अभिषेक आनंद, एसडीएम बालकृष्ण सिंह समेत समाधान दिवस में मौजूद सभी अधिकारी पहले तो चौंक गए मेरा की पूरी बात सुनने के बाद डीएम के आदेश पर एसडीएम महमूदाबाद ने तत्काल थाने को मामले की जांच का आदेश दिया मेराज ने बताया- पत्नी की हरकतों की वजह से वह काफी डरा हुआ है मानसिक रूप से परेशान हो गया है। हत्या के डर से पिछली कई रातों से ठीक से सो भी नहीं पा रहा है उसे डर है कि पत्नी कभी भी रात में सोते समय हत्या कर सकती है मेराज ने बताया- शुरुआत में मुझे लगा पत्नी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है तो मैंने झाड़-फूंक कराया पर उसकी आदतें नहीं सुधरीं इसके बाद मैंने



शिकायत की मेरी पक्ष ने भी मेरे खिलाफ शिकायत की है। पर पुलिस सिर्फ उसकी शिकायत पर जांच करके एक पक्षीय कार्रवाई कर रही है मेराज ने बताया- शादी के बाद काफी प्रयास के बावजूद उन्हें अब तक कोई संतान नहीं है वह खेती करके परिवार का भरण-पोषण करता है बहन की शादी हो चुकी है वह अकेले ही बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल करता है इस पर भी पत्नी आपत्ति जताती है एसडीएम महमूदाबाद बालकृष्ण ने बताया- समाधान दिवस के दौरान एक पति ने पत्नी के खिलाफ लिखित शिकायत की थी कोतवाली प्रभारी को जांच के आदेश दिए गए हैं। जांच के बाद ही हकीकत सामने आएगी वहीं महमूदाबाद कोतवाली प्रभारी अनिल सिंह ने बताया- पति-पत्नी को परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया है जहां दोनों पक्ष की बातें सुनी जाएंगी इसके बाद आगे की कार्रवाई होगी!!

## दूध व्यापारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत पुलिया के नीचे मिला शव इलाके में फैली सनसनी

● **गांव के दो व्यक्तियों पर हत्या का आरोप पुरानी रंजिश में वारदात की आशंका**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर** जनपद सीतापुर के सकरन थाना क्षेत्र के उल्लहा गांव में रविवार की देर रात एक दूध व्यापारी अधेड़ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है गांव निवासी नसीम (50) पुत्र जमालुद्दीन का शव रसूलपुर गांव के पास खेत में बनी पुलिया से बरामद हुआ परिजनों ने रसूलपुर के ही दो व्यक्तियों पर पुरानी रंजिश के चलते हत्या का आरोप लगाया है। घटना के बाद से गांव में सनसनी फैल गई है जानकारी के अनुसार, नसीम बीती शाम दूध लेकर रसूलपुर स्थित डेरी गया था देर रात तक घर न लौटने पर परिवारजन और ग्रामीण उसकी तलाश में निकल पड़े खोजबीन के दौरान ग्रामीणों ने रसूलपुर के पास खेतों में बनी पुलिया में नसीम का शव पड़ा हुआ देखा शव की सूचना मिलते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की खबर पुलिस तक पहुंची तो सकरन थाना प्रभारी नवनीत मिश्रा दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे पुलिस ने शव को पुलिया से बाहर निकलवाकर कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया इधर, परिजनों ने आरोप लगाया कि नसीम की हत्या रसूलपुर निवासी हरकेश और स्वरूफे ने की है परिजनों का कहना है कि इन दोनों से नसीम का पुराना विवाद चल रहा था और उसी रंजिश में हत्या



की गई है उन्होंने पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष नवनीत मिश्रा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि हो पाएगी उन्होंने कहा कि परिजनों के आरोपों और जांच के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी अधेड़ की मौत से गांव में शोक और गुस्से का माहौल है फिलहाल पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है!!

# बर्डपुर में उत्साहपूर्ण अनुशासन में निकला पथ संचलन, भरी संख्या में कार्यकर्ताओं ने लिया हिस्सा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने पर बर्डपुर खण्ड के न्याय पंचायत बर्डपुर नंबर 8 में स्वयंसेवकों ने पथ संचलन किया। अनुशासन और उत्साह के साथ हजारों स्वयंसेवकों ने भाग लिया जिनका लोगों ने पुष्प वर्षा से स्वागत किया। घोष की धुन पर पूर्ण गणवेश में कदमताल करते हुए हजारों स्वयंसेवकों ने करीब तीन किमी के पथ संचलन में भाग लिया तथा बड़ी संख्या में स्वयंसेवक इसकी व्यवस्था में लगे। पथ संचलन को देखने के लिए लोग सड़क किनारे उमड़े।

पथ संचलन में बाल से लेकर प्रौढ़ स्वयंसेवक शामिल रहे। वयोवृद्ध स्वयंसेवकों का उत्साह देखते ही बन रहा था। वहीं इस दौरान मुख्य वक्ता विभाग सह कार्यवाह



हरिश्चंद्र अग्रहरि ने संघ के उद्देश्य और शताब्दी वर्ष के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शताब्दी वर्ष की अनुभूति हर स्वयंसेवक में नई ऊर्जा व दायित्व का बोध करा रही है। विजयदशमी पर वर्ष 1925 में नागपुर में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी।

इस दौरान जिला कार्यवाह शिवेंद्र सिंह, खण्ड कार्यवाह आनंद अविनाश, पूर्व मंडल अध्यक्ष नितेश पाण्डेय, सबलू साहनी, रामकुमार जायसवाल, दिलीप मोदनवाल, विजय जायसवाल, सत्येंद्र दूबे, डॉ मयंक, एस के सिंह, डॉ पी पी उपाध्याय, सूर्यप्रकाश, आशीष मिश्र, जय सिंह यादव, राजकमल जायसवाल, राजू जायसवाल, फूलचंद्र, जितेंद्र जायसवाल, अजय उपाध्याय, राजेंद्र विश्वकर्मा, पुनीत जायसवाल, श्रवण दुबे, मंगलेश शुक्ला, विजय जायसवाल, प्रदीप गोस्वामी, मनीष कुमार, कुशल कुमार, जयराम, विनय वर्मा, महेश कुमार, राजकुमार चौधरी, दिलीप कन्नौजिया सहित भारी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## लापरवाही या कामचोरी! UP की स्कूलों से 'डिजिटली लापता' हुए 10,569 बच्चे, RTE का सपना कैसे होगा पूरा?




उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग में एक गंभीर लापरवाही सामने आई है, जहां लखनऊ के 1,618 प्राइमरी स्कूलों में नामांकित करीब 1.75 लाख बच्चों में से 10,569 बच्चे यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन (UDISE+) पोर्टल के 'ड्रॉप बॉक्स' में अटके हुए हैं. ये बच्चे बीच सत्र में पढ़ाई छोड़ चुके हैं या पास होकर अगली कक्षा में शिफ्ट हो गए हैं, लेकिन नए स्कूलों ने उनका डेटा पोर्टल पर डाला नहीं गया है. नतीजतन, ये 'डिजिटल रूप से लापता' हो गए हैं. विभागीय अधिकारी अब इन बच्चों को खोजने के लिए शिक्षकों पर भारी दबाव डाल रहे हैं, यहां तक कि वेतन रोकने की चेतावनी तक दे रहे हैं।

UDISE+ पोर्टल शिक्षा मंत्रालय का एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जो छात्रों का नामांकन, ट्रांसफर, ड्रॉपआउट और प्रोग्रेशन ट्रैक करता है. हर बच्चे का डिजिटल डेटा, जैसे पिन नंबर, आधार, जन्मतिथि इसमें दर्ज होता है. जब कोई बच्चा नया स्कूल जॉइन करता है, तो नए स्कूल को 'ड्रॉप बॉक्स' से उनका विवरण आयात करना होता है, जिससे डेटा स्वचालित रूप से अपडेट हो जाता है. लेकिन 27 सितंबर को बेसिक शिक्षा अधिकारी (BSA) कार्यालय ने चिन्हित किया कि नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में 10,569 बच्चों का डेटा अभी भी ड्रॉप बॉक्स में पड़ा है. सबसे अधिक प्रभावित चिनहट ब्लॉक है, जहां 1,691 बच्चे अटके हैं। ये आंकड़े न केवल विभाग की डिजिटल साक्षरता की कमी उजागर करते हैं, बल्कि बच्चों की शिक्षा की निरंतरता पर भी सवाल खड़े करते हैं. विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे डेटा गैप से सरकारी योजनाओं जैसे मिड-डे मील, छात्रवृत्ति या RTE (राइट टू एजुकेशन) जैसी योजनाएं प्रभावित होती हैं।

# त्याग, बलिदान और दूरदृष्टि के युगपुरुष—गुरु गोबिंद सिंह

**जहाँ शक्ति और भक्ति मिले—वही गुरु गोबिंद सिंह**

जब शौर्य, अध्यात्म और त्याग का अद्भुत संगम एक व्यक्तित्व में साकार होता है, तो वह न केवल नायक, अपितु युगपुरुष के रूप में इतिहास के पन्नों पर अमर हो जाता है। गुरु गोबिंद सिंह जी ऐसे ही युगपुरुष थे, जिनका जीवन धर्म की रक्षा तक सीमित नहीं था, बल्कि मानवता, न्याय और आत्मसम्मान का प्रबल संदेश देता है। 7 अक्टूबर 1708 को नांदेड़ में उनकी शहीदी तिथि, केवल एक घटना नहीं, बल्कि उनके अमर आदर्शों और चिंतन की सशक्त गूँज है, जो आज भी उतनी ही प्रासंगिक और प्रेरणादायी है, जितनी तीन शताब्दियों पूर्व थी। उनकी पुण्यतिथि सिख समुदाय ही नहीं, अपितु समस्त विश्व के लिए एक पवित्र अवसर है, जो हमें उनके जीवन की उन गहन और प्रायः अनछुई गहराइयों को समझने का अवसर प्रदान करता है, जो सामान्य चर्चाओं में अक्सर ओझल रहती हैं। गुरु गोबिंद सिंह जी का जन्म उस युग में हुआ, जब भारत मुग़ल शासन के अंधकार और धार्मिक उत्पीड़न के बोझ तले दबा था। सामाजिक असमानता और अन्याय ने समाज की नींव को खोखला कर दिया था। उनके पिता, गुरु तेग बहादुर जी, ने कश्मीरी पंडितों की रक्षा हेतु अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया। मात्र नौ वर्ष की आयु में गुरु बनने वाले गोबिंद राय, जो बाद में गुरु गोबिंद सिंह के रूप में विख्यात हुए, ने इस पवित्र विरासत को न केवल संभाला, बल्कि इसे एक नई दिशा और ऊँचाई प्रदान की। उनकी असाधारण विशेषता थी युद्ध और शांति, तलवार और कलम, भक्ति और शक्ति का अनुपम समन्वय। उनकी रचनाएँ, जैसे दसम ग्रंथ में संकलित 'ज़फ़रनामा' और 'चंडी दी वार', केवल साहित्यिक कृतियाँ नहीं, बल्कि साहस, नैतिकता और आत्मिक जागृति का शंखनाद हैं। 'ज़फ़रनामा' (विजय पत्र) में औरंगज़ेब को लिखा उनका पत्र एक ऐतिहासिक दस्तावेज़ है, जो सत्य की निर्भीक अभिव्यक्ति और नैतिक दृढ़ता का प्रतीक है। कम लोग जानते हैं कि इस पत्र में उन्होंने न केवल मुग़ल सम्राट की क्रूरता का दर्पण दिखाया, बल्कि उसे धर्म, नैतिकता और मानवीय मूल्यों का पाठ भी पढ़ाया। 1699 की बैसाखी पर खालसा पंथ की स्थापना गुरु गोबिंद सिंह जी का वह क्रांतिकारी कदम था, जिसने न केवल सिख इतिहास, बल्कि विश्व इतिहास को एक नई दिशा दी। यह केवल सैन्य संगठन नहीं था, अपितु एक सामाजिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक क्रांति थी, जिसने मानवता को शुद्धता, समानता और साहस का मार्ग दिखाया। 'खालसा' अर्थात् शुद्ध, वह जो न केवल आत्मा, बल्कि विचार, कर्म और जीवन से पवित्र हो। पंज प्यारों का चयन—एक ब्राह्मण, एक क्षत्रिय और तीन शूद्र वर्ग से—जाति और वर्ग की दीवारों को ध्वस्त करने का सशक्त संदेश था। कम लोग जानते हैं कि गुरु ने खालसा पंथ में महिलाओं को भी समान दर्जा प्रदान किया। सिख महिलाओं को 'कौर' अर्थात् राजकुमारी की उपाधि देकर उन्होंने नारी को सामाजिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त किया। उस युग में, जब नारी को हाशिए पर रखा जाता था, यह कदम क्रांतिकारी था और समानता का अमर संदेश देता है। गुरु गोबिंद सिंह जी का जीवन केवल युद्ध और वीरता तक सीमित नहीं था; उनकी पर्यावरणीय और सामुदायिक चेतना भी उतनी ही प्रेरणादायी थी। आनंदपुर साहिब में उन्होंने न केवल सैन्य प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए, बल्कि एक ऐसे समुदाय का निर्माण किया, जहाँ शिक्षा, कला, धर्म और संस्कृति का अनुपम समन्वय था। उनकी रचनाएँ, जैसे दसम ग्रंथ की काव्य रचनाएँ, प्रकृति के सौंदर्य और मानवीय मूल्यों के बीच गहन संतुलन को दर्शाती हैं। ये रचनाएँ आज के पर्यावरणीय संकट के दौर में भी प्रासंगिक हैं, जो हमें प्रकृति और मानवता के सह-अस्तित्व की सीख देती हैं। उनकी शिक्षाएँ समाज को आत्मनिर्भर, संगठित और नैतिक बनाने का आह्वान करती थीं, जो युद्ध के मैदान से लेकर शांतिपूर्ण जीवन तक समान रूप से लागू होती थीं। उनके जीवन का सबसे मार्मिक और प्रेरणादायी पहलू था उनका असीम त्याग। चार साहिबजादों—अजित सिंह, जुझार सिंह, ज़ोरावर सिंह और फतेह सिंह—का बलिदान विश्व इतिहास में अनुपम है। चमकौर के युद्ध में बड़े साहिबजादों ने अप्रतिम वीरता का प्रदर्शन किया, तो छोटे साहिबजादों ने सरहिंद में दीवारों में चिनवाए जाने के बावजूद धर्म और सत्य पर अटल रहकर मानवता को एक अमर प्रेरणा दी। गुरु की पत्नियाँ, माता सुंदरी और माता साहिब कौर, ने इस अथाह दुख को सहन किया, पर गुरु का हृदय कभी नहीं डगमगाया। उनकी उक्ति—"चार मुए तो क्या हुआ, जीवत कई हजार"—केवल शब्द नहीं, बल्कि एक युगपुरुष की अटूट आस्था, सामूहिक चेतना और मानवता के प्रति समर्पण का प्रतीक है। कम लोग इस तथ्य पर ध्यान देते हैं कि गुरु ने अपने परिवार के बलिदान को व्यक्तिगत क्षति के रूप में नहीं, बल्कि समस्त मानवता के लिए एक प्रेरणास्रोत के रूप में देखा। यह उनकी दूरदृष्टि और महानता का प्रमाण है, जो हमें सिखाता है कि सत्य और न्याय के लिए किया गया त्याग कभी व्यर्थ नहीं जाता। नांदेड़ में गुरु गोबिंद सिंह जी के अंतिम दिन उनकी दार्शनिक गहनता और आध्यात्मिक ऊँचाइयों के साक्षी हैं। गुरु ग्रंथ साहिब को शाश्वत गुरु घोषित करने का उनका ऐतिहासिक कदम उनकी दूरदर्शिता और सत्य के प्रति अटूट निष्ठा का प्रतीक था। यह निर्णय दर्शाता है कि सत्य और ज्ञान किसी एक व्यक्ति तक सीमित नहीं, बल्कि शास्त्र की पवित्र वाणी और सामूहिक चेतना में सदा जीवंत रहते हैं। कम लोग इस तथ्य पर ध्यान देते हैं कि अपने अंतिम क्षणों में भी गुरु ने युद्ध और शांति के



बीच अद्भुत संतुलन बनाए रखा। वास्की के विश्वासघाती हमले में गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद, उन्होंने क्षमा और शांति का मार्ग अपनाया, पर साथ ही अपने अनुयायियों को अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध सदा सजग और संघर्षरत रहने का अमर संदेश दिया। गुरु गोबिंद सिंह जी का जीवन केवल सिख इतिहास का गौरवशाली अध्याय नहीं, बल्कि समस्त मानवता के लिए एक प्रेरणादायी महाकाव्य है। उनकी शिक्षाएँ—जो साहस, समानता, आत्मसम्मान और मानवता की सेवा पर आधारित हैं—आज भी उतनी ही प्रासंगिक और प्रबल हैं। उनकी पुण्यतिथि, 7 अक्टूबर, हमें न केवल उनके बलिदानों की स्मृति दिलाती है, बल्कि यह आह्वान भी करती है कि धर्म का सच्चा अर्थ है सत्य और न्याय के लिए डटकर खड़ा होना, भले ही इसके लिए सर्वस्व का त्याग करना पड़े। उनकी विरासत एक चिरस्थायी दीपस्तंभ है, जो अंधकारमय समय में भी मार्गदर्शन करता है और हमें अन्याय के खिलाफ निर्भीकता से आवाज़ उठाने की प्रेरणा देता है। गुरु गोबिंद सिंह जी का जीवन हमें सिखाता है कि जीवन का वास्तविक मूल्य सांसारिक सुख-संपत्ति में नहीं, बल्कि सिद्धांतों की अडिगता और मानवता की निःस्वार्थ सेवा में निहित है। उनकी यह प्रेरणा हर युग में, हर मनुष्य को, सत्य और न्याय के पथ पर चलने का साहस प्रदान करती है।

**प्रो. आरके जैन**

# देश की जनसंख्या प्रगति का पैमाना या अवरोध की अवधारणा



भारत की जनसंख्या अब मात्र एक आँकड़ा नहीं, बल्कि एक चुनौती और अवसर दोनों का प्रतीक बन चुकी है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2023 में भारत ने लगभग 142.86 करोड़ (1.4286 अरब) की आबादी के साथ चीन को पीछे छोड़ते हुए विश्व का सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश बनने का गौरव प्राप्त किया। लेकिन यह उपलब्धि जितनी गौरवशाली है, उतनी ही चिंताजनक भी। जनसंख्या वृद्धि दर अभी लगभग 0.81 % है और कुल प्रजनन दर 2.0 पर स्थिर हो गई है, जो प्रतिस्थापन दर (2.1) के करीब है। भारत की लगभग 68 % आबादी कार्यशील आयु वर्ग (15-64 वर्ष) में है, जो विश्व की सबसे बड़ी युवा शक्ति का निर्माण करती है। यह स्थिति भारत के लिए "जनसंख्या लाभांश" का अवसर प्रस्तुत करती है, बशर्ते कि इसे शिक्षा, कौशल और रोजगार की दिशा दी जाए। यदि यह जनसंख्या शिक्षित, प्रशिक्षित और उत्पादक बनी तो यही भारत को आर्थिक महाशक्ति बना सकती है, परंतु यदि यही जनसंख्या बेरोज़गारी, अशिक्षा और संसाधनों के अभाव में उलझी रही, तो यही राष्ट्र के लिए बोझ भी बन सकती है। नंतभारत की सबसे बड़ी चुनौती यही है कि प्रत्येक वर्ष लाखों युवक श्रमबाज़ार में प्रवेश करते हैं, परंतु उनके लिए पर्याप्त रोजगार के अवसर नहीं बन पाते। पीरियाडिक लेबर फोर्स सर्वेक्षण (ब्ख्ख्त्र) 2023-24 के अनुसार 15 वर्ष से ऊपर की आबादी में बेरोज़गारी दर 3.2 % रही, जबकि युवाओं (15-29 वर्ष) में यह बढ़कर 10.2 % तक जा पहुँची। कार्यशील आयु वर्ग में लगभग 64.33 करोड़ लोग हैं, परंतु संगठित क्षेत्र में उनका समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा।

उदाहरण के तौर पर किसी ग्रामीण क्षेत्र के दस हज़ार युवा जब शहरों की ओर रोज़गार की तलाश में जाते हैं, तो उनमें से मुश्किल से दो हज़ार को ही अस्थायी या कम वेतन वाली नौकरी मिल पाती है। शेष बेरोज़गार या असंगठित क्षेत्र में अल्प आय पर कार्यरत रह जाते हैं। परिणामस्वरूप गरीबी, कुपोषण और सामाजिक तनाव की स्थिति बढ़ती है, जो राष्ट्र की विकास गति को धीमा करती है। भारत की विशाल जनसंख्या के कारण जल, भूमि, ऊर्जा और खनिज जैसे प्राकृतिक संसाधनों पर असंतुलित दबाव बढ़ता जा रहा है। बढ़ती आबादी के साथ इनका अति-दोहन जल संकट, भूमि क्षरण और ऊर्जा की कमी जैसी गंभीर समस्याएँ उत्पन्न कर रहा है। महानगरों में रोजगार की तलाश में पलायन से झुग्गी-झोपड़ियाँ फैल रही हैं, यातायात और प्रदूषण का संकट बढ़ रहा है तथा जीवन स्तर गिरता जा रहा है। बढ़ती जनसंख्या का सबसे बड़ा प्रभाव पर्यावरण पर पड़ता है – प्रदूषण, वनों की कटाई, कचरे का बढ़ता ढेर और ग्रीनहाउस गैसों का अत्यधिक उत्सर्जन अब चिंता का वैश्विक विषय बन चुका है। जब समाज का बड़ा हिस्सा भोजन, आवास, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी आवश्यकताओं से वंचित रहता है, तो स्वाभाविक रूप से असंतोष, असुरक्षा और अपराध में वृद्धि होती है, जिससे सामाजिक समरसता कमजोर पड़ती है। चीन ने इस समस्या के समाधान के लिए "वन चाइल्ड पॉलिसी" जैसी कठोर नीति अपनाई थी, जबकि भारत ने लोकतांत्रिक व्यवस्था के अनुरूप परिवार नियोजन, जागरूकता और स्वैच्छिक नियंत्रण की नीति को अपनाया। किंतु ग्रामीण और अशिक्षित क्षेत्रों में अब भी पर्याप्त जागरूकता का अभाव है। जनसंख्या नियंत्रण में शिक्षा, विशेषकर महिला शिक्षा, सबसे प्रभावी माध्यम सिद्ध हो सकती है। एक शिक्षित महिला न केवल स्वयं जागरूक होती है बल्कि पूरे परिवार को सही दिशा देती है।

सरकार द्वारा चलाए जा रहे कौशल विकास अभियान, स्टार्टअप इंडिया, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना और आत्मनिर्भर भारत अभियान जैसी योजनाएँ युवाओं को आत्मनिर्भर और उत्पादक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। यदि इन योजनाओं का लाभ गाँव-गाँव तक पहुँचे तो रोजगार सृजन की प्रक्रिया तीव्र हो सकती है। भारत में विकास को संतुलित बनाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर और आधारभूत संरचना को मजबूत करना आवश्यक है, जिससे पलायन पर नियंत्रण हो सके और शहरी क्षेत्रों पर बढ़ता बोझ घटे। स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुँच और गुणवत्ता में सुधार कर मातृ-शिशु मृत्यु दर घटानी होगी। वर्ष 2024 में भारत की मातृ मृत्यु दर अब भी 97 प्रति एक लाख जीवित जन्म है और शिशु मृत्यु दर 27 प्रति हज़ार के आसपास है। इन आंकड़ों में सुधार किए बिना "स्वस्थ भारत" का सपना अधूरा रहेगा। जनसंख्या की समस्या केवल संख्याओं की नहीं बल्कि गुणवत्ता की समस्या है।

एक शिक्षित, स्वस्थ और रोजगारयुक्त जनसंख्या ही राष्ट्र के विकास की गति को तीव्र कर सकती है। इसलिए आवश्यक है कि जनसंख्या को केवल बोझ न समझा जाए, बल्कि अवसर के रूप में देखा जाए। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और जनसंख्या नियंत्रण की एकीकृत नीति ही इस अवसर को शक्ति में बदल सकती है। भारत की यह जनसंख्या वास्तव में एक दोधारी तलवार है – यदि इसे दिशा, दृष्टि और अवसर मिले तो यही भारत को विश्वशक्ति बना सकती है; और यदि यह अनियंत्रित रही तो यही देश की प्रगति की सबसे बड़ी बाधा सिद्ध हो सकती है। अब समय आ गया है कि हम "संख्या की भीड़" को "सक्षम शक्ति" में परिवर्तित करें। तभी यह भूमि अपने जनसमुदाय के भार से नहीं, बल्कि उनकी ऊर्जा से आलोकित होगी – और भारत अपने जनबल से जगत में "विकासशील" से "विकसित राष्ट्र" बनने की दिशा में अग्रसर होगा।

**संजीव ठाकुर**

# योगी का ऐंटी रोमियो दस्ता महिला शक्ति का मजबूत पहरेदार

योगी आदित्यनाथ उतरप्रदेश के मुख्यमंत्री बनने के तीन दिनों के भीतर ऐंटी रोमियो दस्ते के नाम से बनी पुलिस की छापामार टीमें सार्वजनिक स्थलों से लपंटो को खदेड़ने में जुटी थी।जोकि आज दिन ऐंटी रोमियो स्क्वायड नारी शक्ति की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल रही है।प्रदेश में महिलाओ और बेटियों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ा जा रहा है।महिलाओ और बेटियों को स्वावलम्बी और आत्मनिर्भर बनाने के साथ सुरक्षा का माहौल उपलबन्ध कराने के लिए योगी की मिशन शक्ति 5.0 अभियान चलाने की शुरुआत की गई है।मुख्यमंत्री ने नवरात्र के पहले दिन मिशन शक्ति 5.0की शुरुआत की गई थी।योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में यूपी पुलिस ने पूरे यूपी में अभूतपूर्व अभियान चलाया,जिसके परिणाम स्वरूप महिलाओ की सुरक्षा व्यवस्था और जनसहभागिता दोनो में उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिली है।।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा रही है कि बचपन से लेकर जवानी तक हर लड़की की रखवाली राज्य के अधीन रहती है।कोई भी सरकार लक्ष्य से हट नही सकती।उतरप्रदेश में 2017 में भाजपा की सरकार बनने के बाद सभी 1,500 थानों में गठित नए दस्ते की सनसनी फैला दी थी।शुरुआत के दौर में योगी की शक्ति से अनभिज्ञ रोड रोमियो पुलिस की कार्यवाही को गौण समझते थे।लेकिन धीरे धीरे ऐंटी रोमियो पर शिकंजा कसने लगा और सूबे में गुंडागर्दी कम होने लगी।प्रदेश में उस दौर में सनसनी फैला दी,जैसे ऐसा लगता था कि कबूतरों के बीच बिल्ली को छोड़ दिया गया हो।ऐंटी रोमियो हवा की तरह आते है।अभी भी रोड रोमियो स्क्वायड से थर थर कांपते है।शुरू में करीब दो हजार नौजवानों को धर दबोचा।योगी ने उन रोमियो को पकड़ा,जिनके बाल लंबे,कुछ स्कूल और कॉलेज के पास पाए गए और कुछ यूं ही भटक रहे थे।इनको घेर कर सरकार ने अच्छे संकल्प दिलवाया गया।कुछ मामलों में तो उठक बैठक करवाई गई। भारत दोराहे पर खड़ा है।एक तरफ यथास्थितिवादी ग्रामीण समाज और दूसरी तरफ शहरी समाज आधुनिकता, निजी प्रगति और नए तरह के सामाजिक रिश्तों की ओर कदम बढ़ा रहा है।बढ़ती फैशन और शरीर पर कम होती पोशाकें जीवन की वास्तविकता को कोसो पीछे छोड़कर नए जमाने की दहलीज पर कदम रखने वाले युवक युवतियों को समझ नही आ रहा है कि वे कैसे पेश आए। देश मे औरतों के लिए सबसे असुरक्षित राज्यो में एक उतरप्रदेश के लिए सबसे बड़ा सिरदर्द था।वर्तमान में सूबे के काफी हालात सुधरे है।महिलाएं,बालिका कही पर आवागमन कर सकती है।यहां तक रात में भी किसी अकेली महिलायें और बेटियां सुरक्षित है।उतरप्रदेश में महिलाओ के खिलाफ होने वाले अपराधों में काफी कमी आई है।2017 का दौर भयंकर रहा है।2017 पहले महिलाओ और बच्चियों के साथ आए दिन अपहरण, दुष्कर्म और हत्या जैसी घटना सामान्य बात थी।लेकिन वह भूतकाल की बात है।अपराध इतना बढ़ गया था कि महिलाएं घरों में भी सुरक्षित नही थी।औरतों को चार दिवारी के भीतर अपराध का शिकार होना पड़ता था ।यह बीते कल की बात है।लेकिन आज महिलाओं के साथ नही होता है।उतरप्रदेश के शक्त शासन के माध्यम से यूपी की कायापलट कर दी है।दहेज, हत्या,सामुहिक बलात्कार,अगवा और फिरौती,यौन उत्पीड़न जैसी घटनाएं पूर्व सरकार में घटित होती थी।योगी ने सर्वप्रथम ऐंटी रोमियो को ठीक करने के लिए सिर्फ छेड़छाड़ पर ही फ़ोकस किया गया था,क्योंकि चारदीवारी के भीतर घरेलू हिंसा होती है। लेकिन सार्वजनिक स्थलों पर बेहूदगी तो चलन बन गया था।सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए यूपी पुलिस हर तरह की प्रवृत्ति कर रही है ।सड़को पर रोमांस करने वालो पर चालान




किये जा रहे है,जिससे उपरोक्त घटनाएं कम हो रही है।पुलिस रचनात्मक संदेश और अभियानों का उपयोग कर रही है।एनसीआरबी के अनुसार यूपी में साम्प्रदायिक हिंसा बिलकुल खत्म हो चुकी है।यूपी में अपराध एक चौथाई कम है।राज्य के हालात तेजी से सुधरे है।जिसमे राज्य सरकार की सख्ती का परिणाम है।2023 में साम्प्रदायिक की घटना शून्य रही थी।यूपी में रास्ट्रीय औसत से 25 फीसद कम रही है।सड़को पर शांति का आलम है।2017 के बाद यूपी शांति और सद्भाव का गढ़ बन चुका है।लव जिहाद के लड़ने और सरकार की सख्ती से काफी कम हुआ है।जबकि यूपी के हर कॉलेज में एंटी रोमियो दस्ता उपलब्ध कराया गया था।जिससे लड़कियों को सुरक्षा प्रदान करने में सहूलियत रही है।

**कांतिलाल मांडोत**

## संपादकीय

# रिश्ते अब इंस्टेंट नूडल्स क्यों बन गए हैं?

**रिश्तों की माइक्रोवेव पीढ़ी- त्वरित गर्माहट, त्वरित ठंडापन स्वाइप के रिश्ते-जितनी जल्दी जुड़ते, उतनी जल्दी टूटते**





रिश्ते कभी आत्मा का आलिंगन हुआ करते थे। नज़रों की गहराई में उतरकर, समय के ताने-बाने में धीरे-धीरे बुने जाते थे, जैसे कोई कारीगर महीन धागों से अनमोल कढ़ाई रचता हो। लेकिन आज की दुनिया माइक्रोवेव की रफ्तार में सिमट गई है—तुरंत, सुविधाजनक, और क्षणभंगुर। रिश्ते अब समय की गहराई में नहीं, टचस्क्रीन की सतह पर बनते हैं। एक बटन दबाओ, पल भर की गर्माहट पाओ। मगर जैसे ही वह गर्माहट फीकी पड़ती है, ठंडापन उतनी ही तेजी से दस्तक देता है। यह हमारी माइक्रोवेव पीढ़ी की कहानी है—जहाँ रिश्ते चमकते हैं, पिघलते हैं, और पल में बिखर जाते हैं। आज का इंसान समय की भगदड़ में उलझा है। व्यस्तता ने हमें इस कदर जकड़ लिया है कि रिश्तों के लिए न वक्त बचा, न धैर्य। पहले रिश्ते विश्वास, समझ, और त्याग की नींव पर खड़े होते थे।

दोस्ती थी रातभर की अनकही बातें, चाय की चुस्कियों में साझा सपने, और बिना बोले बँटे दर्द। प्यार था इंतज़ार की बेकरारी, चिट्ठियों की स्याही, और मिलन की तड़प। परिवार था एक छत तले हँसी-आँसुओं का मेल, हर सुख-दुख में एक-दूसरे का सहारा। लेकिन अब? दोस्ती इंस्टाग्राम की स्टोरी और व्हाट्सएप के इमोजी तक सिकुड़ गई। प्यार स्वाइप और कुछ डेट्स के बाद ÷मूव ऑन÷ का नाम बन गया। परिवार वीडियो कॉल्स और ग्रुप चैट्स में बिखर गया। इस त्वरितता की जड़ हमारी जीवनशैली है। हमने सुविधा को रिश्तों का पर्याय बना लिया। डेटिंग ऐप्स ने प्यार को कैटलॉग में बदल दिया, जहाँ लोग प्रोफाइल्स को स्क्रॉल करते हैं, जैसे ऑनलाइन शॉपिंग हो। दोस्ती अब लाइक्स, कमेंट्स, और फॉलोअर्स की गिनती में सिमट गई। परिवार तक टू-डू लिस्ट का हिस्सा बन गया—जन्मदिन पर मैसेज, त्योहार पर कॉल, और साल में एक मुलाकात का वादा। रिश्ते अब मेहनत नहीं, बस एक बटन की दूरी माँगते हैं। मगर यही उनकी सबसे बड़ी कमज़ोरी है। माइक्रोवेव का खाना भले ही पल में तैयार हो, पर उसमें न ताज़गी होती है, न पोषण। वैसे ही, त्वरित रिश्ते शुरुआत में चमकते हैं, लेकिन उनकी गहराई खोखली रहती है। प्यार में भी यही अधीरता हावी है। आज का प्यार माइक्रोवेव सा है—जल्दी गर्म, जल्दी ठंडा। कुछ मुलाकातें, कुछ चैट्स, और तारीफों का दौर, और लोग "सोलमेट" का तमगा सजा देते हैं। मगर जैसे ही पहला झटका लगता है—एक छोटी गलतफहमी, एक अनबन, या "वाइब्स" का न मिलना—लोग "ब्रेकअप" और "मूव ऑन" चुन लेते हैं। रिश्तों को संवारने की कोशिश, समझने की मेहनत, या माफ करने का धैर्य अब पुराना लगता है। विकल्पों की भीड़ ने रिश्तों को डिस्पोजेबल बना दिया। जब अगला "बेहतर" विकल्प एक स्वाइप दूर हो, तो कोई रिश्ता अनमोल क्यों लगे? यही विकल्पों की बाढ़ रिश्तों की गहराई को निगल रही है। क्या यह सब इतना सरल है? क्या हम सचमुच इतने सतही हो गए हैं? सच यह है कि इंसान का दिल आज भी वही चाहता है—सच्चा जुड़ाव, अपनापन, और स्थायित्व। हम चाहते हैं कि कोई हमें बिना शर्त सुने, समझे, और हर कदम पर साथ दे। मगर हमारी आदतें, हमारी प्राथमिकताएँ, और हमारी तेज़ रफ्तार ज़िंदगी हमें रोकती है। हमने तुरंत संतुष्टि को इस कदर आत्मसात किया है कि इंतज़ार, मेहनत, और रिश्तों को वक्त देना हमें बोझ लगता है। हम गहरे रिश्ते चाहते हैं, मगर उनकी कीमत चुकाने को तैयार नहीं। इस माइक्रोवेव पीढ़ी की सबसे बड़ी त्रासदी यही है—हम गर्माहट चाहते हैं, मगर उसे टिकने नहीं देते। दोस्ती, प्यार, या परिवार—सब में शुरुआती चमक जल्दी ठंडी पड़ जाती है। हम रिश्तों को फिर गर्म करने की कोशिश करते हैं—एक मैसेज, एक कॉल, या एक मुलाकात से। मगर जैसे माइक्रोवेव का खाना बार-बार गर्म करने पर अपनी ताज़गी खो देता है, वैसे ही रिश्ते भी बार-बार टूटने-जुड़ने में अपना मूल स्वाद खो देते हैं। नतीजा? एक खालीपन, जो न समझ आता है, न बयाँ होता है। क्या रास्ता है? क्या हम इस माइक्रोवेव पीढ़ी के चक्रव्यूह से निकल सकते हैं? हाँ, बशर्ते हम अपनी प्राथमिकताएँ बदलें। रिश्तों को फिर से समय, धैर्य, और मेहनत की सौगात देनी होगी। तकनीक ने हमें जोड़ा है, मगर वह जोड़ सतही है। असली रिश्ता तब बनता है जब स्क्रीन की चमक छोड़कर हम एक-दूसरे की आँखों में झाँकें, मैसेज की जगह दिल से दिल की बात करें, और लाइक्स की बजाय विश्वास का आलिंगन दें। रिश्ते कोई इंस्टेंट रेसिपी नहीं—वे एक लंबी यात्रा हैं, जहाँ गलतियाँ, गलतफहमियाँ, और उतार-चढ़ाव स्वाभाविक हैं। मगर इन्हीं से पार पाने की कोशिश रिश्तों को अनमोल बनाती है। हर रिश्ता परफेक्ट नहीं होता। दोस्ती में अनबन, प्यार में तकरार, और परिवार में मतभेद तो होंगे।

लेकिन इन सबके बीच रिश्तों को सहेजने की जिद ही उन्हें अटूट बनाती है। माइक्रोवेव की गर्माहट पल भर में ठंडी पड़ जाती है, पर चूल्हे की आँच पर पकाया खाना समय माँगता है, देखभाल माँगता है, और बदले में वह स्वाद देता है जो दिल-ओ-दिमाग में बस्ता है। रिश्ते भी ऐसे ही हैं—उन्हें धैर्य, देखभाल, और प्यार की आँच चाहिए, जो समय के साथ और गहरी होती है। आज हमें खुद से सवाल करना होगा—क्या हम रिश्तों को महज सुविधा की तरह देखना चाहते हैं, या उनकी गहराई को फिर से जीना चाहते हैं? क्या हम त्वरित चमक के पीछे भागकर स्थायी अपनापन खोना चाहते हैं? यह चुनाव कठिन है, क्योंकि यह हमारी आदतों और जीवनशैली को चुनौती देता है। मगर अगर हम ठान लें, तो रिश्तों की उस पुरानी रिवायत को जगा सकते हैं, जहाँ धैर्य, विश्वास, और गहराई ही सबसे बड़ी ताकत थी। माइक्रोवेव की चमक भले ही लुभाए, पर चूल्हे की आँच की गर्माहट ही रिश्तों को ज़िंदगी देती है। अब हमें चुनना है—क्षणिक चमक या चिरस्थायी रोशनी।

**प्रो. आरके जैन**

# स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और गुणवत्ता में सुधार के लिए प्रभावी कदम बढ़ाए सम्बंधित विभाग



राजस्थान और मध्यप्रदेश में कफ सिरफ की दवा के सेवन के बाद बच्चो की हुई मौते से सनसनी फैल गई है।मासूम बच्चो की मौत के पीछे के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू की गई। चिकित्सक भगवान का रूप माना गया है।आज भी देश मे डॉक्टर को नेकष्ट टू गॉड की उपमा दी जाती है।देश मे हजारो किस्म की दवाइयां निर्मित हो रही है।विदेशो से भी दवाइया आयात की जा रही है।आज वर्तमान में स्वास्थ्य सेवाओं में दवा संजीवनी का काम करती है।देश के दवा कम्पनियो की गुणवत्ता बरकरार रखने के लिए समय समय पर जांच होनी चाहिए।दवा की गुणवत्ता,दवा की मिलावट,दवा आपूर्ति में लापरवाहीऔर विपणन प्रथाओं के लिए नियम सुनिश्चित करने की आवश्यकता है।मरीज को पूरा भरोसा अपने डॉक्टर पर होता है।जबकि डॉक्टर और मरीज दवाइयों की गुणवत्ता पर आशंका या भय नही पालता है।इसलिए डॉक्टर और मरीज की सत्यनिष्ठा पर कोई संकोच नही करना चाहिएहै।

दवा कम्पनियो की बेहतरी के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय को एक समयावधि के बाद दवा की गुणवत्ता के लिए एडवाइजरी जारी करनी चाहिए।गत दिन खराब गुणवत्ता वाली दवा के सेवन से बच्चो की हुई मौत पर सरकार ने कठोर कार्यवाई के आदेश दिए गए।उत्पादन पर रोक लगाना और लायसन्स रद्द करना शामिल है।मध्यप्रदेश के अंदर बनी दवाइयों में वायल के अंदर कचरा मिलना और गोलिया धुली हुई होने के कारण सीडीएससीओ हरकत में आ गया है।पिछले आठ महीने में बनी दवाइयों को अमान्य घोषित किया गया है।खराब दवा और गुणवत्ताविहीन दवाइयों से लोगो के स्वास्थ्य पर सीधा असर करता है।सरकारी प्रयोगशालाओ द्वारा मानक गुणवत्ता अनुसार नही पाए जाने पर तत्काल दवाओं के लायसन्स निलंबित किये जा सकते है।एनएसक्यूएफ एक वैश्विक समस्या है और किसी गलत इरादे से नही,बल्कि तकनीकी के कारण होती है।लिहाजा ,यह सवाल है कि निर्दोष बच्चो का क्या कसूर था ?दुनिया मे जन्म लेने के कुछ समय बाद मौत ने माता पिता और परिवार की उम्मीदों का गला घोंट दिया।इस तरह की लापरवाही निर्दोष बच्चो की मौत के बाद ही पता चलती है।सरकारी प्रयोगशालाओ का परीक्षण और रिकार्ड और डेटा की समीक्षा के साथ ओषधि निरीक्षण द्वारा जीएलपी अनुपालन की भी समीक्षा होनी चाहिए।देश आज प्रगति के द्वार पर है।हमारे देश की मेडिकल व्यवस्था और उत्पादन क्षमता सबसे आगे है।अमेरिका को करीब तीस प्रतिशत एंटीबायोटिक और अन्य उत्पादन की दवा भारत निर्यात करता है।इसलिए सरकारी निकायों को कम्पनी के संचालन की निगरानी करनी चाहिए।उपचार के दौरान गलत सिरफ से बच्चो की मौते होना दवा कम्पनियो की गुणवत्ता पर प्रश्नचिन्ह है।स्वास्थ्य विभाग ने सरकार सिस्टम की और इशारा करते हुए कहा कि इनकी लापरवाही के कारण मासूम बच्चो की जाने गई है।छिंदवाड़ा में दवा के सैम्पल कलेक्ट करके जांच के लिए भेजने के बाद हकीकत सामने आई।देश मे 90 प्रतिशत जनता दवाइयों के सहारे जीवन यापन करती है।इस तरह की लापरवाही जनमानस के लिए बहुत बड़े हादसे की सम्भावना बनी रहती है।मध्यप्रदेश में सीडीएससिओ की रिपोर्ट में 76 दवा अमानक साबित हुई है।यह लापरवाही ही है जिसके कारण अचानक हो रही मौतों का कारण भी हो सकता है या हार्टअटैक से हो रही मौते अपने खानपान का प्रभाव हो सकता है।देश मे दवा निगरानी की प्रक्रिया मन्द नही होनी चाहिए।यह सरकार और स्वास्थ्य मंत्रालय की पूर्ण जवाबदेही है।तमिलनाडु के बाद केरल और एमपी में कोल्ड्रिफ् कफ सिरफ बैन कर दिया ।दरअसल,दवाओं की गुणवत्ता पर ध्यान देना जरूरी है।दवा उत्पादन में सफाई का ध्यान जरुर रखना होगा।बच्चो की मौत के बाद कई सिरफ बनाने वाली कम्पनियो ने ताला मार दिया।संचालक फरार बताये जा रहे है।इससे तो यह उजागर होता है कि ये कम्पनिया अपनी जवाबदेही का निर्वहन नही करके दवा उत्पादन में लापरवाही कर रही थी।इनके खिलाफ जरुर एक्शन लिया जाएगा।गौरतलब है कि यह दवा विवाद नया नही है।

इसके पूर्व दिल्ली में कलावती सरन हॉस्पिटल में जहरीले असर से करीब 16 बच्चो की मौत हो गई थी।जांच में पाया गया कि चार साल के बच्चो के लिए दवा सम्पूर्ण असुरक्षित थी।2023 में केयसन्स फार्मा कम्पनी को नॉट फ़ॉर स्टेंडर्ड घोषित किया था। 2023 में मेथाडोन की गोली खाने से बच्चे की मौत हो गई।यू तो हेवीडोज़ से कई मरीजो की मौत हो जाती है ।इसमें हमे सावधानी रखनी चाहिए।नकली दवाओं का प्रचलन बढ़ता जा रहा है।घटिया और नकली दवा गुणवत्ता जांचना जरूरी है।इस पर दवा उधोग और सरकार द्वारा कार्यवाई की जानी चाहिए। भारत विकासशील हैऔर देश तीसरी महाशक्ति बनने जा रहा है।हमें गुणवत्ता की और कदम बढ़ाने होंगे।दुनिया आज भारत की तरफ देख रही है।इस तरह की शिकायत और तकलीफदेय चीजो के लिए हमे जगरूकता फैलानी होगी ।भयंकर प्रतिस्पर्धा व्यवसाय मे ब्रांडेड उत्पादकों की बिक्री को नुकसान होगा।इस बीच डब्ल्यूएचओ ने चेतावनी दी है कि टॉक्सिकोलॉजी टेस्ट करना बहुत जरुरी है।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उप्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### कृषि केंद्र पर नि:शुल्क बीजों का वितरण शुरू

**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा ब्लाक क्षेत्र के रतनपुर स्थित राजकीय कृषि बीज भण्डार में निशुल्क तिलहन बीजों का वितरण किया जा रहा है। रतनपुर नौतनवां के प्रभारी राजकीय कृषि बीज भंडार देवेंद्र प्रसाद ने बताया कि राजकीय कृषि बीज भण्डार में किसानों के लिए निशुल्क तिलहन आजाद महक प्रजाति का प्रमाणित बीज का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रिय किसान जनसेवा केंद्र में जाकर आधार व मोबाइल नंबर द्वारा upagriculture पर जाकर अपना टोकन कटवाकर केंद्र से नि:शुल्क बीज उपलब्ध कर लें।

### एसएसबी के जवानों ने किया वृहद वृक्षारोपण




**रतनपुर/महराजगंज।** सोनौली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत भगवानपुर टोला मदरी के प्राथमिक विद्यालय पर सोमवार को 22 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल महराजगंज कमांडेंट शक्ति सिंह ठाकुर के निर्देशन में बृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तीन सौ पौधों का रोपण किया गया। मदरी प्राथमिक विद्यालय परिसर में जवानों द्वारा तीन सौ पौधारोपण किया गया है। पर्यावरण संरक्षण को लेकर लोगों को जागरूक किया गया है। पौधारोपण से स्वच्छ हरित भारत निर्माण में सामुहिक जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया गया। एसएसबी 22 वाहिनी कमांडेंट शक्ति सिंह ठाकुर ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रकृति की सुरक्षा ही मानव सुरक्षा है। प्रत्येक मनुष्य को अपने जीवन में कम से एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसका संरक्षण भी करना चाहिए। इस मौके पर ग्राम प्रधान गणेश मद्धेशिया, संतोष यादव, शिक्षक सुरेश कुमार, निपुण सिंह, उपनिरीक्षक विजय कुमार, राम प्रताप सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### किसान जागृति दिवस के रूप में मनाई गई महेंद्र सिंह टिकैत की जयंती

**देवरिया।** भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की 90वीं जयंती सिंचाई विभाग के डाक बंगले पर किसान जागृति दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत टिकैत जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। भाकियू पूर्वी उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष एवं किसान नेता विनय सिंह सैंथवार ने कहा कि चौ. टिकैत सादगी की प्रतिमूर्ति थे। उनके हुक्के की गुड़गुड़ाहट लखनऊ से लेकर दिल्ली तक गूंजती थी। जिलाध्यक्ष गिरीश नारायण शाही उर्फ बड़े शाही ने कहा कि किसानों को बाबा टिकैत के संघर्ष और संगठन से प्रेरणा लेनी चाहिए। वे कहा करते थे ओट कहीं भी, किसी को भी दो, मगर संगठित रहोगे तो नेता तुम्हारे वोट का अपमान नहीं करेगा। भाकियू पूर्वी उ.प्र. के सचिव विनोद गुप्ता ने कहा कि एक समय था जब टिकैत जी की आंधी पूरे देश में चली थी। चाहें तो उनके सैकड़ों विधायक होते, पर उन्होंने कभी राजनीति का रास्ता नहीं चुना और सदैव किसानों के हक की लड़ाई लड़ी। कार्यक्रम में जिला संयोजक सदानंद यादव, जिला महासचिव धनंजय सिंह, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष श्यामदेव राय, जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह, जिला सलाहकार मदन चौहान, कोषाध्यक्ष चंद्रदेव सिंह, संगठन मंत्री दिग्विजय नारायण कुशवाहा, युवा जिलाध्यक्ष मुन्ना सिंह, युवा उपाध्यक्ष बृजेश यादव, अनिल मणि त्रिपाठी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत 8 व 9 अक्टूबर को साक्षात्कार आयोजित

**देवरिया।** उपायुक्त उद्योग ने बताया कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत चयनित ट्रेडों के लिए साक्षात्कार आयोजित किए जा रहे हैं। इसके तहत 8 अक्टूबर को दर्जी, नाई और धोबी तथा 9 अक्टूबर को हलवाई, राजमिस्त्री, लोहार और बढ़ई ट्रेड के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र में आयोजित होगा। साक्षात्कार सुबह 10:30 बजे से प्रारंभ होगा। उपायुक्त उद्योग ने सभी ऑनलाइन आवेदनकर्ताओं से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि, समय और स्थान पर अपने मूल प्रमाणपत्रों के साथ उपस्थित हों ताकि चयन प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न की जा सके।

## भाई ने की बहन की निर्मम हत्या, अफेयर से था नाराज - पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली एक हृदयविदारक घटना कैंपियरगंज थाना क्षेत्र में सामने आई है, जहां एक युवक ने अपनी सगी बहन की नहर में डुबोकर हत्या कर दी। फिर शव को घर से कुछ ही दूरी पर खेत में फेंक दिया और कुछ देर बाद खुद पुलिस को फोन कर वारदात की सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, कैंपियरगंज क्षेत्र के भौराबारी गांव निवासी आदित्य यादव ने सोमवार की सुबह अपनी 19 वर्षीय बहन नित्या यादव की हत्या कर दी। नित्या इंटर की छात्रा थी। बताया जा रहा है कि आदित्य अपनी बहन के एक युवक से प्रेम संबंधों को लेकर बेहद नाराज था। उसने कई



बार समझाने की कोशिश की, लेकिन जब बहन नहीं मानी तो उसने खौफनाक कदम उठाया।

पुलिस के मुताबिक, सोमवार की सुबह नित्या कहीं जाने के लिए घर से निकली तो उसका भाई आदित्य पीछे-पीछे चला गया। जब नित्या धामिना नहर के पास पहुंची, तभी आदित्य ने उसे पकड़ लिया और नहर के पानी में जबरन डुबो दिया। कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। इसके बाद आरोपी ने शव को करीब ढाई किलोमीटर दूर एक धान के खेत में फेंक दिया और घर लौट गया।

कुछ घंटे बाद आदित्य ने खुद कैंपियरगंज पुलिस को बुलाकर पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। पुलिस ने मौके से शव बरामद कर लिया और आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। थाना प्रभारी राकेश रोशन ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला ऑनर किलिंग का प्रतीत हो रहा है। आरोपी ने खुद स्वीकार किया है कि उसने बहन के प्रेम संबंधों से परेशान होकर यह कदम उठाया। शव को पोस्टमार्टम के लिए बीआरडी मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। गांव में इस घटना के बाद सन्नाटा पसर गया है। पड़ोसी और परिजन स्तब्ध हैं कि एक भाई अपनी बहन का हत्यारा बन जाएगा। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

## शास्त्रों मे पुण्य माह के रूप में है कार्तिक महीना कार्तिक स्नान 7 अक्टूबर मंगलवार से होगा प्रारंभ - बृजनाथ तिवारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोलाबाजार गोरखपुर -** कार्तिक महीना भगवान श्री हरि विष्णु और मां लक्ष्मी को समर्पित है। इस महीने में भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की विशेष पूजा की जाती है। कार्तिक माह पुण्य माह है। कथाओं के अनुसार, इस महीने में भगवान श्री हरि विष्णु इस महीने में मत्स्य रूप में जल में वास करते हैं जबकि उनका वामन अवतार पाताल में निवास करता है। इसलिए गंगा तट पर लोग कल्पवास भी करते हैं। कहते हैं जो कल्पवास करते हैं उन्हें पुनर्जन्म में नहीं फंसते है- शास्त्र मतानुसार इस माह में भगवान श्री हरि विष्णु, माता लक्ष्मी, यमदेव, पीपल देव, तुलसी माता के समक्ष दीप जलाने से सभी तरह के संकटों से मुक्ति मिलती है। साथ ही घर में सुख शांति बनी रहती है। इसके अलावा जो लोग नदी में दीप प्रवाहित करते हैं तो उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होती है। मिट्टी के दीपक का उपयोग करते हैं तो रोज नया मिट्टी का दीपक लेना चाहिए और धातु के दीपक जैसे पीतल-चांदी- तांबा का उपयोग करते हैं तो उसे रोज मांज कर शुद्ध करके पुनः उपयोग में ले सकते हैं।

स्नान ब्रह्म मुहूर्त में या फिर सूर्योदय के पहले स्नान किया जाता है। जो नदी और



सरोवर के पास रहते हैं तो वहां जाकर स्नान करना चाहिए, अगर वहां नहीं जा सकते हैं तो घर में गंगाजल मिलाकर स्नान करना चाहिए।

कार्तिक महीने में लक्ष्मी स्त्रोत, कनकधारा स्रोत अथवा श्री विष्णु स्त्रोत, श्रीविष्णु सहस्त्रनाम, गोपाल सहस्त्रनाम, श्रीराम चरित्र मानस, श्री गीता के पाठ करना, भगवान श्री हरि के मंत्र व नाम जप करना विशेष फलदायी माना गया है। ऐसा करने से देह त्याग के बाद उत्तम लोक में स्थान मिलता है और जब तक धरती पर रहते हैं समृद्धि और सुख प्राप्त होता है। कार्तिक नियमों का पालन करने वालें पुनर्जन्म लेते हैं, तो उन्हें उत्तम कुल परिवार में स्थान मिलता है और सुख में जीवन जीते हैं।

कार्तिक माह में सुबह शाम तुलसी की जड़ में जल में दूध मिलाकर देना चाहिए और उसके आसपास सफाई करनी चाहिए। सुबह शाम घी का दीपक जलाएं जाता हैं। भगवान विष्णु को जो भी भोग लगाएं उसमें तुलसी का पत्ता जरूर रखा जाता है। इसके बिना भगवान श्री विष्णु भोग स्वीकार नहीं करते हैं। साथ ही कार्तिक माह में देवप्रबोधनी एकादशी पर तुलसी विवाह करना भी बहुत उत्तम फलकारी रहता है।

¬कार्तिक माह में नियमित रूप से भगवान श्री हरि विष्णु को कुछ दाने तिल के अर्पित करने चाहिए। यूं तो सालभर तिल अर्पित करते हैं अच्छा है लेकिन, अगर ऐसा नहीं कर पाता है तो कार्तिक माह और माघ माह में ऐसे करना उत्तम रहता है। ऐसा करने से जाने अनजाने में किए गए पापों से मुक्ति मिलती है और सद्गति प्राप्त होती है- कार्तिक माह में नियमित रूप से जब भी तुलसी में जल देते हैं या उसकी पूजा करते हैं तो तुलसी की मिट्टी लेकर उसका तिलक करने से मनुष्य के पाप नष्ट हो जाते हैं और विवेक और बुद्धि का विकास होता है। कार्तिक माह में दीप दान का अधिक महत्व है। उसके अलावा भागवत उपासक सज्जन पुरुष को अन्न- वस्त्र दक्षिणा इत्यादि दान करना अति उत्तम माना जाता है। कार्तिक महीने में प्रतिदिन गाय को गुड़ के साथ रोटी खिलाना श्रेष्ठ पुण्य दायक माना है। कार्तिक माह में दीपदान के लिए भारतीय देसी गाय के घी का उपयोग करना ज्यादा अच्छा रहेगा या फिर तिल के तेल का दीपक भी जला सकते हैं ।

## पारिवारिक रंजिश में चोरी का ड्रामा, पुलिस ने किया खुलासा - खेत से मिला पूरा माल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर-(कम्पियरगंज)** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर राज करन नय्यर के निर्देश पर जिलेभर में चोरी, नकबजनी व लूट की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कैम्पियरगंज पुलिस ने एक अनोखे ÷चोरी प्रकरण÷ का खुलासा किया है। पुलिस की सूझबूझ और तत्परता से यह बात सामने आई कि कथित चोरी की यह पूरी कहानी पारिवारिक रंजिश के चलते गढ़ी गई थी। घटना 4 अक्टूबर की है, जब थाना कैम्पियरगंज में वादिनी ने तहरीर दी कि अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर कीमती आभूषण – मंगलसूत्र, पाजेब, झुमका, अंगूठी, बाली, नथ, हार – और नकद 1,25,000 रुपये चोरी कर लिए। सूचना मिलते ही थाना पुलिस, डॉग स्क्वॉड और



फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू की। जांच के दौरान घटनास्थल का गहन निरीक्षण करने पर पुलिस को मामला संदिग्ध लगा। क्षेत्राधिकारी कैम्पियरगंज विवेक कुमार तिवारी और थानाध्यक्ष राकेश रौशन कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई जांच में चौंकाने वाला तथ्य सामने आया – चोरी का अधिकांश सामान घर के पास ही खेत में फेंका मिला। पूछताछ में खुलासा हुआ कि वादी की पत्नी ने अपने पारिवारिक विवाद और सास-ननद से रंजिश के कारण स्वयं ही घर का सामान छत और खेत में फेंक दिया था तथा पूरे मामले को चोरी का रूप देकर झूठी तहरीर दे दी थी। पुलिस ने घटनास्थल से दो जोड़ी पायजेब, एक लॉकेट, टूटी मोती की माला, चार नाक की कीलें, झुमके, टप, नेपाली व रियाल के सिक्के, 28,100 नगद सहित पूरा सामान बरामद कर लिया। पुलिस अब मुकदमे में अग्रिम विधिक कार्रवाई कर रही है। इस मामले का सफल अनावरण करने वाली टीम में क्षेत्राधिकारी कैम्पियरगंज विवेक कुमार तिवारी, थानाध्यक्ष राकेश रौशन कुमार सिंह, उपनिरीक्षक भूपेंद्र कुमार तिवारी, आरक्षी सुरेश चंद्र सरोज, म0का0 संतोष यादव, का0 शर्ना यादव, म0हे0का0 सोनिया यादव तथा म0का0 रीता यादव शामिल रहे। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम ने तत्परता से जांच कर सच्चाई उजागर की, जिससे न केवल झूठी रिपोर्ट का भंडाफोड़ हुआ, बल्कि यह भी साबित हुआ कि पुलिस हर घटना की तह तक जाने में सक्षम है।

## कैदी की मौत पर उठे सवाल, मजिस्ट्रियल जांच शुरू जेल में बंद सिद्धदोषी बंदी की संदिग्ध मौत, एडीएम ने जांच के दिए आदेश

**●शोभाराम साहू मौत प्रकरण में एसडीएम करेंगे मजिस्ट्रियल जांच**

**जिला कारागार गोंडा में कैदी की मौत, प्रशासन ने मांगी 20 दिन में रिपोर्ट**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोण्डा।** जिला कारागार गोंडा में बंद सिद्धदोषी कैदी की मौत के मामले में प्रशासन ने मजिस्ट्रियल जांच शुरू कर दी है। अपर जिला मजिस्ट्रेट गोंडा के आदेश पर यह जांच उप जिलाधिकारी (सदर) द्वारा की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सिद्धदोष बंदी शोभाराम साहू (66 वर्ष) पुत्र नीबर साहू, निवासी ग्राम छबीले पुरवा, मौजा गंगापुर, थाना कोतवाली नगर, की 25 अगस्त 2025 की शाम करीब 6 बजे लखनऊ के केजीएमयू अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी।घटना की गंभीरता को देखते हुए जिला मजिस्ट्रेट महोदया ने 25 सितंबर 2025 को मजिस्ट्रियल जांच के आदेश जारी किए थे। इसके बाद अपर जिला मजिस्ट्रेट के पत्र के माध्यम से उप जिलाधिकारी (सदर) को जांच अधिकारी नामित किया गया। आदेश के अनुसार, जांच अधिकारी से कहा गया है कि वह घटना के सभी पहलुओं की जांच कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इस संबंध में जिला कारागार अधीक्षक को निर्देश दिया गया है कि वे अपने अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों के बयान साक्ष्यों सहित 20 कार्य दिवसों के भीतर प्रस्तुत करें। साथ ही मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य प्रमाणिक साक्ष्य भी उप जिलाधिकारी के कार्यालय में जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं। मृतक के परिजनों को भी बुलाकर उनका बयान दर्ज कराया जाएगा। इसके अलावा, यदि कोई अन्य व्यक्ति इस मामले से संबंधित कोई साक्ष्य या बयान देना चाहता है, तो वह एक माह के भीतर किसी भी कार्यदिवस में उप जिलाधिकारी (सदर) कार्यालय, गोंडा में उपस्थित होकर अपना बयान दर्ज करा सकता है। प्रशासन ने कहा है कि जांच पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से की जाएगी, ताकि मौत के सही कारणों का पता चल सके।

### घर में घुसा 12 फीट का अजगर



**बलरामपुर/हरैया सतघरवा।** बरहवा रेंज के ग्राम पंचायत गोपालपुर के मंसुरवा गांव में सुबह एक घर में करीब 12 फीट लंबा अजगर निकल आया। ग्राम निवासी धनीराम यादव के घर में घुसे अजगर को देखकर परिवारजन और आसपास के लोग दहशत में आ गए। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना वन विभाग को दी। वन रक्षक राम नरेश की अगुवाई में टीम मौके पर पहुंची और अजगर को सुरक्षित पकड़ लिया। रेंजर बृजेश सिंह परमार ने बताया कि अजगर को गांव से दूर तेंदुआनगर बीट के गनेशपुर-भरभरी जंगल में छोड़ दिया गया है।

### बैतालपुर चीनी मिल को लेकर किसानों का धरना 1 वर्ष 281वें दिन जारी

**देवरिया।** चीनी मिल चलाओ संघर्ष समिति एवं संयुक्त महा मोर्चा के तत्वावधान में बैतालपुर चीनी मिल को चालू कराने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में किसानों का धरना आज 1 वर्ष 281वें दिन भी जारी रहा। धरना सभा को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद आस मोहम्मद ने कहा कि देश में सर्वाधिक चीनी मिलों वाला जिला होने के बावजूद देवरिया आज अपनी एकमात्र बंद चीनी मिल के लिए तरस रहा है। कभी यहां 14 चीनी मिलें चलती थीं। बैतालपुर चीनी मिल को चलाने के उद्देश्य से बेचा गया था, परंतु तत्कालीन सरकार की मिलीभगत के कारण अनुबंध के अनुसार यह नहीं चली। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार की उदासीनता चरम पर है। मुख्यमंत्री द्वारा बार-बार बैतालपुर में चीनी कॉम्प्लेक्स बनाने की घोषणा केवल औपचारिकता बनकर रह गई है। समिति के उपाध्यक्ष रामप्रकाश सिंह के नेतृत्व में किसान एक वर्ष से तपस्या कर रहे हैं, परंतु जिम्मेदार अधिकारी धृतराष्ट्र बने हुए हैं। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो किसान आर-पार की लड़ाई लड़ने को बाध्य होंगे। इस दौरान ब्रजेन्द्र मणि सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## नासूर बनता जा रहा खजुहा चौराहे का जाम, प्रशासन मौन

**●-नहीं रूक रही ट्रकों व ट्रेलरों की आवाजाही**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रूद्रपुर, देवरिया।** उपनगर के खजुहा चौराहे पर लग रहा जाम नासूर बनता जा रहा है। बावजूद इसके प्रशासन मौन होकर तमाशा देख रहा है। रुद्रपुर से गोरखपुर को जोड़ने वाला यह मुख्य मार्ग अति व्यस्त रहता है। इसी मार्ग से होकर बनारस व जौनपुर तथा मिर्जापुर तक जाने वाले बड़े ट्रक व ट्रेलर आते जाते हैं। वर्तमान में खजुहा चौराहे के पास नाला निर्माण का कार्य चल रहा है इसके चलते सड़क संकरी हो गई है। वहीं चौराहे पर बेतरतीब वाहनों के खड़ा होने व पुलिस की पिकेट न लगने के कारण दिन के कई घंटे जाम की स्थिति बनी रह रही है। आदर्श चौराहे की तरफ से बस स्टेशन होते हुए देवरिया जिला मुख्यालय की



ओर जाने का भी यही मुख्य मार्ग है। जिसके चलते यह चौराहा नगर का सबसे व्यस्ततम चौराहा है हो गया है। बार-बार नगर वासियों द्वारा मांग की जा रही है कि बड़े ट्रक मंदिर बाईपास से होकर पूर्वी बाईपास के रास्ते भेजे जाए किंतु ना तो पुलिस प्रशासन और ना ही नगर पंचायत प्रशासन इस समस्या की तरफ ध्यान दे रहा है। जिससे स्कूली बसों को घंटे जाम में फंसकर परेशान होना पड़ रहा है तो वहीं परिवहन निगम की बसें भी काफी देर तक जाम में फंसकर लोगों का समय जाया कर रही हैं। चौराहे पर प्राइवेट बसों की मनमानी भी लोगों को परेशान कर रही है।

## इलाज के दौरान महिला की मौत, जांच में जुटी स्वास्थ्य विभाग की टीम

**●- पूर्व से ही विवादों से घिरा है अस्पताल संचालक, विभाग मेहरबान, संचालक मौके से फरार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत खोरिया निवासी दिनेश गौड़ की 25 वर्षीय पत्नी प्रिती गौड़ का सोनौली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत परसासुमाली टोला विश्वनाथपुर के सामने नौतनवां-ठूठीबारी मुख्य मार्ग पर स्थित उर्मिला हास्पिटल में शनिवार से इलाज चल रहा था। रविवार की सुबह महिला की हालत काफी नाजुक हो गई। हालात बिगड़ता देख परिजनों की बेचैनी बढ़ने लगी जिसके बाद परिजन चिकित्सकों से रेफर करने की मांग



करने लगे। आरोप है कि रेफर की मांग को चिकित्सकों ने अनसुना कर दिया। बताया जाता है कि इलाज के दौरान ही महिला की मौत हो चुकी थी लेकिन अस्पताल संचालक द्वारा मृतक के परिजनों को गुमराह करते हुए संचालक अपने निजी वाहन से रेफर कर महिला को जिला अस्पताल ले जाने लगा जहां रास्ते में ही मौत हो जाने की बात परिजनों को बताई गई। वहीं महिला के मौत के बाद परिजनों ने घंटों तक जमकर बवाल काटा। सूचना पर दो थानों की सोनौली व नौतनवां पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को समझा-बुझाकर शांत करवाया तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने परिजनों को कार्यवाही का आश्वासन दिया जिसके बाद परिजनों का गुस्सा शांत हुआ। वहीं शांति व्यवस्था को लेकर सोनौली कोतवाली पुलिस द्वारा मौके पर पुलिस बल को तैनात कर दिया गया। वहीं घटना की सूचना पर डिप्टी सीएमओ वीरेंद्र आर्या, केपी सिंह, नीरज कन्नौजिया तथा रतनपुर सीएचसी अधीक्षक सुरेंद्र कुमार व धर्मेंद्र शाही आदि मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल किए। अधिकारियों ने कहा कि मामले का जांच-पड़ताल किया जा रहा है ऐसे में दोषियों पर कार्यवाही की जाएगी। वैसे उक्त हास्पिटल संचालक पूर्व से ही इस प्रकार की विवादों से घिरा हुआ है लेकिन विभागीय उपेक्षा के कारण आज भी कार्यवाही से वंचित है।

## आमी नदी में उतराता मिला अज्ञात महिला का शव

**●शव का शिनाख्त और मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सकी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खजनी-** गोरखपुर खजनी थाना क्षेत्र के उनवल चौकी के अंतर्गत मखानी स्कूल के नीचे आमी नदी के तट पर सुबह एक अज्ञात महिला का शव उतरता हुआ मिला। इसकी सूचना जैसे ही स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस को दी, मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने शव बरामद कर तत्काल जांच-पड़ताल शुरू कर दी।

**ग्रामीणों ने देखा शव, पुलिस को दी खबर**



घटना की शुरुआत तब हुई जब सुबह के समय कुछ ग्रामीणों ने नदी तट पर एक महिला के शव को देखा। तत्काल उन्होंने खजनी पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव को सुरक्षित कब्जे में ले लिया और प्राथमिक जांच शुरू की।

**पहचान और मौत का कारण बना रहस्या**

प्रारंभिक तौर पर मिली जानकारी के अनुसार, मृतक महिला की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। साथ ही, मौत के सही कारणों का भी अभी पता नहीं चल पाया है। यह रहस्य बना हुआ है कि महिला की मौत कैसे हुई और उसका शव आमी नदी के तक कैसे पहुंचा देखने पर महिला की उम्र लगभग 45-50 के बीच होगी। मामले की गंभीरता को देखते हुए खजनी पुलिस ने विस्तृत जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, जिससे मौत के कारणों और पीड़िता की पहचान का पता लगाया जा सके। पुलिस आस-पास के इलाकों में लोगों से पूछताछ भी कर रही है। उनवल चौकी प्रभारी राजीव कुमार तिवारी ने बताया कि सुबह लगभग 7:30 की लगभग ग्रामीणों सूचना मिली है लाश की अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है बॉडी को पोस्टमार्टम लिए भेजा जा रहा है।

## जिलाधिकारी ने की 50 लाख से अधिक लागत वाले निर्माण कार्यों की विभागवार समीक्षा

**●निर्माण कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण कर पोर्टल पर फीडिंग सुनिश्चित करने के निर्देश**

**तय समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण नहीं किए गए तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोण्डा।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में जनपद में 50 लाख से अधिक लागत वाले निर्माण कार्यों की विभागवार समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पर्यटन विभाग, खेल विभाग, पुलिस विभाग, राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों की




वर्तमान प्रगति की जानकारी लेते हुए कहा कि जिन परियोजनाओं की स्वीकृति हो चुकी है, उनके क्रियान्वयन में अनावश्यक विलंब न किया जाए। उन्होंने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण कराते हुए कार्य की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति संबंधित पोर्टल पर नियमित रूप से अपलोड की जाए, जिससे शासन स्तर से निगरानी और मूल्यांकन की प्रक्रिया सशक्त हो सके। उन्होंने कहा कि कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखते हुए फील्ड निरीक्षण भी समय-समय पर किया जाए, जिससे कार्य की गुणवत्ता और प्रगति का सही आकलन हो सके।बैठक में कुछ विभागों द्वारा प्रस्तुत कार्यों की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने कारणों की स्पष्ट रिपोर्ट तलब की तथा सुधारात्मक कदम तत्काल उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उन्होंने सभी अधिशासी अभियंताओं एवं कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यदि समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण नहीं किए गए तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन, एडीएसटीओ अरुण कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर रामचंद्र, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रमेश कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिशासी अभियंता, परियोजना अधिकारी, लेखाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सिद्धार्थनगर के किसान मखाना खेती, प्रशिक्षण के लिए रवाना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** केन्द्र पुनरीक्षित सपोर्ट टू स्टेट एक्सटेंशन वर्ष 2025-26 (आत्मा) योजनान्तर्गत राष्ट्रीय मखाना अनुसन्धान केन्द्र दरभंगा, बिहार प्रशिक्षण के लिए जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से किसानों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। किसान प्रशिक्षण प्राप्त कर जनपद के किसानों को मखाना की खेती के लिए जागरूक



करेंगे। जिससे किसानों को अच्छी आय प्राप्त होगी। जनपद बाढ़ से प्रभावित होता है जिससे मखाना की खेती लाभकारी होगी। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक राजेश कुमार, जिला कृषि अधिकारी मुहम्मद मुजम्मिल व अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## बसपा गरीबों, वंचितों व शोषितों के सहारे काशीराम परिनिर्वाण दिवस पर ऐतिहासिक भीड़ जुटाएगी:- बसपा नेता एडवोकेट सुरेंद्र आजाद

**लखीमपुर खीरी:-** 141धौरहरा-विधानसभा बसपा नेता एडवोकेट सुरेंद्र कुमार आजाद आगामी 9 अक्टूबर 2025 को लखनऊ में आयोजित मान्यवर कांशीराम साहब के परिनिर्वाण दिवस पर विधानसभा के तमाम गांव जैसे गैसापुर सुजानपुर, चौरा, लालपुर,बिठौली, दिलावलपुर, सुजावलपुर ,राजापुर, खंडवामीतमऊ, मतेहानी, सड़गड़ा आदि गांवों का तूफानी दौरा किया गया और एडवोकेट आजाद ने झुकी झोपड़ी में जाकर हाथ जोड़कर अपील की और कहा कि 9 अक्टूबर की रैली को सफल बनाने हेतु जनसंपर्क किया जा रहा है ताकि पंचायत चुनाव 2026 के बाद विधानसभा आम चुनाव 2027 में बसपा पूर्ण बहुमत से सरकार में आ सके और समाज में फैली कुरीतियों से निजात मिल सके और हम सब मान सम्मान के साथ जी सके, शिक्षा सामाजिक परिवर्तन और आर्थिक सशक्तिकरण ही हमारी पहली प्राथमिकता है, बसपा के सत्ता से बाहर होने के कारण शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार में प्रदेश पिछड़ा हुआ है बसपा ही शोषित, गरीबों, वंचितों की पार्टी है बसपा ही सर्व समाज के लिए खुशहाली व परिवर्तन ला सकती है इसलिए बहन जी के विचारों को सुने और रैली को सफल बनाएं ।

## कहीं कोई सुरक्षा नहीं,बस दिखावा

**मैलानी-खीरी।**मैलानी खीरी के वन क्षेत्र की बात तो अभी है,पर अभी की नहीं हर दिन की। सरकार वन महोत्सव कार्यक्रम चलाती है और पलीता इनके अधिकारी लगाते हैं। बताते चलें कि ऐसा कोई दिन नहीं जाता,जिस दिन लकड़ी न काटी जाती हो या कटवाई जाती हो।हर जगह हर घर पेड़ लगाने की मुहिम सरकार चला रही है और फॉरेस्ट विभाग के रेंजर सहित उनके कर्मचारी इस काम को अमली जामा पहना रहे हैं,तो इस हालत में पर्यावरण और वन्य जीव संरक्षण कैसे सुरक्षित होगा?इसका जवाब सरकार दे या इनके जंगल के रक्षक,पर नहीं नहीं मिलेगा क्योंकि ये काम बिना दक्षिणा दे हो नहीं सकता।सरकार को चाहिए कि ये सब बंद कर दें,जहां गैर जिम्मेदार लोगों पर भरोसा करती है।जब कुछ पूछो तो तो उत्तर सीधा नहीं उल्टा मिलता है।सरकार को चाहिए कि सही न्याय हो,वरना कुछ नहीं हो सकता।फिलहाल रेंजर साहब ने कहा कि उचित कार्यवाही करेंगे और दोशी चाहें जो भी हो उसको जवाब देना होगा।

## हमेशा चर्चा और विवादों में रहने वाले डॉक्टर आर0 के0 चौधरी के क्लीनिक पर फिर एक महिला की गई जान

### पारिवारिक जनों ने लगाया गलत दवा देने का व गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप

**नकहा खीरी।** पूरा मामला नकहा चौराहे पर ब्लॉक मुख्यालय के ठीक सामने कटकुसमा रोड पर आर0के0चौधरी के द्वारा निजी क्लीनिक संचालित किया जा रहा था। जिसमें आज एक महिला को भर्ती किया और इलाज के दौरान मौत हो गई।मृतक सुमन देबी पत्नी काशीराम निवासी ग्राम शंकरपुर थाना खीरी की है। करीबन 2 साल पहले भी भदफर क्षेत्र के मंजरी गांव की महिला का भी इलाज के दौरान मौत हो गई थी उस समय भी सुर्खियों पर जोरों से खबरें वायरल हुई थी अक्सर विवादों में रहते हैं डॉक्टर आर0के0चौधरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धौरहरा में तैनात है। फार्मासिस्ट से भी कुछ दिन पहले डॉक्टर आर0 के0 चौधरी द्वारा मारपीट की गई थी जिसको लेकर भी स्वास्थ्य विभाग में जिले से लेकर धौरहरा कोतवाली तक एप्लीकेशन व शिकायतों का दौर जारी रहा था

## पुलिस ने बरामद किए 78 मोबाइल

**चित्रकूट:** जिले की एसओजी/सर्विलांस टीम द्वारा 10 लाख 40 हजार रुपये कीमत के खोए हुए 78 मोबाइल फोन को बरामद कर मोबाइलधारकों के सुपुर्द किए। जिस पर मोबाइलधारकों ने प्रसन्नता का इजहार करते हुए पुलिस टीम को धन्यवाद दिया। एसओजी/सर्विलांस टीम के प्रभारी निरीक्षक एमपी त्रिपाठी ने बताया कि मोबाइल धारकों ने पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के समक्ष व सीईआईआर पोर्टल पर अपने मोबाइल खोने के सम्बन्ध में पूर्व में प्रार्थना पत्र दिए थे, जिनकी बरामदगी के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए निर्देश के अनुसार उनकी टीम मुख्य आरक्षी जितेन्द्र कुमार, नितेश समाधिया, आरक्षी रोहित सिंह, आशीष यादव, ज्ञानेश मिश्रा, पवन राजपूत व राघवेन्द्र द्वारा प्रयास करते हुए लगभग 10 लाख 40 हजार कीमत के 78 खोए हुए मोबाइल फोन बरामद कर सोमवार को मोबाइल धारकों के सुपुर्द किए। खोए हुए मोबाइल फोन पाकर मोबाइल धारकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पुलिस की प्रसंशा की।

# काशी में सीएम योगी-सफाईमित्रों पर की पुष्पवर्षा, बोले- जल्द ही अकाउंट में आएंगे 16 से 20 हजार रुपये

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**वाराणसी-** सीएम योगी स्वच्छता मित्र सम्मान समारोह में शामिल हुए। इस दौरान

**● ऑर्डर जारी होने वाला है, कुछ ही दिनों के अंदर स्वच्छता कर्मियों के अकाउंट में**

उन्होंने कहा कि स्वच्छताकर्मियों का कोई शोषण नहीं कर पाएगा। जल्द ही उनके अकाउंट में 16 से 20 हजार रुपये आएंगे।

**स्वच्छता मित्र सम्मान समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री -**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ऑर्डर जारी होने वाला है, कुछ ही दिनों के अंदर स्वच्छता कर्मियों के अकाउंट में सीधे 16 से 20 हजार रुपये जाएंगे। कोई उनका शोषण नहीं कर पाएगा। सारी तैयारियां चल रही हैं, पोर्टल तैयार हो रहे हैं। स्वच्छता कर्मियों व स्वच्छता मित्रों को पांच लाख रुपये के आयुष्मान भारत के कार्ड की स्वास्थ्य सुविधा भी उपलब्ध कराने जा रहे हैं। जो सबके स्वास्थ्य की रक्षा करता है, हमारी कोशिश है कि उसके लिए भी सरकार के स्तर पर प्रयास हो। सीएम योगी सोमवार को सरोजा पैलेस, पिपलानी कटरा में स्वच्छता मित्र सम्मान समारोह में शामिल हुए। उन्होंने स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत उत्कृष्ट योगदान करने वाले स्वच्छता मित्रों का सम्मान और स्वच्छता किट का वितरण किया। सीएम ने सफाईमित्रों पर पुष्पवर्षा भी की। एक बच्ची ने सीएम के साथ फोटो भी खिंचवाई।

**वाल्मीकि जयंती पर रहेगा सार्वजनिक अवकाश**

इस दौरान सीएम ने कहा कि सात अक्टूबर को वाल्मीकि जयंती पर सार्वजनिक अवकाश रहेगा। भगवान वाल्मीकि भारत की ऋषि परंपरा, सनातन धर्म के भाग्य विधाता हैं। वे हम सभी के रोम-रोम और श्वांस-श्वांस में भगवान राम का वास कराने वाले त्रिकालदर्शी ऋषि भी हैं। महर्षि वाल्मीकि दुनिया के पहले सर्वश्रेष्ठ महाकाव्य को रचने वाले आदिकवि भी हैं।

**'जनता कहती है चुनाव के समय दिखाई देते हैं'**

सीएम योगी ने कहा कि 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा चला। इस दौरान भाजपा ने अखिल भारतीय स्तर पर अनेक कार्यक्रम किए। इस श्रृंखला में तीन महीने पहले से 75 दिन के इस अभियान को लेकर डॉ. नीलकंठ तिवारी ने इसे प्रारंभ किया और एक-एक मोहल्ले में जाकर स्वच्छता के बड़े कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। सभी जनप्रतिनिधि इसी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें। सीएम ने कहा कि जनता से अक्सर यह शिकायत सुनने को मिलती है कि चुनाव आ गया तो दिखाई दे रहे हैं। बहुत लोग चुनाव के समय दिखाई देते हैं तो पूर्वी उत्तर प्रदेश में जनता कहती है-आ गइल, लेकिन जहां जनप्रतिनिधि थोड़े भी जागरूक हैं। मौके पर जाकर जनता की सुनवाई करते हैं तो समस्या वहीं समाधान का रास्ता निकाल लेती है।

**समाधान की चर्चा करते हैं तो रास्ता निकलता है**

मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवन में सबके सामने कठिनाई आती है, लेकिन जब हम समाधान की चर्चा करते हैं तो इसका रास्ता निकलता है। समस्या को समस्या की दृष्टि से देखते हैं तो वह समाधान की तरफ नहीं बढ़ पाती। आप समाधान की तरफ सोचेंगे तो समस्या को सदैव के लिए समाप्त कर



सकते हैं, लेकिन इसके लिए समय निकालकर मौके पर जाना पड़ेगा। 75 दिन की यात्रा के दौरान एक-एक मोहल्ले में जाना, सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ अभियान का हिस्सा बनना, चौपाल लगाना, स्वच्छता के कार्यक्रम को बढ़ाना अद्भुत कार्य है।

**स्वच्छ भारत अभियान ने नारी के साथ भारत के गरिमा की भी रक्षा की**

सीएम ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री ने देश में स्वच्छ भारत अभियान का आगाज किया था। उनका उद्देश्य स्वच्छता के प्रति प्रत्येक नागरिक को जागरूक करना था। प्रधानमंत्री ने स्वयं अपने हाथ में झाड़ू लिया था। हम देश और मातृभूमि को गंदा नहीं होने देंगे। सबसे पहले स्वच्छता अभियान चला। 12 करोड़ घरों में एक-एक शौचालय बनाने से 60 करोड़ लोगों को लाभ मिला। यह बहुत बड़ा कार्य है। यह क्रम लगातार बढ़ता रहा। शौचालय बनाने का मतलब स्वच्छता के प्रति हर नागरिकों को आग्रही बनाना और नारी गरिमा की रक्षा करना भी था। इस सीजन में गांवों में पैदल नहीं जाया जा सकता था। रास्तों में बदबू आती थी, लेकिन 2014 के बाद परिवर्तन आया तो आज गांव और वार्ड भी साफ-सुथरे हैं। इसने नारी के साथ भारत के गरिमा की भी रक्षा की। भारत के बारे में लोगों की सोच में परिवर्तन लाया गया। आज दुनिया भारत के बारे में अच्छा सोचती है।

**बीमारियों से लोगों को मिली राहत**

सीएम योगी ने कहा कि गंदगी से होने वाली अनेक बीमारियों से लोगों को राहत मिली। प्रधानमंत्री ने उपचार के लिए आयुष्मान भारत की सुविधा दी। तमाम बीमारियां गंदगी के कारण पैदा होती थीं, लेकिन स्वच्छता से जुड़ने का परिणाम रहा कि उन बीमारियों से राहत मिली तो घर में बचत भी हुई। स्वच्छ भारत अभियान स्वस्थ भारत के साथ-साथ सशक्त व समर्थ भारत की भी आधारशिला है। पीएम ने आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में देशवासियों से कहा कि हमें भारत को विकसित बनाना है। इसके लिए शताब्दी संकल्प अभियान के साथ जोड़ा गया। देश जब आजादी के 100 वर्ष मनाएगा, उस समय हमें विकसित, समर्थ, आत्मनिर्भर और सशक्त भारत चाहिए। दुनिया का कोई देश भारत की तरफ आंख टेढ़ी करके नहीं देख सकता। यह केवल पीएम का नहीं, सभी भारतवासियों का संकल्प है। इसमें सबसे बड़ी जिम्मेदारी काशीवासियों की ही है, क्योंकि संसद में मोदी जी काशी का ही प्रतिनिधित्व करते हैं।

**स्वच्छता के आधार और मित्र हैं स्वच्छता कर्मी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि वाराणसी दक्षिण के कार्यकर्ताओं व स्वच्छता मित्रों का अभिनंदन किया और 75 दिन तक चले इस कार्यक्रम को अद्भुत बताया। बोले- यह कार्य नई प्रेरणा व नया प्रयोग भी है। 33 हजार से अधिक जनसमस्याओं का मौके पर समाधान हुआ है। इसे लेकर विवाद भी हो सकता था, लेकिन समय रहते यह समस्याएं समाप्त हो गई और लोगों को समाधान मिला। कार्यकर्ताओं, पार्षदों व नगर निगम अधिकारियों ने समाधान को लेकर अपनी जिम्मेदारियों को समझा। ऐसे कार्यक्रम नजीर बनते हैं। कार्यकर्ताओं को स्वच्छता कर्मियों के साथ संवाद बनाने का अवसर प्राप्त हुआ। स्वच्छता कर्मी स्वच्छता के आधार और मित्र हैं। यह स्वच्छता के साथ हमें जोड़ने का आग्रह करते हैं। स्वयं के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करते हुए भी दूसरों के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए प्रयत्न करते हैं।

**जो जनप्रतिनिधि जनता के बीच रहेगा, जनता उसे आशीर्वाद देती रहेगी**

सीएम ने कहा कि काम करने से कोई छोटा नहीं होगा। व्यक्ति जितना मेहनत करेगा, उतना ही स्वस्थ होगा। जो भी व्यक्ति मेहनती था, कोरोना उसके दूर-दूर तक नहीं फटक पा रहा था। कोरोना जैसी वैश्विक महामारी को भी मेहनतकश लोगों ने मात दे दी। महर्षि वाल्मीकि की परंपरा में आने वाला व्यक्ति समाज को सही दिशा देगा और हमेशा रचनात्मकता की तरफ ले जाएगा। उन्होंने कहा कि रचनात्मकता की केंद्रबिंदु बाबा विश्वनाथ की धरा काशी से बन रही है। पार्षद से लेकर सांसद तक हर जनप्रतिनिधि को जनता के बीच रहना है। समस्याओं को मौके पर जाकर सुनना है और समाधान का रास्ता निकालना है। जो बचेगा, वह प्रशासन और शासन के सम्मुख रखकर समाधान का रास्ता निकालना है। जो जनप्रतिनिधि ऐसा करेगा, जनता उससे हमेशा संतुष्ट रहेगी। जनता उसे लगातार अपना आशीर्वाद भी देती रहेगी।

**सीएम का आह्वान- इस दीपावली हर गरीब के घर पहुंचाएं मिठाई**

सीएम ने कहा कि पर्व अकेले मनाने के आयोजन नहीं होते। सीएम ने आह्वान किया कि प्रदेश स्तर पर प्रयास करना चाहिए कि दीपावली पर हर स्वच्छता मित्र व स्वच्छता कर्मी को मिष्ठान वितरित करें। हर गरीब के घर में भी दीप जले और दीपावली की मिठाई जरूर पहुंचे। जब गरीब अपने घर में दीपक जलाएगा और मिष्ठान का स्वाद लेगा तो हमारी दीपावली भी बहुत अच्छी होगी। यही समाज की समरसता है। हमारा काम जोड़ना है, तोड़ने के लिए सपा-कांग्रेस पहले से बैठी है। हमें समाज को तोड़ने नहीं देना है। एक भारत-श्रेष्ठ भारत, समर्थ-सशक्त भारत, विकसित और आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला बनेगी। इसके लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना होगा।

**पीएम के विजन के अनुरूप काशी को बनाएंगे स्वच्छ व सुंदर**

सीएम योगी ने कहा कि काल भैरव, काशी विश्वनाथ, मां अन्नपूर्णा व मां गंगा भी वाराणसी दक्षिण से ही होकर निकलती हैं। इनकी कृपा सदा बनी रहेगी। पीएम के विजन के अनुरूप हम काशी को स्वच्छ व सुंदर बनाएंगे।

काशी ने स्वच्छता के लक्ष्य को अच्छे से बढ़ाया है। 41वें से सीधे 17वें रैंक पर आ गए। हमारी कोशिश होनी चाहिए कि देश में टॉप-5 में काशी रहनी चाहिए। हर काशीवासी की जिम्मेदारी है कि काशी स्वच्छ हो। सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करें। अपने घर की गंदगी को सड़क या सार्वजनिक स्थानों पर नहीं फेकेंगे। भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली काशी स्वच्छता के मानकों को पूरा करने के लिए देश को नेतृत्व प्रदान करती दिखाई देगी।

# किसानों पर गिरी चारों तरफ से गाज कोई सुविधा नहीं गन्ना से लेकर धान की फसल हुई बर्बाद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**विश्व देव राठौर**

**बरेली/**इस क्षेत्र में सबसे अधिक किसान गन्ना की फसल उगाते थे जिसके खरीदने के लिए चीनी मिले बनी थी चीनी मिलों ने भी किसानों का गन्ना लेने के बाद भुगतान न देना प्रारंभ कर दिया जिससे किसानों की कमर टूट गई इधर किसानो की खड़ी गन्ने की फसल में सडन की बीमारी पैदाहुई जिससे किसानों की फसल नष्ट हो गई तो किसानों पर दोहरी मार पड़ी एक तरफ चीनी मिलों ने गन्ना लेने के बाद भुगतान नहीं दिया । दूसरी तरफ पैदा की गई फसल खेतों में सूख गई तो किसानों ने अपना रुख गन्ना की तरफ से बदल कर धान की फसल को उगाना प्रारंभ किया परंतु अब किसानों के खेत में खड़ी धान की फसल भुंन्का जैसी बीमारी उत्पन्न हो गई है जिसके तहत किसानो की धान की तैयार फसल खेतों में बुरी तरह से गिरकर नष्ट हो गई जिसके कारण किसान बर्बाद होता जा रहा है इस बीमारी का कृषि विभाग के पास भी कोई ठोस साधन नहीं है जिससे किसानों की फसल बचाई जा सके । इसी तरह गन्ने की



फसल को लेकर भी किसान काफी चिंतित रहा गन्ना विभाग ने भी कोई मजबूत उपाय नहीं खोज पाया केवल एक बात कह दी गई जिस गन्ने में बीमारी लग रही है उस प्रजाति को किसान भाई ना बोले किसान गन्ने की खेती से तो उभरा नहीं परंतु अव धान में भी लगी संक्रामक बीमारी जिसके तहत किसानों के लैलहाते धान के खेत इस बीमारी की चपेट में आकर पूरी तरह से पर नष्ट हुए हैं जैसे खड़ी फसल में किसी ने पाटा लगा दिया हो। ऐसी स्थिति में किसान के आगे अब हाथ पै हाथ रखे बैठे रहने के सिवा कोई भी उपाय नहीं बचा है परंतु सबसे आश्चर्य जनक बात यह है किसानों द्वारा कृषि ऋण लिया गया सभी किसानों के फसली बीमा भी किए जा चुके हैं परंतु उसका मुआवजा किसी भी किसान को नहीं दिया जा सका है बैंक कहती है केसीसी का ऋण गन्ने की फसल पर दिया गया है परंतु गन्ना का बीमा नहीं होता है । धान की फसल नष्ट होने पर कह देती है धान गेहूं की फसल पर हमने केसीसी का कर्ज़ नहीं दिया है ऐसी स्थिति में किसानों के साथ चारों तरफ से अपेक्षा ही अपेक्षा मिल रही है जिसके कारण किसानो की बर्बादी होती जा रही है परंतु उसकी इस दुर्दशा पर कोई भी गौर नहीं किया जा रहा है जिसके कारण वह बर्बाद होता जा रहा है किसानों ने शासन से मांगती है उनके साथ भी न्याय संगत कार्य किया जाए ताकि वह अपनी जीविका को आसानी से चला सके कहने को कृषि प्रधान देश है पर सुविधा कोई भी नहीं है।

# ग्राम रायपुर मे मत्स्य पालको की बैठक का किया गया आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** दिनांक 6.10.2025 को एक बैठक का आयोजन सुरेश चंद कनौजिया मत्स्य कल्याण संगठन उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में ग्राम रायपुर ब्लाक कुंभी तहसील गोला गोकर्णनाथ के शंकर जी के मंदिर के प्रांगण में आयोजित की गई। बैठक में बैठक में समस्त क्षेत्रीय पट्टा धारक सम्मिलित हुए। और अनेक प्रकार की समस्याएं हेतु मत्स्य पालन के संबंध में जो आती है।निराकरण करने हेतु उपायों पर विचार विमर्श किया गया ।

बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष सुरेश चंद कनौजिया ने की । तथा प्रदेश महामंत्री गिरजाशंकर कश्यप कल्पन कवि ने समस्त पट्टाधारको को अनेक सुझाव दिए। उनकी मागो मे 1.मछुआ समुदाय के व्यक्तियों को दसवर्ष के स्थान पर 99 वर्ष हेतु व भुमिधरी तालाब पट्टाधारक द्वारा स्वीकृत किये जाये। 2.तालाब पट्टेदारो को जलापूर्ति हेतु तालाब पर लाइट कनेक्शन तथा बोरिंग मोटर आदि निश्शुल्क प्रदान किये जाये73.भूतपूर्व में दसवर्षो किये गए तालाब को 99 की वर्ष अवधि हेतु पट्टा स्वीकृत किये जाये जिससे स्थाई रूप से तालाबो में वैज्ञानिक विधि से मत्स्य पालन हो सके ।4.मत्स्य पालन की वृध्दि हेतु उचित मूल्य पर तालाब पट्टेदारो को मत्स्य बीज उपलब्ध कराया जाये।5.तालाबो पर भूमि अधिग्रहण तेजी के साथ हो रहा है 7 मौके की स्थित के आधार पर तालाब का क्षेत्रफल कही-कही आधा तो कही-कही शून्य हो रहा है, ऐसी स्थित में प्रत्येक तालाब का सीमाकंन कराया जाये।6.प्रत्येक पट्टेदार को तालाब पर निगरानी करने हेतु प्रधानमंत्री आवास शासन द्वारा आवास की स्वीकृति अनिवार्य की जाये। 7.तालाब पट्टेदारो का शासन द्वारा 25 लाख का बीमा स्वीकृत किया जाये। 8. तालाबो का उचित गहराई तथा उचित चौड़े बंधो के निर्माण हेतु प्रत्येक पट्टेदार को मानकों के अनुसार अनुदान राशि उपलब्ध करायी जाये 7 मनरेगा की धनराशि पट्टेदारो को उपलब्ध करायी जाये79.तालाब पट्टेदार की मृत्यु हो जाने पर मृतक आश्रित को तालाब को शासकीय अधिकार अपेक्षित न किया जाये। उक्त तालाब का अधिकार आश्रित को ही दिया जाये। इस अवसर पर रपुत्तू लाल,अशोक कुमार कश्यप,जितेंद्र कुमार, रामगोपाल कश्यप,शिव कुमार,राकेश कुमार कश्यप, टेनी कुमार कश्यप,नवनीत कुमार ,राकेश कुमार,राजेंद्र प्रसाद आदि लोग मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के तहत महिलाओ व स्कूली छात्राओ को किया जागरूक

**● इस दौरान उनके लिये सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओ की दी जानकारी।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** मिशन शक्ति 5.0 के दृष्टिगत नेता जी सुभाष चंद्र बोस इंटर कॉलेज ग्राम करनपुर थाना गोला में बालिकाओं को गोला पुलिस पुलिस टीम द्वारा जागरूक किया गया। इस दौरान उपनिरीक्षक विजेंद्र पासवान व महिला उपनिरिक्षक अपूर्वा शर्मा ने ऑपरेशन गरुड़ के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित साइबर सुरक्षा व साइबर अपराध की जानकारी दी, शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं जैसे,विधवा पेंशन योजना ,वृध्दावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजनाप्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आदि से अवगत कराते हुए महिलाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन के प्रति जागरूक करते हुए, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे-वीमेन पावर लाइन-1090,वीमेन हेल्पलाइन नंबर -181,पुलिस आपातकालीन सेवा -112, गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एंबुलेंस हेल्पलाइन-102, एंबुलेंस सेवा -108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर -1076, चाइल्ड लाइन 1098,अग्निशमन सेवा -101, साइबर हेल्पलाइन -1930, गुड टच बैड टच एवं साइबर अपराध,समय के महत्व से अवगत कराते हुए, अंत में उपनिरीक्षक विजेंद्र कुमार पासवान व महिला उपनिरिक्षक अपूर्वा शर्मा द्वारा बालिकाओं की सभा को "यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवताः" के अर्थ से परिचित कराया गया।

# दीपावली अमावस्या मेले को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर एडीएम ने ली बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चित्रकूट ब्यूरो:** आगामी दीपावली अमावस्या मेले के दृष्टिगत सोमवार को अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें एडीएम ने सम्बन्धित पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों को सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करते हुए मेले को सकुशल सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार इस वर्ष दीपावली अमावस्या मेला पर्व 20 अक्टूबर को पड़ रहा है। जिसे सकुशल संपन्न कराने के लिए सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट नामित किए गए हैं, जो संपूर्ण मेला क्षेत्र में निर्धारित स्थलों पर तैनात रहकर मेले को सकुशल संपन्न कराएंगे। नामित मजिस्ट्रेटों से कहा कि वह तैनाती स्थल में उपस्थित रहकर पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर शांति व्यवस्था बनाए रखते हुए मेला को सकुशल संपन्न कराएं। एडीएम ने अधिशासी अधिकारी पालिका परिषद कर्वी व जिला पंचायत राज अधिकारी से कहा कि पूरे मेला क्षेत्र में साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रहनी चाहिए तथा कही पर अन्ना जानवर नहीं



दिखने चाहिए। रामघाट व परिक्रमा पथ पर में अच्छी सफाई व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही रामघाट एवं परिक्रमा मार्ग पर निर्बाध विद्युत व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे व मोबाइल शौचालय, पेयजल आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। चिकित्सा विभाग को पूर्व की भांति एंबुलेंस एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम को तैनात करने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग को टूटी हुई तारे व जर्जर पोल को दुरुस्त करने को कहा। अधिशासी अभियंता सिंचाई को रामघाट में मां मंदाकिनी गंगा समुचित साफ-सफाई करवाने तथा बैरिकेडिंग, गोताखोर व नाव आदि की व्यवस्था करने को कहा। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर व यातायात प्रभारी को भ्रमणशील रहकर यातायात संबंधी व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। कहा कि टैक्सी व ई-रिक्शा चालक क्षमता से अधिक सवारी न बैठाने पाएं। एसडीएम व पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर से कहा कि मेला से पूर्व पूरे मेला क्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा ले तथा समस्या होने पर अवगत कराएं ताकि समय रहते कार्य को पूर्ण कराया जा सके। कहा कि मेले के दौरान भीड़ को देखते हुए समुचित पार्किंग व्यवस्था कराई जाए ताकि मेला क्षेत्र में किसी प्रकार का व्यवधान न हो। कहा कि रेलवे स्टेशन सहित प्रमुख स्थानों में पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल को तैनात करें। कहा कि दीपावली अमावस्या मेला में श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ आती है, इसलिए जो कमियां हो उनको तत्काल दूर कराएं, ताकि मेला के दौरान कोई समस्या न हो। बैठक में उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर अरविंद कुमार वर्मा, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग अखिलेश कुमार सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# स्नातक विधायक चुनाव को लेकर भाजपा ने कार्यकर्ताओं को सौंपी जिम्मेदारियां

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चित्रकूट ब्यूरो:** स्नातक विधायक चुनाव के सम्बन्ध में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें पार्टी कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक स्नातक मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट में दर्ज कराने को कहा गया। कार्यशाला में कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री संतविलाश शिवहरे ने कहा कि स्नातक विधायक का चुनाव अन्य चुनावों से भिन्न होता है, इसमें वहीं लोग प्रतिभाग करते है, जिन्होंने स्नातक किया हो। कहा कि पार्टी कार्यकर्ता मिलकर स्नातक विधायक चुनाव के लिए अधिक से अधिक मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट में लिखवाएं ताकि आने वाले चुनाव में पार्टी द्वारा घोषित प्रत्याशी को विजई दिलाई जा सके। भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य ने कहा कि पार्टी की बूथ स्तर तक की




संरचना है। इसलिए सभी कार्यकर्ता प्रत्येक घरों के स्नातक मतदाताओं को चिन्हित करते हुए उनका नाम वोटर लिस्ट में दर्ज करवाएं और स्नातक विधायक के चुनाव को सकुशल सम्पन्न करवाएं। इस मौके पर पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, पूर्व जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे, भाजपा नेत्री रंजना उपाध्याय, भाजपा नेता पंकज अग्रवाल, आलोक पांडेय, भागवत त्रिपाठी, देव त्रिपाठी, अश्विनी अवस्थी, राघवेन्द्र सिंह, हीरो मिश्रा, प्रेमलाल बाल्मीकि, दिव्या त्रिपाठी, राजेश्वरी द्विवेदी, साधना सिंह विकास मिश्रा, रवि गुप्ता, श्रवण पटेल, राजा मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# नौ किलो 400 ग्राम गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भरतकूप, चित्रकूट:** जनपद में मादक पदार्थो की तस्करी व बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना भरतकूप टीम द्वारा एक आरोपी को नौ किलो 400 सूखे गांजा के साथ गिरफ्तार किया। थाना भरतकूप प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह द्वारा जनपद में मादक पदार्थो की तस्करी व बिक्री की रोकथाम के लिए दिए गए निर्देशानुसार थाने के उपनिरीक्षक अभिषेक सिंह व उनकी टीम उपनिरीक्षक अतीन्द्र सिंह चौहान, मुख्य आरक्षी शैलेन्द्र सिंह, आरक्षी प्रवीण पाण्डेय व शक्ति सिंह द्वारा चेकिंग के दौरान आरोपी पुष्पराज सिंह निवासी ग्राम गढवा थाना मऊ को नौ किलो 400 ग्राम सूखे गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में आरोपी के विरुद्ध थाना भरतकूप में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# ट्रक का पैसा लेने के बावजूद अभिलेख ट्रांसफर नहीं कर रहे पिता-पुत्र

**● पीड़ित ने लगाई न्याय की गुहार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चित्रकूट:** पैसा लेने के बावजूद ट्रक के कागजात ट्रांसफर न करने के मामले में पीड़ित ने प्रधान पति के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। साथ ही आरोपियों को गिरफ्तार किए जाने की मांग की है। कर्वी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत कोलगदहिया गांव के निवासी गुलाब अहमद ने बताया कि ग्राम पंचायत के प्रधान के पति मोहम्मद समीम और प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद सलीम से उसने एक ट्रक खरीदा था, जिसके लिए बीती तीन जून 2024 को एक लाख रुपये अग्रिम बयाना देने के बाद अलग-अलग किस्तों में उनसे टाटा फाइनेंस खाते में जमा कराए गए। इसके बाद एकमुश्त 25,03,446 रुपये की धनराशि कर्वी के पंजाब नेशनल बैंक के खाते में जमा कराई गई। इस प्रकार उससे 27 लाख रुपये से अधिक की धनराशि लेने के बाद अब मोहम्मद समीम और मोहम्मद सलीम ने ट्रक उनके नाम ट्रांसफर कराने से इंकार कर दिया है। आरोपी अब फाइनेंस कंपनी से प्रमाण पत्र आने के बाद ट्रक देने की बात कह रहे है। जबकि इन मुद्दों पर पहले की स्पष्ट बात हो गई थी, जब पूर्व में हुई वार्ता का हवाला देते हुए पीड़ित ने ट्रक को अभिलेखों में ट्रांसफर करने की बात कही, तो आरोपियो ने उसे जान से मारने की धमकी दी। जिसके बाद पीड़ित ने कर्वी कोतवाली में मोहम्मद समीम व मोहम्मद सलीम के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। साथ ही आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए ट्रक ट्रांसफर कराने की मांग की है। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की विवेचना खोह चौकी प्रभारी रामाधार सिंह यादव को सौंपी है।

## संक्षिप्त खबरें

### जागरूकता से ही संचारी रोग नियंत्रण संभव



**भदोही/सुरियावा** 6 सितंबर सोमवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय सुरियावां के प्रांगण से संचारी रोग नियंत्रण और जागरूकता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ अभिषेकनाग और खंड विकास अधिकारी ब्रजेश कुमार त्रिपाठी एवं खंड शिक्षा अधिकारी यशवंत सिंह के नेतृत्व में निकाली गई । इस अवसर पर रैली को संबोधित करते हुए,खंड शिक्षा अधिकारी सुरियावां यशवंत सिंह ने कहा कि जन जागरूकता और स्वच्छता अभियान से ही हम संचारी रोगों को नियंत्रित कर सकते हैं। इस अवसर पर बोलते हुए खंड विकास अधिकारी ब्रजेश नारायणत्रिपाठी जी ने स्वच्छता के लिए पंचायत स्तर पर प्रत्येक घर द्वारा स्वच्छता उपायों पर चर्चा की गई।जल जमाव न होने देने,ब्लीचिंग पावडर का छिड़काव, मच्छरदानी का प्रयोग,कूलर में पानी न इकट्ठा होने, भोजन और शौच से पहले साबुन से हाथ धोने जैसे उपायों पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुरियावां के अधीक्षक डॉ अभिषेक नाग, ने चर्चा किया ।इस मौके स्वास्थ्य विभाग के टीम की तरफ से धीरज राज बीपीएम एवं प्रवीण सिंह सुरेश सिंह एच एस व प्रमोद सिंह, बनारसी दास, देवेंद्र कुमार मिश्र सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

### थाना भदोही पुलिस टीम द्वारा एक अदद अवैध 315 तमंचा दो अदद जिंदा कारतूस के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल हुई



**भदोही** जनपद में चुस्त दुरुस्त कानून व्यवस्था की दृष्टिगत अभिमन्यु मांगलिकपुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम व आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है।उक्त के क्रम में दिनांक 06.10.2025 को थाना भदोही पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र देखभाल के लिए रवाना हुए थे कि ग्राम मखदुमपुर सिंह दरबार ढाबा से 100 मी रात को एक व्यक्ति पैदल जाते दिखाई दिखाई दिया, जिसको रोक टोक पर भागने लगा, पुलिस के तत्परता से उसको पकड़ लिया । जिससे पूछताछ व तलाशी करने पर अपना नाम शाहरुख अहमद पुत्र सलीम निवासी घमहापुर थाना व जनपद भदोही उम्र करीब 19 वर्ष बताया ,जिसकी तलाशी के दौरान 01 अदद अवैध तमंचा 315बोर व 02 अदद जिंदा कारतूस कब्जे से बरामद हुआ। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर पर उपरोक्त अभियुक्त के विरुद्ध थाना भदोही पर मु0अ0 सं0 456/2025 धारा 3/25आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करते हुए चालान माननीय न्यायालय किया गया।

### गांजा बिक्री के अवैध कारोबार में लिप्त शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

**कब्जे से झोले में 1 किलो 350 ग्राम नाजायज गांजा, बरामद**



**भदोही** अभिमन्यु मांगलिक,पुलिस अधीक्षक भदोही के कुशल निर्देशन में जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी/बिक्री के पूर्णतया रोकथाम एवं अवैध कारोबार में लिप्त मादक कारोबारी/तस्करों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही क्रम में दिनांक-05.10.2025 को थाना भदोही पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र देखभाल के लिए रवाना पर पुलिस टीम द्वारा ग्राम मथुरापुर मजार के पास गांजा बिक्री के अवैध कारोबार में लिप्त शातिर अभियुक्त साहिल अहमद पुत्र तारीफ अहमद स्थाई पता घमहापुर थाना व जनपद भदोही, वर्तमान पता मामदेवपुर कालोनी इंद्रावास थाना व जनपद भदोही उम्र 19 वर्ष को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों के कब्जे से झोला में 1 किलो 350 ग्राम नाजायज गांजा, कीमत 34,750/बरामद किया गया है। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध थाना भदोही पर मु0अ0सं0-455/2025 धारा-8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही किया गया।

# "विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान" का डीएम ने शुभारम्भ कर स्वस्थ व्यवहार अपनाना है, संचारी रोगों को हराना है संदेश से लोगो को किया जागरूक

**● प्राथमिक विद्यालय ज्ञानपुर बीआरसी से "विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान" का जिलाधिकारी ने शपथ दिलाकर, रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया शुभारम्भ**

**जनपद के समस्त बेसिक विद्यालयों में ग्राम प्रधानों, स्वास्थ्य कर्मियों व जनसहभागिता से संचारी रोग से बचाव हेतु संगोष्ठी कर लोगों को किया गया जागरूक-मुख्य विकास अधिकारी**

**7 उपायो से वार, संचारी रोगों की होगी हार-जिलाधिकारी शैलेष कुमार**

**05 से 31 अक्टूबर तक चलेगा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान-सी0एम0ओ0**

**बुखार में देरी पड़ेगी भारी, संचारी रोगो से बचाव तथा इसके लक्षणों एवं उपचार सुविधाओं के प्रति 1355 गठित टीमों द्वारा किया गया जागरूक-जिला मलेरिया अधिकारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही** 06 अक्टूबर 2025:- संचारी रोगों से बचाव तथा इसके लक्षणों व उपचार सुविधाओं के प्रति जागरूक करने के दृष्टिगत जनपद स्तर पर विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारम्भ जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने प्राथमिक विद्यालय ज्ञानपुर में आमजन मानस को जागरूक कर व संचारी शपथ दिलाते हुए हरी झण्डी दिखाकर प्रचार जागरूकता गाड़ी रैली को रवाना किया। यह रैली दुर्गागंज त्रिमुहानी तक आमजन जनमानस को जागरूक किया गया।

जिलाधिकारी ने शपथ के द्वारा लोगों को जागरूक किया कि हम सभी अपने गॉव, ब्लाक, जनपद व देश को रोगमुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ व्यवहार अपनाना है, संचारी रोगों को हराना है। हम सभी व्यक्तिगत साफ-सफाई का ध्यान रखेगे, अपने घर के पास साफ-सफाई का ध्यान रखेगें। अपने गॉव और मुहल्ले के वातावरण को स्वच्छ रखेंगे तथा सामुदाय को साफ-सफाई और स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे। संचारी रोग हमारे गॉव अथवा क्षेत्र में रहने वाले परिवारों को आर्थिक नुकसान का एक बड़ा कारण हो सकते है। उन्होंने कहा कि संचारी रोगों से लड़ाई में हम सभी भदोहीवासी हर सम्भव प्रयास करेंगे कि हमारे परिवार और समुदाय रोगों से मुक्त रहें। हमारे गॉव अथवा हमारे आस-पास के क्षेत्र में यदि कोई व्यक्ति बुखार से पीड़ित होगा तो उसके परिवार को तुरन्त इलाज के लिए सरकारी अस्पताल जाने हेतु प्रेरित करेंगे।

मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविन्द शुक्ल ने बताया कि संचारी रोगों की होगी हार इसके लिए उन्होंने 7 वार/उपायों से सभी को जागरूक किया कि-मस्तिष्क ज्वर का पहला टीका 9 माह से 12 माह के बच्चों को और दूसरा टीका 16 माह के 24 माह के बच्चों को नियमित टीकाकरण के अन्तर्गत जरूर लगवायें। घरों के आस-पास साफ-सफाई रखें। मच्छर से बचने हेतु पूरी बाह वाली कमीज व पैंट पहने, स्वच्छ पेयजल ही पीये, आस-पास जल-जमाव न होने दे। कुपोषित बच्चों के प्रति विशेष ध्यान रखें। व्यक्तिगत साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संतोष कुमार चक व जिला मलेरिया अधिकारी राम आसरे द्वारा बताया गया कि जनपद भदोही में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान हेतु कुल 1355 टीमे गठित की गयी है। इसी क्रम में आज जनपद के समस्त बेसिक विद्यालयों में प्रधानों, आशा, एएनएम, आगनबाड़ी कार्यकत्रियों, शिक्षकों, ग्रामवासियों के द्वारा



जागरूकता रैली निकालकर संचारी रोग से बचाव/सुझाव पर संगोष्ठी कर लोगों को जागरूक किया गया। इसके साथ-साथ जनपद के सभी पीएचसी, सीएचसी, समस्त विकास खण्ड कार्यालय व अधिशासी अधिकारी कार्यालय व अन्य कार्यालय द्वारा भी संचारी रोग नियंत्रण हेतु संगोष्ठी आयोजित करते हुए जनमानस को जागरूक किया गया।

जिला मलेरिया अधिकारी रामआसरे ने बताया कि आज से प्रारम्भ हुए विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का सफल व क्रियान्वयन पूरे माह 31 अक्टूबर तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा बुखार की रोगियों की सूची आई0एल0आई0, क्षय रोग के लक्षण युक्त व्यक्तियों की सूची, कुपोषित बच्चों की सूची, क्षेत्रवार ऐसे मकान की सूची जहॉ घरों के भीतर मच्छरों का प्रजनन पाया गया हो। पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए प्रति दिन प्रगति रिपोर्ट से सम्बन्धित उच्चाधिकारियों को अवगत करायेंगे। प्रदेश स्तरीय इस अभियान में जनपद के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, नगर विकास विभाग, पंचायती राज विभाग/ग्राम्य विकास विभाग, शिक्षा विभाग, सूचना विभाग, पशुपालन, बाल विकास एवं पुष्टाहार, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, उद्यान विभाग, वन विभाग व अन्य विभाग द्वारा सक्रिय सहभागिता किया जा रहा है।

जिला स्तरीय शुभारम्भ अवसर पर बीएसए विकास चौधरी, सहित अन्य अधिकारीगण, जनमानस, सम्मानित मीडिया बन्धु उपस्थित रहे।

## एपेक्स मेडिकल कॉलेज के छात्रों के दो गुटों में हुए मारपीट के दौरान घायल छात्र संस्कार की मौत

**चुनार, मिर्जापुर।** कोतवाली क्षेत्र के समसपुर स्थित एपेक्स आर्युवेदिक कालेज में बिते 21 नवम्बर डांडिया खेल को लेकर कालेज परिसर में छात्रों के दो गुटों में मारपीट के दौरान बी एम् एस के छात्र संस्कार गुप्ता व उसका साथी आयुष राज व संस्कार गुप्ता को कुछ साथियों ने लाठी-डंडे से पिटाई कर दी थी जिसमें हालत गंभीर होने पर दोनों घायलों को पापुलर हॉस्पिटल वाराणसी में भर्ती कराया गया था संस्कार का साथी आयुष राज का कुछ दिन उपचार के तबियत ठीक होने पर डाक्टरों ने उसे छुट्टी दे दी गई थी। सोमवार को आयुष का साथी संस्कार गुप्ता पुत्र अशोक गुप्ता निवासी चेनारी भभुआ बिहार को डाक्टर नहीं बचा पाए जिसकी सुबह मौत हो गई।इस संबंध में कोतवाल विजय शंकर सिंह ने बताया कि घटना में सम्मिलित सभी आरोपीयों को मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया मृत्यु हो जाने पर धारा 302 में तब्दील कर दिया गया है।

## अज्ञात वाहन की चपेट मे आने से युवक की हुई मौत





**● सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर रेफर, ईलाज के दौरान युवक की हुई मौत, परिजनों में छाया मातम**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अहरौरा, मीरजापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर स्थित पट्टीखुर्द ओवरब्रिज के पास सड़क क्रॉस कर रहे युवक को अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दिया और वाहन फरार हो गया, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया स्थानीय लोगो ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नई बाजार निवासी पप्पू सोनकर पुत्र प्यारे सोनकर ( 45 ) वर्ष, प्रतिदिन की भांति आज भी प्रातः नारियल बेचने के लिए घर से अहरौरा बाईपास वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पर जा रहा था कि जैसे ही वह बाईपास ओवरब्रिज के पास सड़क क्रॉस कर रहा था तभी पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने धक्का मार दिया और चालक वाहन लेकर फरार हो गया जिससे युवक वही गिर गया और लहूलुहान हो गया मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने आस पास के लोगो के मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अहरौरा भिजवाया जहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। इसी दौरान ट्रामा सेंटर में उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों मे कोहराम मच गया। परिजनों द्वारा मृतक की शव को पोस्टमार्टम बीएचयू वाराणसी में करा रहे हैं। मृतक के दो पुत्र व एक पुत्री हैं। मृतक प्रतिदिन दैनिक मजदूरी और नारियल बेचकर परिवार का जीविकोपार्जन का करता था।

## 90 दिवसीय मेरा भारत,नशा मुक्त भारत अभियान का भव्य आगाज़

**● मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि ने नशा मुक्ति अभियान रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना।**

**अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चुनार, मीरजापुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा भारत सरकार के नारकोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो के साथ हुए आपसी समझौते के अनुसार देशव्यापी रूप में चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत रविवार को कैलहट चुनार में 90 दिवसीय अभियान का भव्य आगाज़ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज योगिनी ब्रह्माकुमारी परिणीता दीदी सह निदेशिका पूर्वी उत्तर प्रदेश भारत एवं नेपाल, मुख्य अतिथि श्री नारायण स्वामी गुरु जी महाराज उड़िया बाबा आश्रम रामघाट वृंदावन, विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग सोहन श्रीमाली व रमेश जी प्रांत प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ काशी प्रांत एवं संचालन ब्रह्माकुमारी तापोषी दीदी शाखा प्रभारी सारनाथ वाराणसी ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ब्रह्माकुमारीज़ नेपाल की अध्यक्षा एवं पूर्वी उ.प्र. की सह-निदेशिका राजयोगिनी ब्र.कु. परिणीता दीदी ने कहा कि नशा एक सामाजिक अभिशाप है जिससे परीवार में विखराव और सम्बन्धों में कटुता आने लगता है। नैतिक और चारित्रिक पतन का मूल कारण भी नशा ही है जिससे सामाजिक अपराध बढ़ते जा रहे हैं। हमें इस अभिशाप और अपराध वृत्ति से मुक्त होने के लिए राजयोग जीवनशैली को अपनाना होगा।मुख्य अतिथि श्रीनारायण स्वामी जी महाराज ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान संस्कार परिवर्तन द्वारा समाज परिवर्तन का भागीरथ प्रयास है।हम सभी को इस अभियान का हिस्सा बनकर सामाजिक परिवर्तन के लिए आगे आना होगा। विशिष्ट अतिथि सोहनलाल श्रीमाली, मा0 उपाध्यक्ष, राज्य पिछडा वर्ग आयोग ने नशे को बौद्धिक पिछडापन बताते हुए स्वयं को इससे निकालकर समाज के अग्र पंक्ति में आने का आव्हान किया। दूसरे अतिविशिष्ट अतिथि राम प्रकाश दूबे, निदेशक, सहकारी यूनियन, उ.प्र. ने वैश्विक परिवर्तन में संस्था की अहम् भागीदारी और अतुलनीय योगदान की महिमा करते हुए संस्था के साथ मिलकर कार्य करने की जरूरत पर बल दिया। मुख्य वक्ता मुम्बई से आए हुए कारपोरेट ट्रेनर, काउंसलर एवं हिप्नोथिरेपिस्ट ब्र.कु. डा. सचिन परब ने नशे के आदी व्यक्ति को आध्यात्मिक और भावनात्मक हीलिगं प्रदान कर, आंतरिक चेतना के विकास द्वारा जीवन की नई राह प्रदान किया जा सकता है। क्योंकि आध्यात्मिक शक्ति और भावनात्मक हीलिगं व्यक्ति को अंदर से ऊर्जावान बनाने में सक्षम है।भव्य समारोह




में उपस्थित समाज के विभिन्न वर्ग एवं क्षेत्र के प्रबुद्धजनों ने इस अभियान के प्रति अपनी शुभ-कामनायें देते हुए अभियान के पूर्ण सफलता की कामना की। अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्जवलन के साथ आरम्भ हुए कार्यक्रम में संस्था की स्थानीय प्रभारी ब्र.कु. बीनू बहन, सह-प्रभारी ब्र.कु. तारा बहन के साथ ब्र.कु. विद्या, ब्र.कु. सुनिता, ब्र.कु. गूंजा एवं अन्य ब्रह्माकुमारी बहनें चनतारा, चेतना, चंचला, डा. प्रियंका, दीपिका के साथ छत्तीसगढ की ब्र.कु. सलिना आदि ने पुष्प गुच्छा, तिलक, अंगवस्त्रम और साफा आदि प्रदान कर तो कुमारी ज्योति ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत द्वारा अतिथियों का स्वागत किया।

स्वागत मन्तव्य राजबहादूर सिंह, पूर्व अधीक्षण अभियंता एवं प्रबंधक राजदीप महाविद्यालय, कैलहट ने, कार्यक्रम का विषय प्रस्तुत किया। ब्रह्माकुमारी पूर्वी उ.प्र. के प्रबंधक राजयोगी ब्र.कु. दीपेन्द्र व चुनार की प्रभारी ब्र.कु. बीनू बहन ने धन्यवाद ज्ञापित किया। उक्त अवसर पर वाराणसी से आए नन्हें बाल कलाकार रामकृष्ण, राधेकृष्ण एवं राधाकृष्ण और चुनार के स्थानीय बाल कलाकारों ने संगीतमयी नाट्य प्रस्तुति से कार्यक्रम में शमा बांधा।

### मिशन शक्ति 5-0 के अंतर्गत नारी सुरक्षा सम्मान नारी स्वावलंबन के तहत नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा किया गया सम्मान



**भदोही/सुरियावां** 6 सितंबर 2025 सोमवार को मिशन शक्ति 5-0 नारी सुरक्षा सम्मान नारी स्वावलंबन व बाल्मीकि जयंती के अवसर पर नगर पंचायत सुरियावा के अध्यक्ष विनय चौरसिया द्वारा नगर पंचायत चुनाव में कार्यरत महिला सफाई कर्मियों को अंग वस्त्र,प्रशस्ति पत्र एवं माला पहनकर सम्मानित किया तथा उनके द्वारा किए गए कार्यों की काफी प्रशंसा किया तथा उन्होंने महिला को नारी शक्ति का प्रतीक बताया इस मौके पर नगर पंचायत कर्मी आलोक मिश्रा बाबू, ओमप्रकाश तिवारी, रतन बाबू यादव, संदीप मिश्रा दान बहादुर सहित कर्मचारी मौजूद रहे।

## कालीन उद्योग प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की मुलाकात

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही** आगामी 11 अक्टूबर से भदोही में लग रहे अंतर्राष्ट्रीय कालीन मेले और कालीन उद्योग की समस्या को लेकर सांसद डॉ. विनोद बिंद के नेतृत्व में कालीन उद्योग से जुड़े प्रतिनिधिमंडल ने आज उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान कालीन उद्योग की चुनौतियों और क्षेत्रीय विकास पर चर्चा हुई।

आगामी 11 अक्टूबर से लग रहे अंतरास्ट्रीय कालीन मेले में आने के लिए आमंत्रित किया जिस पर उन्होंने विचार करने का आश्वासन दिया इस दौरान मुख्यमंत्री ने मेले की व्यवस्थाओं का हाल जाना और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। यह पूर्वांचल का प्रमुख आयोजन है जिसमें पूरी दुनिया से लोग आ रहे यह मेला वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के उत्पाद वाले जिले में उद्यमियों के बीच लगाई जाती है इस मेले स्थानीय निर्यातक कम खर्च में भाग लेकर



निर्यात की संभावनाओं और अपने व्यापार में वृद्धि कर रहे है। श्री योगी जी ने समस्याओं के समाधान और उद्योग को आगे बढ़ाने के लिए सकारात्मक आश्वासन दिया। और अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ से उत्पन्न समस्याओं के बारे पूछा। मुख्यमंत्री ने कहा जल्द ही इस समस्या के समाधान के लिए निर्यातकों को सहूलियत प्रदान किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में कारपेट एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल भदोही के चेयरमैन कुलदीप राज वट्टल, पीयूष बरनवाल, असलम महबूब, इम्तियाज अहमद, संजय गुप्ता और अनिल सिंह शामिल रहे।

## बाढ से फसलों की हुई क्षति के सापेक्ष मुआवजे के आवंटन की स्थिति का केंद्रीय राज्य मंत्री ने की समीक्षा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** सम्राट अशोक राजकीय इंजीनियरिंग कालेज अतिथिगृह में गंगा नदी से सदर तहसील के विकासखंड छानबे, कोन, सिटी, मझवा, पहाड़ी. तहसील चुनार के विकास खंड सीखड़, नरायनपुर और गरई नदी से विकासखंड जमालपुर के बाढ़ से हुई फसलो की क्षति के सापेक्ष मुआवजा आवंटन की स्थिति का मा0 केन्द्रीय राज्यमंत्री स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण व रसायन उर्वरक भारत सरकार श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने जिलाधिकारी के साथ बैठक कर समीक्षा किया।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया था कि जनपद मे गंगा एवं गरई नदी से कुल 9,852 हेक्टेयर क्षेत्रफल बाढ़ से प्रभावित हुआ है जिससे 49,947 किसान प्रभावित हुए हैं जिनको मुआवजा दिया जा रहा है। अब तक 42,128 किसानों को 12,68,76,668 रुपया उनके खातों में भेजा जा चुका है तथा शेष किसानों को भी मुआवजा देने की कार्रवाई चल रही हैं। केन्द्रीय मंत्री जी द्वारा फसल बीमा का पैसा दिए जाने के संदर्भ में प्रच्छा करने पर अवगत कराया गया कि बीमा का पैसा फसलों के प्रकार के अनुसार दिया जायेगा। अलग-अलग किसानों ने अलग-अलग फसलों का बीमा कराया है जिसका पैसा दिलाने की कार्रवाई अलग से चलायी जा रही है। साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि शासन द्वारा निर्धारित सिंचित फसलों का मुआवजा 17,000 रुपया प्रति हेक्टेयर है, वहीं असिंचित फसलों का 8,500 रुपया और बारहमासी फसलों का 22,500 रुपया प्रति



हेक्टेयर की दर से मुआवजा देना सुनिश्चित किया गया है। उक्त सभी बातों से अवगत होने के पश्चात मंत्री जी ने तत्काल बाकी किसानों का मुआवजा उनके खातों में रवि बुआई से पूर्व देने और बीमे का पैसा कडाई से बीमा कंपनियों से दिलाने हेतु निर्देशित किया, साथ ही अहरौरा बांध से बार बार हो रही जमालपुर क्षेत्र की क्षति को रोकने हेतु गरई नदी की गहराई बढ़ाने और तटबंधों को उचाँ व मजबूत बनाने के लिए सर्वे कर प्रोजेक्ट बनाने का भी निर्देश दिया।

# दानीपट्टी में 30 साल बाद सड़क की मिली सौगात

**● ग्रामीणों ने जिला पंचायत अध्यक्ष का जताया आभार।**

**मनोज दूबे ने जिला पंचायत अध्यक्ष के आवास पर पहुंचकर जताया आभार।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** डीघ ब्लॉक के दानीपट्टी गांव में बीते तीन दशक से सड़क की समस्या से निजात मिलने पर ग्रामीणों ने जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी का आभार जताया और धन्यवाद दिया। जिसके क्रम में दानीपट्टी निवासी समाजसेवी और भाजपा नेता मनोज दूबे ने सोमवार को जिला पंचायत के आवास पर पहुंचकर अंगवस्त्र पहनाकर और मिठाई खिलाकर गांव में 350 मीटर सड़क की स्वीकृति को लेकर आभार जताते हुए पुरे गांव के लोगों के तरफ से आभार जताया।

जानकारी के मुताबिक दानीपट्टी गांव में कौलापुर-सेमराध से होते हुए गांव में स्थित हनुमान मंदिर तक सड़क बनी थी लेकिन तीन दशक से सड़क पर कोई भी कार्य नाही हुआ जिससे लोगों के आवागमन में काफ़ी मुश्किल होती थी बारिश के समय में यह स्थिति और भी बदतर हो जाती है। इस वर्ष बारिश में गांव के लोगों ने गांव की सड़क को लेकर मीडिया में अपनी बात रही तो इसका संज्ञान लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष और पूर्व विधायक ने संज्ञान लिया और सेमराध-कौलापुर मार्ग से दानीपट्टी हनुमान मंदिर तक 350 मीटर की सड़क की स्वीकृति दी। जिससे गांव में खुशी का माहौल है। सोमवार को गांव के लोगों के तरफ से गांव निवासी समाजसेवी और भाजपा नेता मनोज दूबे ने पूर्व विधायक रविंद्र नाथ त्रिपाठी और जिला पंचायत अध्यक्ष के आवास पर पहुंचकर अंगवस्त्र देकर और मुंह मीठा कराकर सड़क की स्वीकृति के लिए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर पूर्व विधायक रविंद्र नाथ त्रिपाठी ने कहा कि दानीपट्टी गांव के मामले का संज्ञान आते ही सड़क को स्वीकृति का कार्य कराया गया। कहा कि जनपद में जो भी इस तरह की समस्या है उसकी जानकारी होने पर पूरा प्रयास किया जाता है कि उस समस्या का समाधान किया जाये। जनपद में विकास में कोई कमी न रहे ऐसा पूरा प्रयास किया जाता है।

## "अंतरराष्ट्रीय कालीन मेला" के सफल संचालन व वीवीआईपी आगमन के दृष्टिगत डीएम, एसपी, सीडीओ ने कारपेट एक्सपो मार्ट में किया निरीक्षण व बैठक

**● कालीन मेले में कालीन नगरी की परंपरागत हस्तशिल्प कला कौशल व संस्कृति की रहेंगी छाप**

**मंच,स्टेज सजावट,मिनट टू मिनट कार्यक्रम, लंच,बुनकर व स्थानीय उद्यमियों/निर्यातकों से मुलाकात संवाद सूची पर हुआ विमर्श**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही 06 अक्तूबर 2025**:- कालीन निर्यात सर्वधन परिषद भदोही के तत्वाधान में कार्पेट एक्सपो मार्ट भदोही में आगामी 11 से 14 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले चौथा ''अन्तराष्ट्रीय कालीन मेला'' के सफल आयोजन व क्रियान्वयन और प्रस्तावित वीवीआईपी आगमन के दृष्टिगत जिलाधिकारी/सीईओ बीडा शैलेष कुमार,





पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक की अध्यक्षता में सीईपीसी एवं एकमा के पदाधिकारियों के साथ कार्पेट एक्सपो मार्ट में बैठक कर मार्ट में निर्माणाधीन स्टॉल व मंच का भ्रमण कर अवलोकन किया गया। बैठक में कालीन निर्यात संवर्धन परिषद एवं एकमा के सदस्यों द्वारा बैठक में उपस्थित उच्चाधिकारियों को अन्तर्राष्ट्रीय कालीन मेला को सफल बनाने व सुचारू क्रियान्वयन हेतु आवश्यक बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया। वीवीआईपी आगमन के दृष्टिगत मंच, स्टेज सजावट, मिनट टू मिनट कार्यक्रम, लंच, बुनकर व स्थानीय उद्यमियों/निर्यातकों से मुलाकात संवाद सूची सहित विभिन्न आवश्यक बिंदुओं पर विचार विमर्श कर रूपरेखा तैयार की गई।

कारपेट एक्सपो मार्केट के अंदर हाल में सर्वप्रथम ओडीओपी, कारागार बंदियों द्वारा निर्मित कालीन, जीआई टैग, लाइव डेमो, सेल्फी प्वाइंट सहित दो सौ से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे। कालीन मेले में कालीन नगरी की परंपरागत हस्तशिल्प कला कौशल व संस्कृति की भी छाप रहेगी।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविन्द शुक्ल, अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेन्द्र मौर्य, उप जिलाधिकारी भदोही अरुण गिरि, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, व विद्युत विभाग, जिला उद्योग अधिकारी आशुतोष सहाय पाठक, कालीन निर्यात संवर्धन परिषद एवं एकता के पियूष बरनवाल, इम्तियाज अहमद, सूर्यमणि तिवारी, सहित अन्य सम्मानित पदाधिकारीगण, निर्माणदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर विद्युत व सिविल अनुभाग, उपस्थित रहें।

## संसार में मां जैसा निःस्वार्थ प्रेम कोई नही करता है- डॉ राम कृपाल त्रिपाठी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**जंगीगंज।** क्षेत्र के भीमपुर-प्रयागदासपुर में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के संगीतमय प्रवचन में कथा वाचक डॉ राम कृपाल त्रिपाठी ने कहा कि जैसे भोजन में नमक की प्रधानता वैसे ही जीवन भगवान की प्रधानता है। प्रियतम से मिलने के लिए एकांतवास चाहिए। भगवान श्रीराम ज्ञान, लक्ष्मण वैराग्य और माता सीता भक्ति की प्रतिमूर्ति है। अभ्यास और वैराग्य के बिना भगवान की प्राप्ति संभव नही है। भगवान को कोई दुःखी भाव से बुलावे तो भगवान भक्त के लिए दौड़े चले आते है। विश्व में केवल मां ऐसी है निःस्वार्थ भाव से प्रेम करती है। महाराज ने बताया कि प्रेमी तीन तरह के होते है पहले ऐसे जो प्रेम करने वाले से प्रेम करते है, ऐसा प्रेम स्वार्थ है। दूसरे लोग ऐसे होते है जो प्रेम न करने वाले से प्रेम नही करते है।लोग जो अपने कुटुंब से प्रेम करते है। और तीसरे



प्रकार के लोग ऐसे लोग होते है जो किसी से प्रेम नाही करते है। भगवान को इन चारों तरह के लोगों से प्रेम नही करते बल्कि भगवान ऐसे लोगों से प्रेम करते है जो भगवान से अलौकिक प्रेम करता है। अलौलिक प्रेमी ऐसे होते है जो जैसे कामी और लोभी की वृत्ति हो। क्योंकि कामी मिलने के पहले और लोभी मिलने के बाद प्रेम रहता है, ऐसा ही प्रेम भक्त और भगवान का होना चाहिए। कहा कि जिस तरह छोटा बच्चा अपने चित्र को शीशे में देखकर खुश होता है वैसे ही भगवान श्रीकृष्ण के विभिन्न रूपों को भजना जीव के लिए कल्याणकारी होता है। इस मौके पर सूर्य प्रकाश मिश्र, शेषमणि मिश्र, आसू मिश्र, लक्ष्मीकांत तिवारी, दिनेश मिश्र, रमेशधर पाण्डेय, प्रदीप मिश्राश्रीनारायम मिश्रा, गणेश पाण्डेय, नागेश मिश्रा समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## मऊआइमा पुलिस द्वारा दुष्कर्म के अभियोग में 01 बाल अपचारी पुलिस अभिरक्षा में

**ब्यूरो चीफ प्रयागराज।** सहायक पुलिस आयुक्त फूलपुर के कुशल नेतृत्व में गंगानगर-जोन के थाना मऊआइमा पर पंजीकृत मु0अ0सं0-387/2025 धारा-65(2) भा0न्या0सं0 व 5(m)/6 पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित 01 बाल अपचारी को थाना मऊआइमा पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-06.10.2025 को थाना मऊआइमा क्षेत्रान्तर्गत कंचनपुर मोड़ के पास से पुलिस अभिरक्षा में लेकर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए बाल सुधार गृह भेजा गया ।

**सम्बन्धित अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0-387/2025 धारा-65(2) भा0न्या0सं0 व 5(द्व)/6 पॉक्सो एक्ट थाना मऊआइमा कमिश्नरेट प्रयागराज । यह जानकारी एसीपी विवेक कुमार यादव ने दी।

## महर्षि वाल्मीकि जयंती के पर अखण्ड रामायण पाठ, भजन-कीर्तन कार्यक्रमों का किया जायेग0 I आयोजन

**ब्यूरो प्रयागराज।** महर्षि वाल्मीकि जयंती (07 अक्टूबर) के अवसर पर जनपद के पांच चिन्हित मंदिरों में अखण्ड रामायण पाठ एवं भजन-कीर्तन आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम हेतु जनपद के पांच मंदिरों-माता शांता-श्रृंग ऋषि मंदिर आश्रम श्रृंगवेरपुर धाम, बड़े लेटे हनुमान जी मंदिर-त्रिवेणी संगम, श्री हनुमत निकेतन मंदिर-सिविल लाइन, महर्षि वाल्मीकि मंदिर-लकटहा पनासा करछना एवं श्रीराम जानकी मंदिर-बाबा बेलनाथ धाम बरौत हण्डिया को चिन्हित किया गया है, जहां पर कलाकार/भजन मण्डली द्वारा अखण्ड रामायण पाठ एवं भजन-कीर्तन आदि कार्यक्रम किए जाएंगे। अपर जिलाधिकारी नगर ने आयोजन को भव्यतापूर्णढंग से सम्पन्न कराये जाने के लिए सभी नामित अधिकारियों को चिन्हित स्थलों/मंदिरों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करते हुए शासन के निर्देशों के अनुरूप महर्षि वाल्मीकि जयंती कार्यक्रम का आयोजन सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये।

## जिलाधिकारी का सख्त निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों को समयबद्ध तथा गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें



**बस्ती।** बस्ती जिले में आई जी आरएस के अन्तर्गत विभिन्न विभागों से संबंधित मा. मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी, आनलाइन व पीजी पोर्टल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के समीक्षा हेतु कलेक्टेउट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों को समयबद्ध तथा गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि जनता की शिकायतों का समाधान पूर्ण पारदर्शिता व तत्परता के साथ किया जाय। उन्होने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि कोई भी शिकायत लम्बित न रहें। उन्होने यह भी कहा कि प्रत्येक विभाग अपने अधीनस्थ अधिकारियों के माध्यम से शिकायतो की गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का ध्यान रखें। उन्होने कहा कि शिकायतों के समाधान में संवेदनशीलता और तत्परता आवश्यक है ताकि जनता को संतोषजनक परिणाम मिल सकें। उन्होने समस्त विभागाध्यक्षों को निर्देश दिया कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायती संदर्भो का निस्तारण करते हुए संदर्भो के डिफाल्टर होने की तिथि से तीन दिन पहले ही पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें, जिससे शासन स्तर से फीडबैक लेने पर शिकायतकर्ता अपनी संतुष्टि का फीडबैक दे सकें, जिससे जनपद की रैंकिंग बेहतर हो सकें। बैठक में सीडीओ सार्थक अग्रवाल, एडीएम प्रतिपाल सिंह चौहान, सीआरओ कीर्ति प्रकाश भारती, सीएमओ डा. राजीव निगम, डीडीओ अजय कुमार सिंह, पीडी राजेश कुमार, उप जिलाधिकारी शत्रुध्न पाठक, मनोज प्रकाश, हिमांशु कुमार, सत्येन्द्र सिंह, उप निदेशक कृषि अशोक कुमार गौतम, भूमि संरक्षण अधिकारी डा. राजमंगल चौधरी, उपायुक्त प्रशासन राज्य कर उपेन्द्र यादव, डीएचओ अरूण कुमार त्रिपाठी, जिला सेवा योजन अधिकारी अवधेन्द्र प्रताप वर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी लालजी यादव, ईडीएम सौरभ द्विवेदी सहित संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# सोनम वांगचुक की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने जारी किया नोटिस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने लद्दाख के सोशल एक्टिविस्ट और शिक्षा सुधारक सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि अंगमो द्वारा दायर रिट याचिका पर केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। गीतांजलि ने लद्दाख में हाल ही में हुई हिंसक झड़पों के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम, 1980 के तहत उनकी नज़रबंदी को चुनौती दी। अदालत इस मामले की सुनवाई अगले मंगलवार (14 अक्टूबर) को करेगी। याचिकाकर्ता की ओर से सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल ने दलील दी कि उन्हें नज़रबंदी के आधार बताए जाने चाहिए। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि नज़रबंदी के आधार बंदी (सोनम वांगचुक) को बताए जा चुके हैं। सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि क़ानून में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि पत्नी को नज़रबंदी के आधार बताए जाएं। हालांकि, जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एनवी अंजारिया की खंडपीठ ने सिब्बल से कहा कि वह याचिकाकर्ता को नज़रबंदी के आधार बताने के संबंध में आज कोई आदेश नहीं देगी। जस्टिस कुमार ने सॉलिसिटर जनरल से पूछा कि याचिकाकर्ता को आधार प्रदान करने में क्या बाधा है। सॉलिसिटर जनरल ने दोहराया कि हिरासत में लिए गए व्यक्ति की पत्नी को आधार प्रदान करने का कोई कानूनी आदेश नहीं है। सिब्बल ने कहा कि हिरासत के आधार के बिना हिरासत आदेश को चुनौती नहीं दी जा सकती। उन्होंने स्पष्ट किया कि पत्नी को हिरासत के आधार न दिए जाने को हिरासत को चुनौती देने का आधार नहीं माना जाएगा और वह इसलिए ऐसा कर रहे हैं ताकि हिरासत को ही चुनौती दी जा सके। सिब्बल ने याचिकाकर्ता के लिए मेडिकल सहायता की मांग करते हुए अंतरिम राहत का भी मुद्दा उठाया। इस संबंध में सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि जब हिरासत में लिए गए व्यक्ति को मेडिकल जांच के लिए पेश किया गया तो उसने कहा कि वह कोई दवा नहीं ले रहा है। हालांकि, सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि यदि किसी मेडिकल आपूर्ति की आवश्यकता होगी तो वह सुनिश्चित की जाएगी।



सिब्बल के इस अनुरोध के संबंध में कि याचिकाकर्ता (पत्नी) को सोनम वांगहुक से मिलने की अनुमति दी जाए, जस्टिस कुमार ने पूछा कि क्या उन्होंने उनसे मिलने का कोई अनुरोध किया। यह देखते हुए कि उन्होंने ऐसा कोई औपचारिक अनुरोध नहीं किया, जस्टिस कुमार ने कहा कि ऐसा कोई आदेश पारित नहीं किया जा सकता। जस्टिस कुमार ने कहा कि पहले अनुरोध करें और अगर वह अस्वीकार कर दिया जाता है तो फिर अदालत का रुख करें। एसजी ने कहा कि याचिकाकर्ता यह कहकर "हल्ला" मचाने और "भावनात्मक मुद्दा" खड़ा करने की कोशिश कर रहा है कि बंदी को मेडिकल सहायता और उसकी पत्नी से मिलने की अनुमति नहीं दी गई। सुनवाई के दौरान, जस्टिस कुमार ने यह भी पूछा कि याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट का रुख क्यों नहीं किया। सिब्बल ने जवाब दिया कि हिरासत का आदेश केंद्र सरकार द्वारा पारित किया गया और पूछा कि किस उच्च न्यायालय का रुख किया जा सकता है। अनुच्छेद 32 के तहत दायर रिट याचिका बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका है, जिसमें कथित तौर पर जोधपुर की जेल में बंद वांगचुक की रिहाई की मांग की गई। रिट याचिका के अनुसार, अंगमो ने अनुच्छेद 22 के तहत हिरासत को अवैध बताते हुए चुनौती दी, क्योंकि दोनों में से किसी को भी गिरफ्तारी का कोई आधार नहीं दिया गया। वांगचुक को 26 सितंबर को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत हिरासत में लिया गया था. इससे दो दिन पहले लद्दाख को राज्य का दर्जा देने एवं छठी अनुसूची में शामिल किए जाने की मांग को लेकर हुए प्रदर्शनों में केंद्र शासित प्रदेश में चार लोगों की मौत हो गई थी और 90 लोग घायल हो गए थे. वांगचुक राजस्थान की जोधपुर जेल में बंद हैं।

# बिहार में दो चरण में होगा चुनाव, 6 और 11 नवंबर को डाले जाएंगे वोट, 14 नवंबर को मतगणना के बाद नतीजों का ऐलान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बिहार चुनाव 2025**
**40 दिन का सबसे छोटा चुनाव**

| पहला फेज | | दूसरा फेज | |
|---|---|---|---|
| 6 नवंबर | 121 सीटें | 11 नवंबर | 122 सीटें |

**नतीजे - 14 नवंबर**

**ब्यूरो प्रयागराज।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर चुनाव आयोग की ओर से तारीखों का ऐलान कर दिया गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को दो अन्य चुनाव आयुक्तों के साथ साझा प्रेस कांफ्रेंस तारीखों का ऐलान किया। मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि बिहार की सभी 243 सीट पर दो चरण में चुनाव होंगे। पहले चरण के लिए 6 नवंबर को और दूसरे चरण के लिए 11 नवंबर को वोटिंग होगी। वहीं, चुनाव के नतीजे 14 नवंबर को जारी किए जाएंगे। सीईसी ने आगे कहा कि चुनाव को लेकर आयोग ने तमाम तैयारियां पूरी कर ली हैं। चुनाव में हिंसा को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही फेक न्यूज पर भी कड़ी नजर रखी जाएगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि बिहार में इस बार 90,712 पोलिंग बूथ होंगे। शहरी क्षेत्रों में 13,911 और ग्रामीण क्षेत्रों में 76,801 बूथ होंगे। 1,044 पोलिंग बूथों की जिम्मेदारी महिलाओं के पास होगी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि पहले चरण में 121 और दूसरे चरण में 122 सीट के लिए मतदान होगा। चुनाव के लिए अधिसूचना 10 अक्टूबर को जारी होगी, नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर को होगी, 18 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 20 अक्टूबर तक नामांकन पत्र वापस लिए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि दूसरे चरण के लिए अधिसूचना 13 अक्टूबर को जारी होगी, नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर को होगी, 21 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 23 अक्टूबर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। सीईसी ज्ञानेश कुमार ने जानकारी दी कि बिहार में कुल मतदाताओं की संख्या लगभग 7.43 करोड़ है। इनमें लगभग 3.92 करोड़ पुरुष और करीब 3.50 महिला मतदाता हैं। उन्होंने बताया कि 1,725 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। करीब 7.2 लाख दिव्यांग मतदाता, 4.04 लाख 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिक भी वोटर सूची में हैं, जबकि 100 साल के अधिक उम्र की मतदाताओं की संख्या 14 हजार है। वहीं राज्य में इस बार फर्स्ट टाइम वोटर लगभग 14 लाख हैं। ज्ञानेश कुमार ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने निर्णय लिया है कि बिहार चुनाव में ईवीएम में उम्मीदवारों की तस्वीर रंगीन होगी और क्रम संख्या का फॉन्ट बड़ा होगा। आयोग ने राजनीतिक दलों की मांग के अनुरूप और पारदर्शिता के लिहाज से तय किया है कि मतगणना में ईवीएम के अंतिम दो दौर से पहले डाक मतपत्रों की गिनती करना अनिवार्य होगा। साथ ही नई व्यवस्था के तहत मतदाता मतदान कक्ष के ठीक बाहर अपने मोबाइल फोन जमा करा सकते हैं और मतदान करने के बाद वापस ले सकते हैं। ज्ञानेश कुमार ने कहा कि मतदाता सूची में अगर कोई गलती रह गई है तो जिलाधिकारी के पास अपील की जा सकती है। अगर किसी का नाम छूटा है तो वह नॉमिनेशन के 10 दिन पहले तक जुड़वा सकता है। बिहार का कोई भी मतदाता कोई शिकायत होने पर ईसीआई नेट ऐप के माध्यम से बीएलओ से संपर्क कर उनसे बात कर सकता है, मतदाता 243 ईआरओ और पटना में सीईओ से भी संपर्क कर सकते हैं।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि इस बार बिहार विधानसभा चुनाव न केवल मतदाताओं के लिए बहुत ही सुगम और सरल होंगे, न केवल कानून व्यवस्था पर पूर्ण निगरानी रखी जाएगी, बल्कि पूर्ण पारदर्शी तरीके से होने वाले ये चुनाव सबसे अच्छे चुनाव परिलक्षित हों, ऐसी आयोग की मंशा है। उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव में मतदाताओं और उम्मीदवारों को किसी तरह की धमकी की कोई गुंजाइश नहीं, एजेंसियों को हिंसा को कतई बर्दाश्त नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं।

## गंगानगर जोन के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीम द्वारा चलाया गया 'मिशन शक्ति 5.0' अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उ0प्र0 सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजना ÷मिशन शक्ति 5.0÷ के तहत श्रीमान् पुलिस आयुक्त व अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में व पुलिस उपायुक्त गंगानगर व अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक-05.10.2025 को गंगानगर जोन के समस्त थानों की महिला पुलिसकर्मियों/मिशन शक्ति टीमों ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों के प्रमुख बाजारों, कस्बों, शिक्षण संस्थानों, धार्मिक स्थलों एवं अन्य भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर जाकर महिलाओं/बालिकाओं को उनके अधिकारों एवं सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताकर जागरुक किया गया ।



टीम द्वारा बालिकाओं को साइबर सुरक्षा के सम्बंध में जानकारी देकर जागरुक किया गया एवं सोशल मीडिया को सावधानी पूर्वक प्रयोग करने के लिये भी सुझाव दिया गया । किसी भी शोहदों द्वारा परेशान करने पर तत्काल डायल-112 अथवा मिशन शक्ति टीम से शिकायत करने करने को बताया गया । मिशन शक्ति टीम द्वारा महिला सुरक्षा व महिला सशक्तिकरण के सम्बन्ध में बालिकाओं/छात्राओं एवं महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर जैसे पुलिस आपात सेवा-112, वूमेन पावरलाइन-1090, महिला हेल्पलाइन-181, सीएम हेल्पलाइन-1076, साइबर हेल्पलाइन-1930 व मिशन शक्ति केन्द्र आदि के बारें में जानकारी देकर जागरुक किया गया तथा पम्पलेट वितरित किया गया।

## वारंटियों के खिलाफ अभियान जारी कुल छ वारंटी गिरफ्तार

### ● थरवई और नबाब गंज पुलिस ने 6 वारण्टी गिरफ्तार किया।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज** -147/ 149/323/ 325/ 308 भा0द0सं0 से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त प्रमोद पुत्र राम आसरे उर्फ किलहा निवासी ग्राम प्रेम नगर कोड़सर थाना थरवई कमिश्नरेट प्रयागराज व 3. मा0 न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश ई0सी0 एक्ट प्रयागराज द्वारा निर्गत गिरफ्तारी अधिपत्र सम्बन्धित मु0नं0-573/22 धारा-147/ 452/ 308/ 323/ 504/ 506 भा0द0सं0 से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त अमृतलाल उर्फ सुग्घर पुत्र हुबलाल यादव निवासी देवरिया थाना थरवई कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना थरवई क्षेत्रान्तर्गत क्रमशः उनके निवास ग्राम के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी । दिनांक-06.10.2025 को 1. मा0 न्यायालय ए0डी0जे0 कक्ष सं0-14 प्रयागराज द्वारा निर्गत गिरफ्तारी अधिपत्र सम्बन्धित मु0नं0- 463/ 17 धारा-323/ 504 भा0द0सं0 व 3(1) (X) एस0सी0/एस0टी0 एक्ट से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त कमलेश कुमार यादव पुत्र श्याम लाल यादव निवासी ग्राम अलीमपुर दादनपुर थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज 2. मा0 न्यायालय ए0एस0जे0 कक्ष सं0-08 प्रयागराज द्वारा निर्गत गिरफ्तारी अधिपत्र सम्बन्धित मु0नं0-286/ 2021 धारा-8/ 20 एन0डी0पी0एस0 एक्ट से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त अभिषेक शुक्ला पुत्र विजय कुमार शुक्ला निवासी ग्राम बुदौना थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज व 3. मा0 न्यायालय स्पेशल जज एस0सी0/एस0टी0 एक्ट प्रयागराज द्वारा निर्गत गिरफ्तारी अधिपत्र सम्बंधित मु0नं0-200955/ 2011 धारा-376 भा0द0सं0 से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त शिव नन्दन यादव पुत्र राम सूरत यादव निवासी कासीमपुर झरहा थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना नवाबगंज क्षेत्रान्तर्गत क्रमशः उनके निवास ग्राम अलीमपुर दादनपुर, बुदौना, व कासिमपुर झरहा के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी ।




## साइबर जागरूकता अभियान में सेंट्रल एकेडमी झूंसी में छात्र-छात्राओं व शिक्षकगण को किया गया जागरुक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 साइबर क्राइम द्वारा निर्गत निर्देश के तहत चलाए जा रहे साइबर जागरूकता अभियान के क्रम में साइबर क्राइम थाना कमिश्नरेट प्रयागराज पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-06.10.2025 को सेंट्रल एकेडमी स्कूल झूंसी प्रयागराज में में साइबर बुलिंग व साइबर ग्रूमिंग विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सेंट्रल एकेडमी स्कूल के निदेशक एस.के. तिवारी, प्राचार्य एके पांडे, व्यवस्थापक दिव्यांशु वर्मा व रचना सिंह की मौजूदगी में कक्षा-12 के छात्र/छात्राओं को उ0नि0 चन्द्रशेखर यादव द्वारा साइबर बुलिंग व साइबर ग्रूमिंग के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी । साइबर अपराधी कैसे बच्चो को इसका शिकार बनाते है जिसमें इन्टरनेट या मोबाईल टेक्नॉलाजी का प्रयोग करके असभ्य, घटिया या तकलीफ देह संदेश भेजकर विडियो/इमेज मार्फ कर डराना, धमकाना, ब्लैक-मेल किया जाना आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा किया गया व बताया गया कि सोशल मीडिया पर अनजान व्यक्तियों की फ्रेन्ड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें । लोकेश पटेल द्वारा बताया गया कि सोशल मीडिया अथवा अन्य ऑनलाइन प्लेटफार्म पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी जैसे जन्म-तिथि, पता, फोन नम्बर आदि साझा न करें तथा सोशल मीडिया एकाउन्ट में प्राइवेसी सेटिंग में प्रोफाइल लॉक, टू-फेक्टर अथेंटिकेशन/वेरिफिकेशन जरूर लगायें । सोशल मीडिया या अन्य साइबर फ्रॉड व ऑनलाइन गेम पर साइबर अपराध होने पर नेशनल साइबर क्राइम हेल्प लाइन नंबर 1930 पर तत्काल कॉल करने हेतु बताया गया व NCRP वेबसाइट www.cybercrime.gov.in पर कैसे कम्प्लेन दर्ज करें व वेबसाइट स्क्रीन पर ओपन कर के कैसे शिकायत दर्ज करते हैं के बारे में डेमो भी दिया गया ।





साइबर अपराध होने से बचाव के उपाय निम्नवत है-

1. अनजान लिंक पर क्लिक न करें ।
2. मजबूत पासवर्ड बनायें ।
3. सोशल मीडिया पर पर्सनल जानकारी शेयर न करें ।
4. ऑनलाइन स्किम और लाटरी निकलने जैसे ऑफर पर भरोसा न करें ।
5. पब्लिक वाई-फाई का उपयोग न करें।
6. अपने ब्राउजर को अपडेट रखें ।
7. सोशल मीडिया प्लेटफार्म प 2-Step Verification ऑन रखें ।
8. अनजान नंबर से आयी हुई कॉल को रिसीव करने से बचे ।
9. साइबर अपराध होने पर टोल फ्री नं0-1930 पर डायल करें ।

## प्रदेश सरकार के संरक्षण व संवर्धन से ही प्रदेश के वन एवं वन्यजीवों में हुई बढ़ोत्तरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** प्राकृतिक संसाधनों में वनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। वन हमारे अतीत के गौरव, संस्कृति, सभ्यता और विकास के प्रतीक है। वन प्राणदायिनी वायु व जीवों की उत्पत्ति में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करते है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुश नेतृत्व में प्रदेश में गत 08 वर्षो में 242 करोड़ वृक्षारोपण किया गया और चालू वर्ष में भी 37.21 करोड़ से अधिक वृक्षारोपण करते हुए प्रदेश की हरीतिमा व वनावरण में वृद्धि की गयी है। प्रदेश का भौगोलिक क्षेत्र 09 कृषि जलवायु क्षेत्रों (एग्रो क्लाईमेटिक जोन)-भाबर व तराई क्षेत्र, पश्चिमी मैदानी क्षेत्र, मध्य पश्चिमी मैदानी क्षेत्र, दक्षिण पश्चिमी अर्ध शुष्क मैदानी क्षेत्र, केन्द्रीय मैदानी क्षेत्र, उत्तर पूर्वी मैदानी क्षेत्र, पूर्वी मैदानी क्षेत्र बुन्देलखण्ड क्षेत्र एवं विन्ध्य क्षेत्र में वर्गीकृत हैं। प्रदेश में जलवायु व भौगोलिक विविधता के कारण ही शीतकाल में स्थानीय तथा प्रवासी पक्षियों के मनमोहक झुण्ड प्रदेश की झीलों का मुख्य आकर्षण होते है। पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने में पक्षियों का महत्वपूर्ण योगदान है। हमारे देश में लगभग 300 प्रजातियों के पक्षी तिब्बत, चीन यूरोप तथा साइबेरिया से हिमालय पर्वत पार कर उत्तर प्रदेश की मैदानी झीलों व नदियों में शीतकालीन प्रवास के लिए आते हैं। इनमें कुछ पक्षी 5000 कि.मी. की दूरी पार कर तथा 8500 मीटर की ऊँचाई तक उड़कर उत्तर प्रदेश में आते हैं। शीशम, बीजासाल, खैर, बबूल, बॉस, नरकुल, बेत, खस घास तथा दुर्लभ औषधीय जड़ी बूटियों बहुलता से मिलती हैं। फलदार पौधों जैसे बेल, ऑवला, नींबू व बेर की जंगली किस्मों की प्रचुरता उत्तर प्रदेश के वनों में है। प्रदेश में कृषि फसलों की लगभग 80 प्रजातियों की जंगली किस्में भी पहचानी गयी है। साल (शोरिया रोबस्टा) के घने वन, घास के मैदान शीशम (डलबर्जिया सिस्सू) की बहुलता वाले घास युक्त वन, सागौन (टेक्टोना ग्रान्डिस), खैर (अकेसिया कटैचू), यूकेलिप्टस, जामुन (साइजिजियम क्यूमिनाई), दलदली क्षेत्र दीमक की बाम्बियों से आच्छादित क्षेत्र, 550 से अधिक पक्षी प्रजातियों, 150 से अधिक तितली प्रजातियाँ, आठ गिद्ध प्रजातियों, वन क्षेत्रों में सेराविड्स की पाँच प्रजातियाँ-चीतल (एक्सिस एक्सिस), सॉभर (रूसा यूनीक्लोर), मुंतिजैक (मुन्टिएकुस मुन्टिजैक), पाड़ा (एक्सिस पोरसिनस) तथा बारासिंघा (रूसेरवस डुबाउसेली), सर्वाधिक संकटापन्न पक्षी बंगाल पलोरिकेन (होयूबारोप्सिस बेंगालेसिस), हिस्पिड हेगर, सरीसृप की विभिन्न प्रजातियों, एक सींग वाला गैंडा राष्ट्रीय पशु बाघ, राष्ट्रीय धरोहर हाथी सहित विभिन्न प्राणी व पादप प्रजातियों प्रदेश की वन जैव विविधता को समृद्धि प्रदान कर रही हैं। उत्तर प्रदेश में एक राष्ट्रीय उद्यान (दुधवा राष्ट्रीय उद्यान), चार टाइगर रिजर्व (दुधवा टाइगर रिजर्व पीलीभीत टाइगर रिजर्व, अमानगढ़ टाइगर रिजर्व एवं रानीपुर टाइगर रिजर्व), दो हाथी रिजर्व (शिवालिक हाथी रिजर्व व तराई हाथी रिजर्व), एक कन्जर्वेशन रिजर्व (ब्लैक बक कन्जर्वेशन रिजर्व मेजा प्रयागराज) एवं 26 वन्यजीव विहारों में वन जैव विविधता पल व बढ़ रही है। प्रदेश के 4 प्राणि उद्यानों (नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ, कानपुर प्राणि उद्यान, कानपुर, शहीद अशफाक उल्लाह खाँ प्राणि उद्यान,



गोरखपुर एवं इटावा लॉयन सफारी, इटावा) व एक जैव विविधता विरासत स्थल (घड़ियाल पुनर्वास एवं प्रजनन केन्द्र, कुकरैल, लखनऊ) जैव विविधता के एक्स सीटू संरक्षण में योगदान दे रहे हैं। प्रदेश के राष्ट्रीय उद्यान व बन्यजीव विहारों से प्रदेश के वन क्षेत्र का लगभग 38 प्रतिशत एवं भौगोलिक क्षेत्र का 2.6 प्रतिशत भाग आच्छादित है। वन क्षेत्र के सापेक्ष संरक्षित क्षेत्र, प्रतिशत की दृष्टि से देश में सर्वाधिक है। प्रदेश में लगभग 11.45 लाख हेक्टेयर (प्रदेश के भौगोलिक क्षेत्र का 4.8 प्रतिशत) वेटलैण्ट्स से आच्छादित है। प्रदेश के वेटलैण्ड्स मगर, घड़ियाल, राष्ट्रीय जलीय जीव डॉल्फिन, राज्य पशु बारासिंघा, राज्य पक्षी सारस, स्वच्छ जल की कछुओं की चौदह प्रजातियों एवं शीत ऋतु में प्रतिकूल परिस्थितियों से बचने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस, अफ्रीका आस्ट्रेलिया, म्यांमार, चीन व यूरोप के विभिन्न देशों से आने वाले इंडियन स्कीमर, बार हेडेड गूज, रुडीशेल्डक रेड क्रेस्टेड पोचार्ड, मलार्ड, कुरंजा, ग्रे लेग जैसे अतिथि पक्षियों के प्रिय बास स्थल हैं। प्रदेश में अन्तर्राष्ट्रीय महत्व के 10 वेटलैण्ड्स का प्रबन्धन रामसर साईट के रूप में किया जा रहा है। रामसर साईट की संख्या के दृष्टिगत देश में उत्तर प्रदेश दूसरे स्थान पर है।

## महाकुंभ में विभिन्न फर्जी वेबसाइट बनाकर कॉटेज/टेन्ट/होटल आदि की बुकिंग कर ऑनलाइन ठगी करने वाला 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** पुलिस उपायुक्त गंगानगर/नोडल साइबर के कुशल पर्यवेक्षण में व सहायक पुलिस आयुक्त (क्राइम) के कुशल नेतृत्व में कोतवाली कुम्भ प्रयागराज/साइबर क्राइम थाना पर पंजीकृत मु0अ0सं0-308/2025 धारा-318(4)/319(2)/336(3)/338/340(2) भा0न्या0सं0 व 66(डी) आई0टी0 एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त शिवांशु भारद्वाज पुत्र स्व0 देवेन्द्र कुमार शर्मा नि0 515 गोरीपुरा नई भगवतपुरा थाना ब्रह्मपुरी जनपद मेरठ को साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-06.10.2025 को जनपद मेरठ से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी ।

**घटना का संक्षिप्त विवरण**

गिरफ्तार अभियुक्त शिवांशु भारद्वाज उपरोक्त द्वारा तीर्थराज प्रयागराज में महाकुंभ के नाम पर कॉटेज/टेन्ट/होटल आदि की फर्जी बुकिंग वेबसाइट बनाकर तथा उन वेबसाइटों पर आकर्षक प्रलोभन देकर मुकदमा वादी को गुमराह कर 18 लाख 90 हजार रुपये की ऑनलाइन ठगी की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में मुकदमा वादी द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0-308/2025 उपरोक्त पंजीकृत किया गया था ।

**अपराध का तरीका**

गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ में यह तथ्य प्रकाश में आया कि अभियुक्त द्वारा सुनियोजित ढंग से महाकुम्भ में तीर्थयात्रियों के लिये कॉटेज/टेन्ट/होटल आदि के बुकिंग के नाम पर विभिन्न फर्जी/डुप्लीकेट वेबसाइट बनाई गयी थी, जिसके माध्यम से तीर्थयात्रियों को ठहरने की उत्तम व्यवस्था, वी0आई0पी0 स्नान एवं दर्शन का प्रलोभन देकर महाकुंभ में आने वाले तीर्थयात्रियों के साथ ऑनलाइन ठगी किया जाता था ।




**सम्बन्धित अभियोग का विवरण**

मु0अ0सं0-308/2025 धारा-318(4) / 319(2)/ 336(3)/ 338/ 340(2) भा0न्या0सं0 व 66(डी) आई0टी0 एक्ट कोतवाली कुम्भ प्रयागराज/साइबर क्राइम थाना कमिश्नरेट प्रयागराज ।

**बरामदगी का विवरण-**

01 एन्ड्रायड मोबाइल फोन ।
04 सिम कार्ड ।
05 ए0टी0एम0 कार्ड ।
515 रूपये ।

## 10 जुआरी गिरफ्तार

**चित्रकूट:** जिले में बढ़ते अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना बरगढ़ पुलिस टीम ने 10 आरोपियों को जुला खेलते हुए गिरफ्तार किया। पुलिस ने अरोपियों के कब्जे से नगद धनराशि व ताश के पत्ते भी बरामद किए। थाना बरगढ़ के हरदीकलां चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक राधेश्याम सिंह ने अपनी टीम मुख्य आरक्षी घासीराम, आदित्य, आरक्षी उपेन्द्र, पीयूष सरन व धर्मेन्द्र कुमार के साथ आरोपी इन्द्रेश द्विवेदी, दद्दे पाण्डेय, अजय तिवारी, राजू द्विवेदी, प्रदुम्न दुबे, सुन्दरलाल केशरवानी, मनीष कुमार केशरवानी, सुधीर जैन उर्फरिंकू, अनुराग पाण्डेय उर्फअमित पाण्डेय निवासीगण कस्बा व थाना बरगढ़ तथा सियाराम कोल निवासी नबादा गुइया थाना बरगढ को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से पुलिस टीम ने ताश के पत्ते व नगदी धनराशि भी बरामद की।

# संक्षिप्त खबरें

## आधार में अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट हेतु विभिन्न विद्यालयों में शिविर का आयोजन




**साहेबगंज, झारखंडः-** साहिबगंज जिले में ''आधार'' में 5 से 7 वर्ष एवं 15 से 17 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट (MBU-1 एवं MBU-2) बड़ी संख्या में लंबित है। इस कार्य की सफलता सुनिश्चित करने हेतु आज जिला के विभिन्न उच्च विद्यालयों में विशेष आधार अपडेट शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन जिला परियोजना पदाधिकारी (यूआईडी), साहिबगंज संदीप कुमार के देखरेख में किया गया। कुमार ने स्पष्ट किया कि सभी बच्चे आधार बायोमेट्रिक अपडेट से जुड़ें, ताकि भविष्य में उन्हें किसी प्रकार की सरकारी योजना, छात्रवृत्ति या अन्य सुविधा प्राप्त करने में कठिनाई न हो। उन्होंने सभी ऑपरेटरों एवं संबंधित विभागीय पदाधिकारियों से इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर संपन्न कराने का आग्रह किया।

## धारदार हथियार से हमला, एक आरोपी को भेजा गया जेल

**बरही, झारखंडः-** बरही थाना क्षेत्र के गुडियो विजैया में धारदार हथियार तलवार से हुए हमले के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में पीड़ित उमेश दास पिता राजेश रविदास ने थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में उन्होंने संजय दास पिता स्व. शंकर रविदास एवं दयामती देवी पति संजय दास को नामजद अभियुक्त बनाया है। बरही पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद नामजद अभियुक्त संजय दास को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## श्रीनगर बरही में मारपीट को लेकर नौ लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**बरही, झारखंडः-** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत 3 अक्टूबर की रात करीब 11 बजे मारपीट और तोड़फोड़ की घटना हुई। इस संबंध में श्रीनगर निवासी शंकर शर्मा पिता स्व. बाबूलाल ठाकुर ने बरही थाना में कांड संख्या 373/2025 में प्राथमिकी दर्ज कराई है। शिकायत में उन्होंने बिनोद ठाकुर, ओम प्रकाश ठाकुर, पप्पू ठाकुर, आलोक ठाकुर, निशु कुमारी, मीनू देवी, बिमल ठाकुर, टिंकू ठाकुर और मुनवा मसोमात पर घर में घुसकर गाली-गलौज, मारपीट और सामान तोड़ने का आरोप लगाया है। बरही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इधर मामले को लेकर नामजद लोगों से सम्पर्क किया गया लेकिन उनसे संपर्क नही हो पाया।

## आज जनपद के कार्यक्रम में शामिल होंगे राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग नई दिल्ली के सदस्य

**चित्रकूटः** प्रभारी जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने बताया कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग नई दिल्ली के सदस्य प्रियंक कानूनगो सात अक्टूबर मंगलवार को लोक निर्माण विभाग निरीक्षण गृह में बच्चों, युवा, छात्र, पेंशन भोगी, वरिष्ठ नागरिकों और प्रतिनिधियों से मुलाकात करें। इसके बाद विभिन्न बिंदुओं पर संबंधित अधिकारियों के साथ कलेक्टरेट सभागार में समीक्षा बैठक करेंगे। जिसमें रोजगार एवं कौशल विकास अधिकार, बच्चों के अधिकार और किशोर न्याय प्रणाली, मानव तस्करी, वृद्ध व्यक्तियों के अधिकार, दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार, पंचायती राज संस्थाओं एवं स्थानीय स्वशासन निकायों के कार्य आदि की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि अधिक से अधिक बच्चों, छात्रों, वरिष्ठ नागरिकों आदि को शामिल किया जाए।

## समीक्षा बैठक लेंगे राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग सदस्य

**चित्रकूटः** उपजिलाधिकारी व प्रोटोकॉल अधिकारी पूजा साहू ने बताया कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो निर्धारित दौरे के तहत सोमवार की शाम जनपद पहुंचे। यहां वह रात्रि विश्राम के बाद मंगलवार को जनपद में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। बताया कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो मंगलवार की दोपहर एक बजे स्थानीय जनता व सिलिकोसिस रोगियों से बातचीत करेंगे।

इसके बाद दोपहर तीन बजे कलेक्टर में संबंधित अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे तथा पुनः रात्रि विश्राम कर वह आठ अक्टूबर मंझनपुर, कौशाम्बी के लिए प्रस्थान करेंगे।

# 300 मकान पानी से घिरे जीवन अस्त व्यस्त लालगंज-मुरारपट्टी गांव में जाने वाली सड़क पर हुआ जल जमाव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलिया/ लालगंज।** शुक्रवार की रात हुई बारिश कई जगहों पर दुश्वारियां छोड़ गई है। कई घरों के बेसमेंट में पानी घुस गया है। शहर से सटे जीराबस्ती व पटखौली नई बस्ती में लगभग 300 मकान पानी से घिरे हैं। 20 दिन पहले से इलाके में जलभराव है। बारिश के बाद हालात और खराब हो गए हैं। मोहल्ले में जाने वाले मार्ग पर दो से तीन फीट तक पानी ठहरा हुआ है। वहीं, रोडवेज वर्कशॉप का पानी से दुर्गंध उठने लगी है। पानी निकासी के लिए प्रशासन के प्रयास पर बारिश ने पूरी तरह से पानी फेर दिया है। 10 दिनों में जितना पानी निकाला गया उससे दोगुना फिर भर गया है। उधर लालगंज में शुक्रवार की रात हुई भारी बारिश से घरों के बेसमेंट में पानी लगने से लोगों के लाखों के सामान भीग गए। जगदीशपुर मार्ग पर ढाई फीट पानी भर गया है। बारिश से बेसमेंट में रखे सैनिक बीज भंडार लालगंज का लाखों रुपये के खाद व बीज भीग गए। चिरंजी छपरा निवासी मंडोला तुरहा के घर के अगल-बगल पानी लगने से घर में आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सुखदेव पासी के घर में चार फीट तक पानी भर गया है। वह घर छोड़ लालगंज में रह रहे हैं। वहीं, मुरारपट्टी और लालगंज के बीच सड़क पर जमा पानी से हजारों लोगों के आवागमन पर प्रभाव पड़ा है। स्कूल आने-जाने वाले छात्र छात्राओं, लालगंज बाजार करने वालों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। मार्ग पर पानी जमा होने से दो सौ मीटर की दूरी को दो किलोमीटर घूमकर पहुंच रहे है। क्षेत्र के मुरारपट्टी, हृदयपुर, बहुआरा गांव आंशिक, गड़ेरिया, भूसौला, शिवपुर कपूर दीयर गांव के हजारों लोगों को बाजार आने जाने का यह प्रमुख मार्ग है। इसके साथ ही जगदीश पुर नई बस्ती के निकास मार्ग पर दो से ढाई फीट पानी लगा है।

# शव कंधे में लेकर आधा किलोमीटर पैदल चलकर घर पहुंचे परिजन

**●रिम्स से एम्बुलेंस से गांव तक लाया गया था शव**

**सड़क समस्या-मामला सांसद आदर्श ग्राम चटुआग का**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चंदवा, झारखंडः-**कामता पंचायत के सांसद आदर्श ग्राम चटुआग के टोला पहना पानी निवासी रौशन मुंडा की मृत्यु रिम्स रांची में दिनांक 06 अक्टूबर 2025 को ईलाज के दौरान मौत हो गई थी, दिनांक 04 अक्टूबर को सांसग के समीप रौशन मुंडा मोटरसाइकिल एक्सीडेंट में जख्मी हुआ था। एम्बुलेंस से इसके शव चटुआग के परहैया टोला तक आया, लेकिन सड़क के अभाव में एम्बुलेंस पहना पानी नहीं जा सका, गांव वासी शव को कंधे में उठाकर घर तक ले गए। मृतक के पिता बोने तीप?नो ने रिम्स रांची में बारीयातू पुलिस के समक्ष जो ब्यान दिया है उसमें उन्होंने बताया कि दिनांक 06/10/025 समय 10.00 बजे पुर्वाहण में बारीयातु के पुलिस पदाधिकारी के समक्ष डॉ0 अनुप प्रकाश ईकाई रिम्स रांची में बीना डर भय के हम अपने स्वेक्षा से ब्यान देता हूं कि मृत रौशन मुंडा उम्र 18 वर्ष पिता बोने मुंडा, साकिन चटुआग, थाना चंदवा जिला लातेहार है जो मेरा लड़का है, अपना घर से गांव के दो साथी सुनील टोपनो, बबूआ गंझु के साथ मोटरसाइकिल से बरहमनी बजार गया था, वे लोग बरहमनी बजार से साथी के साथ नया मोटरसाइकिल को चलाकर मेरा लड़का वापस अपना घर लौट रहा था, इसी बीच दिनांक 04 अक्टूबर 2025 को समय करीब छह बजे शाम में चंदवा थाना अंतर्गत सासंग के पास मोटरसाइकिल से एक पेंड़ में टक्कर मार दिया जिस से तीनों आदमी गिर गया जिससे मेरा लड़का जख्मी हो गया, सुचना पाकर वहां गए, वहां से लड़का को सदर अस्पताल लातेहार लाए यहां से रिम्स रांची रेफर किया गया, ईलाज के क्रम में दिनांक 06 अक्टूबर 2025 को समय करीब 01:15 में लड़का का मृत्यु हो गया।

# हजारीबाग में विद्युत कर्मियों का भव्य विदाई समारोह आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** हजारीबाग विद्युत विभाग, हजारीबाग अर्बन में सोमवार को सेवानिवृत्त हो रहे अनुभवी और समर्पित विद्युत कर्मियों के सम्मान में एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन न केवल उनके लंबे समय तक दिए गए योगदान को सम्मानित करने का अवसर बना, बल्कि विभाग के युवा कर्मियों को समर्पण और निष्ठा की प्रेरणा भी प्रदान की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता स्टोर कार्यपालक अभियंता रामगोपाल राम ने की, जबकि मंच संचालन प्रवेश सिंह ने किया। समारोह में विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और उनके परिजन बड़ी संख्या में मौजूद थे। अपने विदाई संबोधन में सेवानिवृत्त कर्मियों मंसूर खान और धर्मदास बेग ने अपने कार्यकाल के अनुभव साझा किए। उन्होंने साथियों के सहयोग और सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि यह पल उनके जीवन की अविस्मरणीय स्मृतियों में शामिल रहेगा। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों में आर.पी. सिंह (सहायक विद्युत अभियंता, अर्बन), सत्यदेव कुमार (सहायक विद्युत अभियंता) और अवतेश कुमार (कनीय विद्युत अभियंता) ने अपने संबोधन में कहा कि सेवानिवृत्त कर्मियों का अनुशासन, निष्ठा और कार्यकुशलता आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि विभाग के विकास में इन कर्मियों की भूमिका अमूल्य रही है। विदाई समारोह में सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को शॉल, स्मृति-चिह्न और उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक नाश्ते के साथ हुआ। इस अवसर पर विभाग के कई वरिष्ठ व कनिष्ठ कर्मचारी मौजूद रहे, जिनमें मुख्य रूप से अनिल ठाकुर, राकेश बड़ा बाबू, मनोज कुमार रजक, अशोक मधुकर, अशोक साहू, राम प्रसाद, अजय कुमार, राकेश रजक, बलबीर, सतीश वर्मा, गितराज, वीरेंद्र साव, सोनू सिंह, नवीन, छोटू महतो, कृष्णा कुमार, अनूप साव, चंद्रप्रकाश, नवल, वाशिम अकरम, राधेश्याम गुप्ता, पंकज कुमार, जितेंद्र कुमार, राजेश प्रसाद, सतेंद्र समेत सरकारी और निजी विद्युत कर्मी शामिल थे।

# महात्मा गांधी पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** महाराजगंज तराई महात्मा गांधी पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर 2025 को विकासखंड तुलसीपुर महाराजगंज तराई साहेबनगर कनहरा मोहनापुर राजवापुर मैंनहवा में वृक्षारोपण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर फलदार वृक्षों—आम, अमरूद और आंवला के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व से जोड़ना और हरित प्रदेश की दिशा में सार्थक पहल करना था। इस अवसर पर सहायक विकास पंचायतअधिकारी तुलसीपुर मानिक राम मोर्या ने पौधारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं और हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी देखभाल करे। मानिक राम मोर्या ने ग्रामीणों को पौधों की सुरक्षा और उनके महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में पंचायत विभाग के कृपा शंकर तिवारी श्यामलाल मीनाक्षी राव दिनेश कुमार प्रधान मोहम्मद उमर गणेश प्रसाद सोनी जीने संजय तिवारी शिवकुमार अन्य कर्मियों ने भी सक्रिय सहयोग किया। स्थानीय स्तर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और उन्होंने उत्साहपूर्वक वृक्षारोपण में भाग लिया। इसमें सभी ने एक स्वर से पर्यावरण को बचाने और पौधों की देखभाल का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक दिन का कार्य नहीं है, बल्कि यह सतत जिम्मेदारी है। पौधे जब तक बड़े पेड़ न बन जाएं तब तक उनकी देखरेख करना आवश्यक है। ग्रामीणों ने वचन दिया कि लगाए गए प्रत्येक पौधे की सुरक्षा की जाएगी और उन्हें फलने-फूलने तक संरक्षित रखा जाएगा। वृक्षारोपण के इस आयोजन ने न केवल ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया, बल्कि समाज में हरियाली और स्वच्छता का संदेश भी दिया। आयोजन स्थल पर मौजूद लोगों ने महात्मा गांधी पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी को नमन करते हुए उनके विचारों को याद किया और समाज हित में कार्य करने का संकल्प लिया।

# आरएसएस के 100 वर्ष पूरे होने पर स्वयंसेवकों ने किया पथ संचलन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चित्रकूटः** शताब्दी वर्ष के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा जिला मुख्यालय के शंकर बाजार में पथ संचलन का आयोजन किया गया। जिसमें 248 स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में अनुशासन व उत्साह के साथ कदमताल करते हुए पथ संचलन किया। संघ के सह प्रांत बौद्धिक प्रमुख अखंड ने आरएसएस के सौ वर्ष पूरे होने के महत्व को बताते हुए पंच परिवर्तन सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण, कुटुंब प्रबोधन व स्वदेशी जीवन शैली अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। संघ द्वारा आयोजित पंथ संचलन में 248 स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में अनुशासन एवं उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। पथ संचलन के दौरान स्थानीय नागरिकों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। पथ संचलन की शुरुआत गल्ला मंडी परिसर से की गई, जो जिला मुख्यालय के मुख्य मार्गों से होकर अपने गंतव्य स्थान पर सम्पन्न किया गया। स्वयंसेवकों ने भारत माता, संघ संस्थापक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार, माधव सदाशिवराव गोलवलकर के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलित किए तथा भारत माता की जय के उद्घोष से वातावरण को देशभक्ति से ओतप्रोत कर दिया। बताया कि पथ संचलन का उद्देश्य समाज में अनुशासन, एकता, सेवा, त्याग और राष्ट्रभक्ति का संदेश देना है। इस मौके पर नगर संघचालक आदर्श, जिला नगर कार्यवाह विजयकिशोर, नगर प्रचारक रमाकांत, जिला कार्यवाह अतुल, जिला संपर्क प्रमुख आशीष, जिला प्रचार प्रमुख लवकुश, नगर प्रचार प्रमुख अमन, राहुल, आलोक पांडे, शिवेंद्र, रोहित आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में संघ के शताब्दी वर्ष पर रामनगर खंड में देव संस्कृति विद्यालय में शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही मानिकपुर खंड के अगरहुंडा मंडल में भी शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें स्वयंसेवकों ने प्रतिभाग किया।

# 'डीएम अंकल, हमारा घर हमें दिलवा दो...', मां-बाप की मौत के बाद मासूम भाई-बहन ने लगाई गुहार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलिया-** यूपी के बलिया जिले में दो साल पहले माता-पिता की मौत के बाद बड़े पापा और पड़ोसियों ने मासूम भाई-बहन को घर से निकाल दिया। उन्हें उनका मकान नहीं दिया जा रहा है। इसकी शिकायत लेकर मासूमों ने डीएम से की है। अपने नाना के साथ डीएम कार्यालय के बाहर मासूम बच्चे पीछे खड़े हैं। बलिया में नगर के रामपुर महावल निवासी दो मासूम ऋषभ सिंह खरवार और बहन रितिका सिंह खरवार अपने नाना पनिचा गांव निवासी राधेश्याम के साथ सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। बच्चों का कहना है कि पिता और मां की बीमारियों से मौत हो चुकी है। पड़ोसियों ने मेरी मां का पूरा जेवरात भी रख कर घर में ताला लगा दिया। जिस कारण से हम दोनों भाई-बहन अपने नाना के यहां पनिचा रह रहे हैं। जिलाधिकारी से नाना राधेश्याम खरवार ने फरियाद लगाते हुए कहा कि मेरी बेटी सपना की मौत बीमारी से हो गई,और दामाद रोशन को पड़ोसियों ने प्रताड़ित कर मार डाला। जिनके दो छोटे-छोटे मासूम मेरे गांव पनिच रहते हैं। बेटी और दामाद के सारा आभूषण मासूम बच्ची की बड़ी मम्मी और बड़े पिता ने रख लिया है। घर में ताला लगाकर रखा है। इसकी शिकायत जिले के कई अधिकारियों से की, लेकिन न्याय नहीं मिला। यही नहीं इन मासूम बच्चों को सरकारी योजनाओं से लाभांवित करने के लिए सरकारी कार्यालय में चक्कर काटते-काटते थक चुके हैं। इसके बाद भी अब तक न्याय नहीं मिल सका है। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग किया है कि उक्त मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किया जाए। इसके साथ ही इन बच्चों को सरकारी योजनाओं से लाभांवित किया जाए।

# पेयजल विभाग चंदवा के द्वारा मनमानी चरम पर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लातेहार, झारखंडः-** लातेहार जिले के चंदवा प्रखंड अंतर्गत डुमारो पंचायत के ग्राम ढोंटी टोला जतराटांड़ में पेयजल विभाग चंदवा के द्वारा सोलर जलमिनार में ग्रामीणों की बचाव,सुरक्षा हेतु वज्र किट लगाया जा रहा है। मालूम हो कि वज्र किट तांबे या पीतल के धातु का होना आवश्यक है, बावजूद पेयजल विभाग के अधिकारियों, इंजीनियर के मिली भगत के कारण पूरे चंदवा प्रखंड में लोहे के द्वारा निर्मित वज्र किट को लगाया जा रहा है। जब इसकी जानकारी संबंधित एसडीओ पेयजल विभाग चंदवा से दूरभाष के माध्यम से बातचीत हुई तो उन्होंने स्वीकार किया कि तांबे का लगना चाहिए, मैं इसको जांच करवाता हूं। अधिकांशतः ग्रामीण क्षेत्रों में देखा जाता है कि विभाग के द्वारा तय मानक के अनुसार कोई भी कार्य नहीं किया जाता है या वह पेयजल की व्यवस्था हो,या सड़क हो, बिजली हो, पानी हो सभी चीजों में विभागीय बंदरबांट होती रहती है, जिसका खामियाजा परेशानी भोले भाले ग्रामीणों को उठाना पड़ता है ,अब देखना दिलचस्प होगा कि संबंधित पेयजल विभाग कितना जल्द इस कार्य को बंद करवाती है और तय मानक के अनुसार तांबे के धातु के द्वारा निर्मित वज्र किट सोलर जलमिनार में लगवाती है।

# अफीम की अवैध खेती के दुष्प्रभाव पर बरियातू प्रखंड में नुक्कड़ नाटक

**● मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनजागरूकता अभियान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लातेहार, झारखंडः-** लातेहार जिले के बरियातू प्रखंड में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देशानुसार बरियातू प्रखंड में अफीम की अवैध खेती एवं मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति आमजन को जागरूक करने हेतु नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों को मादक पदार्थों के दुरुपयोग से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक नुकसान के बारे में जानकारी देना तथा उन्हें वैकल्पिक आजीविका के साधनों की ओर प्रेरित करना है। नुक्कड़ नाटक के कलाकारों द्वारा जीवंत अभिनय और संवादों के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि अफीम की खेती न केवल अवैध है बल्कि समाज और परिवार दोनों के लिए विनाशकारी परिणाम लेकर आती है। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की और नशा-मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करने का संकल्प लिया। उपायुक्त श्री उत्कर्ष गुप्ता ने कहा कि प्रशासन द्वारा जिले में ऐसे जनजागरूकता कार्यक्रम निरंतर रूप से आयोजित किए जा रहे हैं ताकि मादक पदार्थों की अवैध खेती और तस्करी पर अंकुश लगाया जा सके तथा युवाओं को नशे से दूर रखते हुए सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जा सके।

# बलिया जेएनसीयू का दीक्षांत समारोह शामिल होंगी राज्यपाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलिया।** जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय का सप्तम दीक्षान्त समारोह 7 अक्टूबर को होगा। कुलाधिपति राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में समारोह में 19560 विद्यार्थियों को उपाधि दी जाएगी। बलिया, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय का सप्तम दीक्षान्त सात अक्तूबर यानि मंगलवार को आयोजित होगा। इसकी जानकारी देते हुए कुलपति प्रो. संजीत कुमार गुप्त ने बताया है कि दीक्षांत समारोह विवि की कुलाधिपति राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जीआई मैन के रुप में प्रसिद्ध पद्मश्री डॉ. रजनीकांत, अति विशिष्ट अतिथि प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय तथा विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी होंगी। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह में कुल 19560 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की जायेगी। इसमें स्नातक के 15878 और परास्नातक के 3682 विद्यार्थी सम्मिलित हैं। उपाधि प्राप्त करने वालों में 62 प्रतिशत छात्राएं हैं, जबकि छात्रों की संख्या मात्र 38 प्रतिशत है। कार्यक्रम में 12143 छात्राओं और 7417 छात्रों को उपाधियां दी जायेंगी। स्नातक में 60 फीसदी जबकि परास्नातक में 72 फीसदी छात्राएं उत्तीर्ण हुई हैं। इस वर्ष 19 विद्यार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की जायेगी, जिसमें 13 छात्र एवं छह छात्राएं हैं। कुलपति ने कहा कि समारोह में 43 विद्यार्थियों को कुल 44 स्वर्ण पदक प्रदान किये जायेंगे। एक छात्रा शामिया खातून को उर्दू विषय में स्वर्ण पदक के साथ विश्वविद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के लिए कुलाधिपति पदक (चांसलर मेडल) भी दिया जायेगा। स्वर्ण पदक प्राप्त करने वालों में छात्राओं की संख्या 34 और छात्रों को संख्या नौ है। राज्यपाल आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों को तीन सौ किट भी प्रदान करेंगी। इनमें से दो सौ किट जिला प्रशासन और सौ किट विश्वविद्यालय के द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा। बताया कि दीक्षान्त समारोह से पहले विवि द्वारा परिसर एवं गोद लिए हुए गांवों में दीक्षोत्सव के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जा रहा है। इन प्रतियोगिताओं में विजयी हुए प्राथमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को राज्यपाल के द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा।

# चंदवा के टोरी कोल साइडिंग में फायरिंग, सुरक्षा गार्ड को लगी गोली

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लातेहार, झारखंडः-** लातेहार जिला के चंदवा प्रखंड के टोरी कोल साइडिंग में रविवार अर्धरात्रि लगभग 11:30 बजे टोरी साइडिंग में अंधाधुंध फायरिंग और बम बाजी की गई। उसी क्रम में रात्रि गार्ड में तैनात गोपाल प्रसाद पिता रामकृष्ण प्रसाद उम्र लगभग 58 वर्ष को राहुल दुबे गिरोह के लोगों ने गोली मार दी। घटना के बाद चंदवा पुलिस को सूचना दी गयी। सूचना के आधे घंटे के बाद चंदवा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायल सुरक्षा गार्ड को चंदवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। जहां गोली को डॉक्टर के द्वारा निकालकर सदर अस्पताल लातेहार भेजा गया। घटना बड़ी होने के कारण सदर अस्पताल गोलीकांड को देखते हुए मरीज को रिम्स रेफर कर दिया। सूत्रों की जानकारी मिली है कि रात्रि सुरक्षा गार्ड गोपाल प्रसाद का इलाज रिम्स में चल रहा है। इधर घटना की जिम्मेवारी सोशल मीडिया पर राहुल दुबे गैंग और अमन साहू गैंग ने घटना को जिमेवारी लिया है और कहा है कि यह घटना हम लोग के द्वारा रंजीत गुप्ता और सुमित चटर्जी के कान का पर्दा हटाने के लिए किया गया है। पूर्व में भी जो घटना टोरी कोल साइडिंग में हुई थी। वह सभी घटना हम लोग के द्वारा ही किया गया था। परंतु रंजीत गुप्ता और सुमित चटर्जी का कान का पर्दा नहीं हटा है। यह घटना जो रात्रि को 5 अक्टूबर को हम लोग के द्वारा किया गया है। वह नजर अंदाज करने का परिणाम है। अगर इस घटना के बावजूद भी आप लोग मेरी बात को नहीं समझे तो अगली बार ऑफिस,घर और गाड़ी पर बम फेंका जायेगा। क्योंकि यह सब जगह भी हम लोग से छिपी हुई नहीं है। अगर मेरी बातों और कारनामों का आप लोग पर असर नही हुआ तो अच्छी बात है,अन्यथा अगला धमाका इससे भी दर्दनाक और जोरदार होगा। यह बातें सोशल मीडिया पर राहुल दुबे गैंग प्रेस रिलीज कर धमकी भरा पोस्टर जारी किया है। इधर घटना के बाद टोरी कोल साइडिंग में सन्नाटा पसरा है। घटना के कारण बाजार पूरी तरह से गर्म है। पुलिस इस घटना के बाद अपनी मुस्तैदी दिखा रही है।

**क्या कहते हैं लातेहार एसपी कुमार गौरव**

टोरी कोल साइडिंग में घटना की जानकारी होने की पुष्टि लातेहार एसपी कुमार गौरव ने किया है और कहा की एक आदमी को गोली लगी है जो रांची रिम्स में इलाज हो रहा है और जल्द ही राहुल दुबे गिरोह का पदार्फाश किया जायेगा। अब देखना यह होगा कि कितना जल्द लातेहार पुलिस इस प्रकार के घटनाओं में अंकुश लगा पाती है।

## संक्षिप्त खबरें

### शोभायात्रा में रहे शामिल

दीक्षांत समारोह की शुरुआत में शोभायात्रा निकाली गई, जिसका नेतृत्व कुलसचिव केश लाल ने किया। शोभायात्रा में परीक्षा नियंत्रक डॉ विनोद कुमार सिंह और वित्त अधिकारी आत्मप्रकाश धर द्विवेदी के साथ कार्य परिषद् एवं विद्या परिषद के सदस्य शामिल हुए। दीक्षांत समारोह का संचालन परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह ने किया। इस अवसर राज्यसभा सदस्य सीमा द्विवेदी, प्रो. मानस पांडेय, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. राजेश शर्मा, शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष डा. विजय सिंह, अध्यक्ष डा. राहुल सिंह,, प्रो. एके श्रीवास्तव, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. रामनारायण, प्रो. देवराज सिंह, प्रो. संदीप सिंह, प्रो. प्रदीप कुमार, डा. मनीष गुप्ता, प्रो. राकेश यादव, एनएसएस समन्वयक डॉ. राज बहादुर यादव, प्रो. संतोष कुमार,. डा. सुनील कुमार, डा. दिग्विजय सिंह राठौर, डा. रशिकेस, डॉ. अनु त्यागी, डा. जाह्नवी श्रीवास्तव, डा. अमरेंद्र सिंह, डा. आशुतोष सिंह, कर्मचारी संघ के महामंत्री रमेश यादव, उप कुलसचिव अजीत सिंह, बबिता सिंह आदि शिक्षक और कर्मचारी मौजूद थे।

### गाड़ी भगाने पर कानपुर में छात्र को अधमरा करने वाला चौकीइंचार्ज लाइन हाजिर

**कानपुर।** अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही तथा जनता की सेवा और सहायता के उद्देश्य से गठित पुलिस विभाग के लोग अक्सर अमानवीय व्यवहार करने से भी बाज नहीं आते। ऐसी ही एक घटना में एक चौकी इंचार्ज ने गाड़ी भगाने पर छात्र को अधमरा कर दिया । जिसके बाद उसे लाइन हाजिर करके मामले की जांच एसीपी बाबू पुरवा को दी गई है। जानकारी के मुताबिक किदवई नगर में ओवर स्पीड के आरोप में पकड़े गए छात्र महेश के मारपीट न करने का नियम बताने पर भड़के चौकी प्रभारी ने थप्पड़ों की बौछार करते हुए उसे लातें भी मारी। इतना दुरुस्त कर देने की धमकी देने का वीडियो बनाकर उसके एक साथी ने इंटरनेट मीडिया पर वीडियो भी प्रचलित कर दिया, जिसे संज्ञान में लेकर डीसीपी दक्षिण दीपेंद्र नाथ चौधरी ने दारोगा को लाइन हाजिर कर दिया है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच बाबू पुरवा के एसीपी को दी गई है। याद रहे कि यह मामला पहला नहीं है। इसके पहले भी पुलिस पर इसी तरह के कई आरोप लगा चुके हैं। इस तरह की घटनाओं में कई पुलिस वालों को सस्पेंड भी किया जा चुका है लेकिन इसके बाद भी पुलिस द्वारा दुर्व्यवहार की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं ।मतलब कोई न कोई आए दिन उनके अमानवीय व्यवहार का शिकार हो रहा है।

### ओबरा के स्वामी सत्यानन्द सरस्वती स्कूल की प्रधानाचार्या संध्या गिरि को शिक्षा विभूति सम्मान-2025



**सोनभद्र ओबरा।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए स्वामी सत्यानन्द सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ओबरा की प्रधानाचार्या श्रीमती संध्या गिरि को प्रतिष्ठित शिक्षा विभूति सम्मान - 2025 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान वाराणसी में सीबीएसई (CBSE) के काशी सहोदया एजुकेशनल स्कूल कॉम्प्लेक्स द्वारा आयोजित एक भव्य शिक्षा विभूति सम्मान समारोह 2025 में प्रदान किया गया। श्रीमती संध्या गिरि को यह महत्वपूर्ण सम्मान डॉ. अखिलेश कुमार (अवर सचिव/प्रमुख, सीओई सीबीएसई प्रयागराज) के कर कमलों द्वारा प्रदान किया गया। समारोह में वाराणसी और आस-पास के क्षेत्रों के कई प्रतिष्ठित शिक्षाविदों, स्कूल प्रिंसिपलों और शिक्षकों ने भाग लिया। यह सम्मान प्रधानाचार्या श्रीमती संध्या गिरि के शिक्षा के प्रति समर्पण, नवाचार (Innovation) और छात्रों तथा शिक्षकों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने के उनके प्रयासों को मान्यता देता है।श्रीमती संध्या गिरि को मिले इस सम्मान से स्वामी सत्यानन्द सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ओबरा में खुशी का माहौल है। स्कूल प्रबंधन और स्टाफ ने इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया है। उनका मानना है कि प्रधानाचार्या का यह सम्मान केवल उनके लिए ही नहीं, बल्कि पूरे ओबरा क्षेत्र के शैक्षिक समुदाय के लिए एक बड़ी उपलब्धि और प्रेरणा का स्रोत है।यह सम्मान एक बार फिर यह साबित करता है कि श्रीमती संध्या गिरि के नेतृत्व में स्कूल शिक्षा के उच्च मानकों को बनाए रखने और भविष्य के नागरिकों को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## मनोज अग्रहरि की अध्यक्षता में हुआ व्यापारी सम्मेलन - जीएसटी सुधारों से आत्मनिर्भर भारत की राह और आसान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**जौनपुर।** भाजपा सदर विधानसभा द्वारा आयोजित "जीएसटी बचत उत्सव" के अंतर्गत सोमवार को विष्णु मोटल, सुक्खीपुर में भव्य "व्यापारी सम्मेलन"का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में व्यापार जगत से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत और सार्थक चर्चा हुई। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य था – जीएसटी सुधारों के लाभ, आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में व्यापारियों की भूमिका और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रतिष्ठित व्यापारी मनोज अग्रहरि ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद श्रीमती सीमा द्विवेदी और विशिष्ट अतिथि के रूप में खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गिरीश चन्द्र यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलन से हुआ।

**जीएसटी सुधारों से आमजन को राहत**

मुख्य अतिथि सीमा द्विवेदी ने कहा कि "मोदी सरकार ने दशहरा और दीपावली से पहले आम जनता को राहत दी है। जीएसटी दरों में कमी से अब जरूरत की वस्तुएं सस्ती होंगी।"राज्यमंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने कहा, "मोदी सरकार से पहले 16 तरह के टैक्स लिए जाते थे, अब 'वन नेशन वन टैक्स' के तहत व्यवस्था सरल और पारदर्शी हुई है।"

**व्यवसायियों ने जताई खुशी**

प्रतिष्ठित व्यापारी नन्हे लाल वर्मा ने कहा कि "जीएसटी दर घटने से मध्यमवर्गीय परिवार को बड़ा लाभ मिलेगा, ऑटो व्हीकल्स के दाम भी कम हुए हैं।" अमित गुप्ता ने कहा कि "जीएसटी सुधारों से आम नागरिक को सीधा फायदा होगा।" व्यापारी नेता सोमेश्वर केसरवानी ने बताया कि ÷कैंसर की दवाइयों पर टैक्स घटने से मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी।" वहीं वरिष्ठ व्यापारी लोकेश साहू, राधारमन जायसवाल और विक्रम गुप्ता ने कहा कि "अब जीवन और चिकित्सा बीमा पर जीएसटी नहीं लगेगी, जिससे आमजन को सीधा लाभ होगा।"

**मनोज अग्रहरि बोले – छोटे व्यापारियों के लिए कार्यशालाएं जरूरी**

अध्यक्षता कर रहे मनोज अग्रहरि ने कहा कि इस तरह के सम्मेलन नियमित रूप से होने चाहिए। उन्होंने कहा, "जरूरी है कि छोटे व्यवसायियों के लिए भी कार्यशालाएं आयोजित की जाएं, ताकि उन्हें जीएसटी के प्रावधानों की सही जानकारी मिल सके और वे आसानी से इसका लाभ उठा सकें।" कार्यक्रम का संचालन आशीष गुप्ता 'आशु' ने किया।

**सम्मेलन में रहे प्रमुख उपस्थितजन**

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मनोरमा मौर्य, नगर अध्यक्ष सारिका सोनी, पीयूष जी, अमित श्रीवास्तव, मोनू सेठ, हरिश्चंद, मनीष श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार जायसवाल, अजय सिंह, ब्रह्मेश शुक्ला, संतोष सिंह, श्रीमती गीता, रामसूरत मौर्य सहित बड़ी संख्या में व्यापारी, उद्यमी और भाजपा पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## टेंगनहिया गांव के पास कटान रोकने के होंगे उपाय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** सदर तहसील के टेंगनहिया गांव के पास स्थायी कटानरोधी कार्य कराने की तैयारी हो रही है। पूरा गांव कटान की जद में है।500 से अधिक कटान से प्रभावित है। गांव को राप्ती की कटान से बचाने की कवायद में बाढ़ खंड विभाग जुट गया है। गांव व राप्ती नदी के बीच करीब 300 मीटर कटानरोधी कार्य कराने की परियोजना की है। दीपावली से पहले ही कटानरोधी परियोजना को मंजूरी मिलने की संभावना है। इस बार नदी और गांव में स्थित मस्जिद के बीच सिर्फ 10 मीटर का फासला रह गया था। 10 सितंबर को बालू व मिट्टी की बोरियां डालकर कटान रोकने का अस्थायी प्रयास किया गया, लेकिन नदी का जलस्तर बढ़ गया। अस्थायी जुगाड़ से मस्जिद व गांव के घरों पर कटान का खतरा कम नहीं हुआ। अब नदी की धारा को मोड़ने के लिए सर्वे हुआ है। ग्रामीणों की मांग पर स्थायी रूप से कटानरोधी कार्य कराने के लिए जीपीएस (ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम) सर्वेक्षण किया गया।

**राप्ती में समा चुकी है 85 बीघे जमीन**

ग्रामीण राम कुमार यादव, नफीस खान, नजीर, रामचंद्र व वसीउल्ला ने बताया कि टेंगनहिया गांव के पास कटान से इस बार 85 बीघे जमीन नदी में समा गई है। खेतों में लगी गन्ना व धान की फसल राप्ती नदी में समा जाने से गांव के लोगों के सामने खाने-पीने का संकट खड़ा हो गया है। स्थायी रूप से कटानरोधी कार्य होने से कटान से राहत मिलेगी।

**शासन से मंजूरी मिलने का इंतजार**

सदर तहसील के टेंगनहिया गांव के पास राप्ती नदी की कटान को स्थायी रूप से रोकने के लिए बड़ी परियोजना तैयार की गई है। परियोजना को शासन से मंजूरी मिलने के बाद कार्य शुरू करा दिया जाएगा। -भरत राम, एक्सईएन बाढ़ खंड।

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से खलासी की मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर/रेहरा बाजार।** अचलपुर गांव के पास शाम ट्रक के ऊपर से किराना का सामान उतारने के दौरान खलासी लटक रहे हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया। उसे आनन-फानन अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। लटकती एचटी लाइन छू जाने से ट्रक में भी करंट उतर आया, जिससे काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल रहा। लखनऊ से किराना का सामान लेकर सादुल्लाहनगर जा रहा ट्रक रेहरा बाजार-सादुल्लाहनगर मार्ग पर अचलपुर रूप गांव के पास रुका था। इसी दौरान खलासी अमित कुमार (35 वर्ष) निवासी जोखिया, थाना जरवल, जनपद बहराइच ट्रक के ऊपर चढ़कर सामान उतार रहे थे।इसी बीच ट्रक के ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की लाइन के संपर्क में आने से उन्हें तेज झटका लगा और वह बेहोश होकर नीचे गिर पड़े। मौके पर मौजूद चालक आबिद अली व स्थानीय ग्रामीण और दुकान के लोग तुरंत दौड़े और गंभीर अवस्था में खलासी को सीएचसी रेहरा बाजार ले गए। जहां डॉ. बृजेश मौर्य ने जांच के बाद अमित को मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश सिंह मौके पर पहुंचे, उन्होंने मृतक के परिजनों को सूचना दी। बताया कि चालक की ओर से सूचना दर्ज कर ली गई है।

**हादसों को दावत दे रहे ढीले लटकते हाईटेंशन तार**

अचलपुर रूप गांव के किनारे और सड़क के ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन काफी नीचे झूल रही है। ग्रामीणों ने कई बार बिजली विभाग को तार को ठीक कराने की मांग की, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीण राजकुमार, रमेश यादव, फरीद अली और राजेश सिंह ने कहा कि अगर समय रहते विभाग ने ध्यान दिया होता, तो इस हादसे को रोका जा सकता था। इसी तरह महदेइया बाजार में भी हाईटेंशन तार लटक रहा है। यहां भी लंबे समय से गार्डिंग लगाने की मांग हो रही है, लेकिन अब तक सुनवाई नहीं हुई है।

## 11 KVA तार की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत जेई और एसडीओ पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र।** रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के हिन्दुआरी चौकी अंतर्गत चंदौली गाँव में बिजली विभाग की घोर लापरवाही के कारण एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। गाँव में स्थित एक गोदाम के पास 11 केवीए का टूटकर गिरा हुआ तार की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद, पूर्व विधायक रमेश चंद दूबे के कड़े रुख के बाद, पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जेई (जूनियर इंजीनियर) और एसडीओ (सब-डिविजनल ऑफिसर) के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या सहित सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान सागर पुत्र राम विलास, निवासी चंदौली के रूप में हुई है। बताया जाता है कि सागर चंदौली में स्थित चावल के गोदाम के पास अपनी साइकिल खड़ी करके काली मंदिर में पूजा करने गए थे।जब वह साइकिल खड़ी कर पूजा करने गए, तब गिरे हुए 11 केवीए के तार का प्रभाव साइकिल पर नहीं पड़ा था। लेकिन जब वह देवी की पूजा कर वापस आए और घर जाने के लिए जैसे ही साइकिल को हाथ से पकड़ा, वह साइकिल में ही चिपक गए। इस हृदय विदारक हादसे में उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।यह घटना बिजली विभाग की लापरवाही का जीता जागता उदाहरण है। बताया जाता है कि हादसे से एक दिन पहले गाँव के प्रधान ने तार टूटने और गिरने की सूचना देते हुए जेई और एसडीओ को फोन किया था, ताकि तार को सही कराया जा सके। लेकिन प्रधान के फोन का दोनों जिम्मेदार अधिकारियों पर कोई असर नहीं पड़ा। इसी अनदेखी और लापरवाही के कारण सागर की अकाल मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पूर्व सपा विधायक रमेश चंद्र दूबे और पार्टी के वरिष्ठ नेता रामेश्वर भाई पटेल तुरंत घटनास्थल पर पहुँचे। उन्होंने पहले पूरे मामले की जानकारी ली और फिर एसडीओ तथा जेई को फोन लगाया, लेकिन दोनों अधिकारियों ने फोन नहीं उठाया।इससे नाराज़ पूर्व विधायक ने सीधे अधिशासी अभियंता (E&ecutive Engineer) विद्युत वितरण निगम रॉबर्ट्सगंज को फोन लगाकर कड़ी फटकार लगाई। इसके साथ ही उन्होंने तत्काल पुलिस क्षेत्राधिकारी (C O) शहर रणधीर मिश्रा और प्रभारी निरीक्षक रॉबर्ट्सगंज को फोन कर जेई और एसडीओ के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की कड़ी हिदायत दी। पूर्व विधायक के कड़े तेवर को देखते हुए रॉबर्ट्सगंज कोतवाली पुलिस ने बगैर समय गंवाए दोनों जिम्मेदार अधिकारियों पर गैर इरादतन हत्या (Non-Homicidal Murder) का मुकदमा दर्ज कर लिया है और अग्रिम कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसे के बाद घटनास्थल पर पहुंचे परिजनों के दहाड़ मारकर रोने-बिलखने का दृश्य देखकर वहाँ मौजूद सभी लोगों की आँखें नम हो गईं। बताया जाता है कि पूर्व विधायक रमेश चंद्र दूबे भी मौके का दृश्य देखकर अपने आँसू नहीं रोक पाए। इस घटना ने एक बार फिर बिजली विभाग की लापरवाही को उजागर किया है, जिस पर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है।

## विद्युत करंट से भैंस की मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता


**रूद्रपुर, देवरिया।** कोतवाली क्षेत्र के सोनबरसा गांव में रविवार को विद्युत करंट की चपेट में आने से एक गर्भवती भैंस की मौत हो गई। जिससे पशुपालक को हानि उठानी पड़ी। सोनबरसा निवासी दिनेश यादव पुत्र राम आधार यादव उपखंड अधिकारी विद्युत वितरण खंड गौरी बाजार को एक प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 3 अक्टूबर को गांव में पोल गिर गया था जिससे तार भी टूट कर जमीन पर फैल गया था। सूचना मिलने पर लाइनमैन पोल को ठीक कर विद्युत चालू कर दिए जिससे गिरे हुए तार में करंट दौड़ रहा था। रविवार को तार के चपेट में आकर भैंस की मौत हो गई। पशुपालक ने भैंस की क्षतिपूर्ति देने की मांग की है।

## बादशाही सब स्टेशन 33/11 केवी में तकनीकी ख़राबी से बिजली आपूर्ति ठप

### ● दो- दो घण्टे के रोस्टर के हिसाब से फीडरों को दे रहे है आपूर्ति

### खेतासराय, लपरी, मानीकला और पिलकक्षा फ़ीडर प्रभावित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खेतासराय(जौनपुर)।** शाहगंज डिवीजन के बादशाही विधुत उपकेन्द्र 33/11 केवी के मशीन में रविवार को आई तकनीकी ख़राबी के चलते बिजली बेपटरी हो गई है । निगम चारो फीडरों को बारी-बारी दो-दो घण्टे की आपूर्ति मुहैया करा रहा है । जिससे तकरीबन 100 से अधिक गांव की आपूर्ति प्रभावित हो गई है । निगम दूसरे दिन भी टेक्नीशियन नही बुला सकी । विभाग कल तक आपूर्ति सही करने का दावा कर रहा है । उक्त उपकेंद्र से लपरी, मानीकला, पिलकक्षा और खेतासराय (ग्रामीण) फ़ीडर से क्षेत्र में आपूर्ति की जाती है ।

रविवार की शाम 5:30 बजे पिलकक्षा फ़ीडर की ट्राली मशीन में टेक्निकल ख़राबी के कारण ब्रेक हो गई । सब स्टेशन ऑपरेटर और स्थानीय कर्मियों ने ठीक करने की कोशिश की लेकिन सफ़लता नही मिली । निगम ने इसे उच्चाधिकारियों के संज्ञान में डाला है । अधिशासीय अभियंता अमित कुमार धर्मा के निर्देश पर निगम बारी-बारी दो-दो घण्टे सम्बंधित फीडरों को बिजली उपलब्ध करा रहा है । उपकेंद्र में तकनीकी ख़राबी के चलते दर्जनों गांव के लोग बिजली का दंश झेलने को मजबूर है । मनेछा, युनुसपुर, गुरैनी, मानीकला, अर्जनपुर, भुड़कुड़हा, समदहां, लपरी, जमदहा, कासिमपुर, शाहापुर, तारगहना, झाँसेपुर, सलरापुर, दण्डसौली समेत सौ से अधिक गांव आपूर्ति ध्वस्त हो गई है ।

बादशाही उपकेंद्र 33/11 केवी की मशीन में पिलकक्षा फ़ीडर की ट्राली ख़राब हो गई है । वाराणसी से टेक्नीशियन को बुलाया गया है । कल तक सुधार होने की उम्मीद है । रोस्टर में सभी फीडरों को दो- दो घण्टे आपूर्ति प्रोवाइड की जा रही है ।

## नेक्स्ट जेन जीएसटी को लेकर गौरीगंज में भव्य जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न

### ● डिजिटल भारत की रीढ़ बनेगा आधुनिक जीएसटी सिस्टम-गोविन्द नारायण शुक्ला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गौरीगंज, अमेठी** – गौरीगंज विधानसभा क्षेत्र के मटियारी भवन में "नेक्स्ट जेन जीएसटी" को लेकर एक विशेष जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं विधान परिषद सदस्य गोविंद नारायण शुक्ला 'राजा बाबू 'उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष श्री सुधांशु शुक्ला ने की।कार्यक्रम में पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र 'मटियारी ', भाजपा जिला महामंत्री केशव सिंह, तथा पार्टी के तमाम वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।कार्यक्रम का उद्देश्य व्यापारियों, उद्यमियों और आम नागरिकों को "नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी सिस्टम" की जानकारी देना और इससे जुड़ी प्रक्रियाओं को सरल और पारदर्शी बनाना था।मुख्य अतिथि गोविंद नारायण शुक्ला ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आज का भारत तेज़ी से डिजिटल युग की ओर बढ़ रहा है। 'नेक्स्ट जेन जीएसटी 'न केवल व्यापारियों के लिए सुविधाजनक और पारदर्शी व्यवस्था लाएगा, बल्कि यह देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊँचाइयों तक पहुंचाने में सहायक होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'डिजिटल इंडिया ' और 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस 'के विज़न को साकार करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।यह जरूरी है कि हर व्यापारी, हर युवा और हर करदाता इस आधुनिक प्रणाली को समझे और अपनाए, ताकि राष्ट्रनिर्माण की प्रक्रिया में सभी की भागीदारी सुनिश्चित हो।"कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री द्वारा किया गया और सभी उपस्थित जनों ने इस नवाचार को सराहा।

## नेपाल परखेगा सीमा पर व्यापार से बदलाव की स्थिति

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर/जरवा।** नेपाल में राजनीतिक परिस्थितियों में बदलाव के बाद व्यापारिक रिश्तों को प्रगाढ़ करने की दिशा में एक और पहल हुई है। कोयलाबास बॉर्डर पर भंसार सीमा वृद्धि के लिए शुरू किए गए तरक्की का द्वारअभियान को एसएसबी और सीमा शुल्क विभाग का भी भरोसा मिला है। अब नेपाल में भी इसे लेकर सक्रियता बढ़ी है। लुंबिनी प्रांत के उद्योग मंत्री प्रचंड विक्रम न्योपानी की पहल पर लमही उद्योग वाणिज्य संघ के मीडिया प्रभारी राधेश्याम गुप्त ने कहा कि जल्द ही बॉर्डर से व्यापार सुगम होगा। उन्होंने बताया कि भंसार सीमा वृद्धि से कोयलाबास के साथ ही नेपाल के अन्य क्षेत्रों के व्यापार पर पड़ने वाले प्रभाव की रिपोर्ट तैयार कराई जा रही है। जल्द ही एक मसौदा नेपाल की अंतरिम सरकार के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। इससे दोनों देशों के बीच व्यापारिक रिश्ते और बेहतर होंगे।तुलसीपुर के व्यापारी अनिल लाठ कहते हैं कि जिस तरह का प्रयास हुआ है, उससे अब कई तरह के बदलाव दिख रहे हैं। सीमा पर सहूलियत मिली है। इस बॉर्डर से जाने वाले लोगों को नेपाल में भी अब बेवजह परेशान नहीं किया जा रहा है। नेपाल सरकार से उम्मीद पूरी होने से व्यापार को उड़ान मिलेगी।

स्थानीय व्यापारी बाबादीन कहते हैं कि अभी तो नेपाल से नागरिक जरवा के बालापुर, मणिपुर और तुलसीपुर आते हैं। उनसे से व्यापार हो रहा है, लेकिन वर्तमान में बने माहौल से अब नेपाल में भी स्टॉल और दुकान लगाने की तैयारी हो रही है। दोनों देशों के व्यापारी नेताओं ने सहमति जताई है कि जल्द ही एक सम्मेलन आयोजित कर दोनों देशों की सरकारों तक बात पहुंचाई जाएगी।

**व्यापार को मिलने लगी नई दिशा**

तुलसीपुर नगर के प्रमुख कारोबारी राजीव अग्रवाल ने बताया कि नेपाल के व्यवसायी अब उनसे संपर्क कर रहे हैं। सत्यम, सुरेश, जीवन, रामशंकर और रिंकू खान कहते हैं कि सामग्री की आपूर्ति भी की जा रही है। सकारात्मक पहल से व्यापार जगत को नई दिशा मिल रही है। बस अब इसके विस्तार की जरूरत है। सीमा और कस्टम सुविधा मिलने पर टीवी, फ्रिज, कंप्यूटर जैसे इलेक्ट्रॉनिक सामानों के साथ कपड़े और बर्तनों के व्यापार में भी तेजी आएगी। व्यापारियों के अनुसार ठंड के समय नेपाल से बड़ी संख्या में लोग ऊनी कपड़े बेचने के लिए यहां आते हैं। उन्हें भी सुविधा मिलेगी। नेपाली व्यापारी गोंडा, अयोध्या और अंबेडकरनगर तक अपने उत्पाद बेचने जाते हैं। अब सभी की निगाह भंसार की सीमा 25 हजार से बढ़ाने पर है। इससे बड़ी व्यापारिक समस्या का समाधान हो जाएगा।

**भंसार सीमा वृद्धि का असर**

-कोयलाबास से बड़े स्तर पर शुरू हो सकता है व्यापार।

-पूरी तराई का तेजी से होगा विकास।

-जिले के व्यापारियों को मिलेगा अंतरराष्ट्रीय बाजार।

-नेपाल की राजधानी से सीधी बस सेवा हो सकती है शुरू। -पर्यटन स्थल के रूप में हो सकता है।

## ओबरा में मजदूरों का छलका दर्द 6 महीने से बकाया मजदूरी के भुगतान को लेकर उप जिलाधिकारी को ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र/ओबरा।** ओबरा सी परियोजना में कार्यरत मजदूरों के सामने दीपावली से पहले गहरा संकट खड़ा हो गया है। छह महीने से मजदूरी का भुगतान न होने के गंभीर मामले को लेकर अपना दल (एस) के प्रदेश उपाध्यक्ष आनंद पटेल दयालु ने उप जिलाधिकारी (SDM) विवेक कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा है और दीपावली से पहले त्वरित भुगतान की मांग की है। श्री दयालु ने चेतावनी दी है कि यदि मजदूरों का पैसा नहीं मिला तो व्यापक संघर्ष किया जाएगा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि ओबरा सी परियोजना का निर्माण कार्य कर रही दुसान कंपनी के अंतर्गत काम करने वाली टीएमसी (TMC) कंपनी ने मजदूरों को पिछले 6 महीने से मजदूरी नहीं दी है। दशहरा का प्रमुख त्योहार बीत चुका है और अब दीपावली जैसा बड़ा पर्व नजदीक आ रहा है, लेकिन मजदूरों के पास परिवार का भरण-पोषण करने और बच्चों की फीस भरने तक के लिए पैसे नहीं हैं। श्री आनंद पटेल दयालु ने स्थिति की गंभीरता पर जोर देते हुए कहा, 6 महीने से इन मजदूरों का घर कैसे चल रहा है, इनके बच्चों की स्कूल फीस कैसे दी जा रही है—यह एक गंभीर विषय है। एक महीने अगर किसी को वेतन न मिले तो उसका जीवन कैसा हो जाता है, यहां तो 6 महीने से लोग कैसे जी रहे हैं। दशहरा तो इन लोगों का फीका पड़ गया, उनके बच्चे नया कपड़ा तक नहीं पहन पाए। मौके पर मौजूद मजदूर कृष्ण कुमार और अशोक कुमार मिश्रा ने अपनी दर्दभरी दास्तान साझा की। उन्होंने बताया कि मजदूरी न मिलने के कारण उनके परिवार की स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है। हमारे बच्चों की स्कूल फीस जमा नहीं हो पा रही है, जिसके कारण स्कूलों में बच्चों को जलील किया जा रहा है।,घर में एक समय का भोजन भी मुश्किल से बन पा रहा है।बीमारी की स्थिति में इलाज कराने के लिए भी पैसे नहीं हैं। मजदूरों ने साफ बताया कि उनके परिवार अब भुखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं और बच्चों की शिक्षा पर भी संकट मंडरा रहा है। ज्ञापन में स्पष्ट कहा गया है कि ऐसी घटनाओं से सरकार की छवि खराब होती है और ऐसे ठेकेदारों पर त्वरित और कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। यह जनहित में आवश्यक है कि दीपावली के त्योहार से पहले मजदूरों को उनकी बकाया मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। आनंद पटेल दयालु ने चेतावनी दी कि अगर दीपावली तक मजदूरों को उनका पैसा नहीं मिला तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी दुसान कंपनी की होगी। उन्होंने जोर देकर कहा, हम सदैव मुद्दों की लड़ाई लड़ते हैं और मजदूरों के हक के लिए हर स्तर पर संघर्ष करने को तैयार हैं। ज्ञापन सौंपने में संतोष कनौजिया (जिला सचिव), जनाब शरीफ खान (जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मंच) समेत बड़ी संख्या में मजदूर उपस्थित रहे। मजदूरों ने प्रशासन से त्वरित हस्तक्षेप की उम्मीद जताई है ताकि उन्हें उनकी मेहनत की कमाई दीपावली से पहले मिल सके।

## पर्यावरण जीव सरंक्षण व शैक्षिक क्षेत्र में योगदान के लिए अंबिका मिश्र हुए सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** लखनऊ कैण्ट स्थित बृजेश धाम में सोमवार को राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने पर्यावरण एवं जीव सरंक्षण तथा तकनीकी क्षेत्र में उच्च शिक्षा को लेकर एआईएमटी निदेशक अंबिका मिश्र को सरोकार 2025 सम्मान प्रदान किया। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने अंबिका मिश्रा के भारतीय मेधावियों को तकनीकी ज्ञान में प्रशिक्षित करने में शैक्षिक सरोकार को मजबूती देने के प्रयासों की सराहना की। वहीं उन्होने वन प्रजातियों जीव जंतुओं के सरंक्षण में भी अंबिका मिश्र के जागरुकता भरे जन सरोकार को समाज के लिए उपयोगी ठहराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश काँग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने किया। विधायक आराधना मिश्रा ने अपने पति एवं निदेशक अंबिका के सामाजिक, शैक्षिक व जैविक मिशन में सहभागिता का संकल्प जताया। कार्यक्रम का संचालन आल इंण्डिया रुरल बार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने किया। स्वागत विधायक मोना के पुत्र राघव मिश्र व आभार प्रदर्शन सांसद प्रमोद के निजी सचिव अरुण पाण्डेय ने किया। आयोजन में डा0 मालविका, समाजसेविका मृणालिनी पांण्डेय, रोहित शुक्ल, शैलेन्द्र तिवारी, डीएस तिवारी,नंदजा मिश्रा, आदि रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### बालिकाओं को दी यातायात नियमों की जानकारी



**कानपुर।** मिशनशक्ति फेज़-05 के अंतर्गत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, सिंहपुर में जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस अवसर पर ट्रैफिक वेस्ट ज़ोन द्वितीयड्डू द्वारा विद्यालय की बालिकाओं को यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनने एवं समाज में जागरूक नागरिक के रूप में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया।

### आपसी विवाद में पति-पत्नी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कानपुर।** आज दिनांक 06.10.2025 को थाना महाराजपुर क्षेत्र के ग्राम बमुरिया में प्रातः 112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि एक महिला एवं एक पुरुष ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर स्थानीय पुलिस बल एवं फील्ड यूनिट मौके पर पहुँचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। प्रारंभिक जांच में मामला पारिवारिक विवाद का प्रतीत हो रहा है तथा मृतक दंपत्ति के बीच आपसी विवाद की जानकारी प्राप्त हुई है। दोनों शवों का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### रघुवीर लाल बने कानपुर के नये पुलिस आयुक्त



**कानपुर।** उत्तर प्रदेश शासन ने आईपीएस रघुवीर लाल को कानपुर का पुलिस कमिश्नर नियुक्त किया है और व अखिल कुमार की जगह लेंगे जिनको प्रोन्नति के साथ केन्द्र में नियुक्त किया गया है। अखिल कुमार को आज रिलीव कर दिया गया है। अखिलेश दुबे की गिरफ्तारी के बाद परत दर परत खोलने वाले आईपीएस अखिल कुमार को केंद्र में डिजिटल इंडिया का डायरेक्टर नियुक्त किया गया है। रघुवीर लाल 1997 बैच के आईपीएस अफसर हैं। वह मौजूदा समय में एडीजी सुरक्षा के पद पर तैनात हैं।

### नाली निर्माण की मांग

**सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड उसका बाजार के ग्राम पंचायत करमा के ग्रामीण देवेंद्र कुमार शुक्ला,राहुल, विमलेश शर्मा आदि ने जिलाधिकारी को एक पत्र देकर ग्राम पंचायत करमा में नाली निर्माण कराने की मांग की है।नाली का निर्माण न होने से और जल निकासी का उचित व्यवस्था न होने के कारण लगभग सभी घरों का पानी सड़क पर निकलता है। जिससे ग्राम वासियों को आने-जाने में दिक्कत होती है, तथा जल जनित बिमारियाँ फैलती है।

### प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के आवास प्लस सर्वेक्षण की समय सीमा 14 अक्टूबर तक बढ़ी

**प्रतापगढ़।** परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव ने बताया है कि शासन द्वारा अवगत कराया गया है कि भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत आवास प्लस सर्वेक्षण 2024 की समय-सीमा को 14 अक्टूबर तक बढ़ा दिया गया है, जिससे योजनान्तर्गत किसी भी ग्राम पंचायत में कोई भी पात्र परिवार सर्वे में सम्मिलित होने से वंचित न रह सके। इस सम्बन्ध में जनपद के समस्त खण्ड विकास अधिकारियों के माध्यम से ग्राम पंचायतवार नियुक्त आवास सर्वेयर्स को वंचित पात्र परिवारों का सर्वे करने एवं उन्हें सूची में सम्मिलित किये जाने हेतु निर्देशित कर दिया गया है। तत्क्रम में जनपद के ग्राम पंचायतों में आवास योजना हेतु ऐसे पात्र परिवार जो कतिपय कारणों से पूर्व के सर्वे में सम्मिलित होने से वंचित रह गये हैं, को सूचित किया जाता है कि अपने ग्राम पंचायत में नियुक्त सर्वेयर, ग्राम पंचायत अधिकारी अथवा सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी से सम्पर्क कर अवगत कराते हुये अपने परिवार का सर्वे करा लें। यदि इसमें कोई कठिनाई हो तो भारत सरकार द्वारा दिये गये सर्वे की अंतिम तिथि 14 अक्टूबर तक सेल्फ सर्वे के माध्यम से नियमानुसार स्वयं के परिवार का सर्वे भी कर सकते है।

# केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के दीपक वर्मा बने रांची के महानिरीक्षक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर नगर/**घाटमपुर में निवेली उत्तर प्रदेश पावर लिमिटेड में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल यूनिट के डिप्टी कमांडेंट सूरज राय ने बताया कि दीपक वर्मा को सीआईएसएफ पूर्वी क्षेत्र मुख्यालय रांची के महानिरीक्षक के रूप में पदभार संभाला,वह 1993 में सिविल सेवा परीक्षा के माध्यम से सीआईएसएफ में शामिल हुए, महानिरीक्षक के रूप में नियुक्त होने से पहले, उन्होंने पूर्वी और उत्तर पूर्वी क्षेत्र के हवाई अड्डा क्षेत्र में उप महानिरीक्षक के रूप में कार्य किया, जिसमें 20 हवाई अड्डों की देखरेख की गई,उनकी कड़ी मेहनत और प्रयासों के दौरान,गुहाटी,हवाई अड्डे पर एक विमानन सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान/ एएसटीआई/ स्थापित किया गया, सीआईएसएफ ने पटना हवाई अड्डे पर नए एकीकृत टर्मिनल भवन का प्रभार संभाला,और लेंगपुई,आईजोल, मिज़ोरम, में सीआईएसएफ को शामिल किया, गया, घाटमपुर सीआईएसएफ यूनिट के डिप्टी कमांडेंट सूरज राय ने बताया कि दीपक वर्मा ने अपनी अकादमिक



उपलब्धियों में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय,नई दिल्ली से एम ए,और एमफिल की उपाधि प्राप्त की,वह रांची विश्वविद्यालय के सेंट कोलंबस कालेज से भूगोल के स्वर्ण पदक विजेता और प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए, उन्होंने जेआरएफ नेट भी उत्तीर्ण किया, और व्याख्यान और छात्रवृत्ति के लिए पात्र हुए, अपने 32 वर्ष के कैरियर में उन्होंने बंदरगाह क्षेत्र, तेल क्षेत्र, इस्पात क्षेत्र,प्रशिक्षण अकादमी और हवाई अड्डा, क्षेत्र में यूनिट कमांडर के रूप में कार्य किया, उन्होंने त्रिपुरा,असम, और मिदनापुर के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा की देखरेख की,वह सीआईएसएफ परामर्श शाखा के नियुक्त सलाहकार हैं और उन्होंने आई आई टी खड़गपुर, एनआईटी, दुर्गापुर,टिस्को जमशेदपुर, दुर्गापुर प्रोजेक्ट लिमिटेड, अल्माटी बांध और विक्टोरिया मेमोरियल, कोलकाता की सुरक्षा परामर्श की, उन्होंने ताज महल आगरा,बीएसपी भिलाई, ओएनजीसी नाजिरा, बीएसएनएल शिलांग, विश्व भारती शांति निकेतन, बीआरबीएमएमएल,सल्बोनी,आदि का तकनीकी सर्वेक्षण भी किया, उन्होंने बोस्टन राग/यूएसए/में पोस्ट ब्लास्ट जांच कोर्स किया, और नरम लक्ष्यों पर आत्मघाती बमबारी और हमले को रोकने के लिए प्रशिक्षण प्राप्त किया, उन्होंने हैदराबाद में राष्ट्रीय औद्योगिक सुरक्षा अकादमी में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण का नेतृत्व किया,उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए उन्हें 2018 में सीआईएसएफ स्थापना दिवस पर महानिदेशक की प्रशंसा डिस्क से सम्मानित किया गया, उन्होंने सीआईएसएफ बल मुख्यालय नई दिल्ली में सीआईएसएफ के डीआईजी/टेक्निकल और डीआईजी खुफिया शाखा के रूप में कार्य किया,और संगठन में अपनी ईमानदारी कड़ी मेहनत और विशेषज्ञता के साथ योगदान दिया।

### बालवाटिका स्तर पर माता उन्मुखीकरण के साथ सामुदायिक गतिविधि "चहक" का आयोजन

**प्रतापगढ़।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने बताया है कि प्री-प्राइमरी शिक्षा के अन्तर्गत प्रतिमाह बालवाटिका स्तर पर माता उन्मुखीकरण के साथ सामुदायिक गतिविधि "चहक" आयोजित कराये जाने हेतु अपर राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा उ0प्र0 द्वारा निर्देशित किया गया है। माह सितम्बर हेतु निर्धारित थीम "मेरा परिवार" से संबंधित गतिविधियां बालवाटिका/को-लोकेटेड आंगनवाडी केन्द्र हेतु बालवाटिका हस्तपुस्तिका के अनुसार प्रत्येक माह के लिए निश्चित थीम के अनुसार कार्य किया जाना है। माह सितम्बर में निर्धारित थीम «मेरा परिवार» के अन्तर्गत बच्चो द्वारा सीखी गयी गतिविधियों का प्रदर्शन अक्टूबर माह के चहक कार्यक्रम में किया जाना है। माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम से संबंधित जनपदो का उन्मुखीकरण यू-ट्यूब सेशन के माध्यम से किया जाता है।

# आयुष विभाग द्वारा आयुर्वेद एवं होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** मिशन शक्ति कार्यक्रम 5.0 के अंतर्गत आयुष विभाग द्वारा विकासखण्ड आसपुर देवसरा एवं नगर पंचायत ढकवा में डॉ अनिल पाण्डेय, डॉ प्रिया चिकित्सा अधिकारी आयुर्वेद एवं डॉ विद्या सागर चिकित्सा अधिकारी होम्योपैथिक द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी एवं क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी प्रतापगढ़ द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस चिकित्सा शिविर में स्थानीय जनता को आयुर्वेद एवं होम्योपैथिक पद्धति से परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई गई।शिविर का नेतृत्व जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सुमन कुशवाहा एवं होम्योपैथिक अधिकारी डॉ. ममता सचान ने किया। इस अवसर पर आयुष



विभाग (आयुर्वेद यूनानी होम्योपैथिक) के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने रोगियों की जाँच कर उचित परामर्श दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं, बच्चों एवं वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया और स्वास्थ्य संबंधी लाभ प्राप्त किया। शिविर के माध्यम से लोगों को आयुर्वेद यूनानी एवं होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धतियों के महत्व के बारे में जागरूक भी किया गया। आयुष विभाग द्वारा बताया गया कि भविष्य में भी ऐसे शिविरों का आयोजन कर आम जनता को सुलभ एवं प्रभावी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेंगी।

# घाटमपुर में हुई नागलीला,नगर में निकली शोभायात्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**घाटमपुर-**नगर के मां कुष्मांडा देवी मंदिर स्थित तालाब में रविवार देर रात तक नागलीला कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कालीदह बने कुष्मांडा देवी मंदिर के तालाब में नाव के सहारे मध्य में पहुंचे भगवान श्री कृष्ण ने आसपास जुटे दर्शकों द्वारा लगाएं जा रहें जयकारों के बीच कालिया का मान मर्दन किया, इसके बाद करीब एक दर्जन झांकियों के साथ नगर के मुख्य मार्गो में शोभायात्रा निकाली गई,जिसका लोगों ने जगह-जगह स्वागत किया,श्री कृष्ण ने किया कालिया का मान मर्दन गगनभेदी जयकारों की गूंज, घाटमपुर नगर स्थित कुष्मांडा देवी मंदिर परिसर स्थित सरोवर में रविवार रात शुरू हुएं नागलीला कार्यक्रम में आयोजकों द्वारा ड्रमों को जोड़ कर एक नाव का निर्माण किया गया था, जिसमें संगीत मंडली के साथ भगवान श्री कृष्ण भैया बलराम के साथ सवार थे,सरोवर के मध्य में पेड की डालों के सहारे एक नाग का स्वरूप बनाया गया था, जहां नाव पर सवार होकर पहुंचे भगवान श्रीकृष्ण ने मौजूद कालिया नाग का मान मर्दन किया,इस दौरान घाटो के चारों तरफ दर्शकों की भारी भीड़ ने जयकारे लगाए, इसके बाद सरोवर से शुरू हुई शोभायात्रा कानपुर रोड, मुख्य चौराहा, मूसानगर रोड, नगरपालिका रोड होते हुए देर रात सदर बाजार पहुंची, शोभा यात्रा में ट्रैक्टरों पर सजी करीब एक दर्जन झांकियां शामिल थी, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण के जीवन चरित्र को दर्शाया गया है, शोभा यात्रा में जहां बैंड-बाजा और ढोल की धुनों पर युवकों की टोलियां थिरकते हुए चल रही थी वहीं शोभा यात्रा के साथ चल रहे छोटे बच्चों के मंडल व मनसुखा बना कलाकार दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहें, आपको बताते चलें कि शोभा यात्रा के दौरान कानपुर सागर हाइवे व मुगल रोड का यातायात प्रभावित रहा, घाटमपुर एसीपी क्रष्ण कान्त यादव ने बताया कि पुलिस बल रहा तैनात, मौके पर घाटमपुर कोतवाल धनन्जय कुमार पाण्डेय एवं चौकी प्रभारी कस्बा घाटमपुर शैलेन्द्र सिंह अपने पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे।

# प्राचीन हनुमान मंदिर चिलबिला तालाब पर स्थापित दुर्गा मां की प्रतिमा का हुआ विसर्जन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** श्री हनुमान मंदिर चिलबिला में स्थापित दुर्गा माता जी की प्रतिमा का विसर्जन गाजे-बाजे के साथ भक्तों द्वारा शोभा यात्रा निकालकर किया गया। सई तट पर बने तालाब में विसर्जित किया गया। पंडाल के संचालक समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि हनुमान जी की कृपा से 1997 से मां की प्रतिमा स्थापित कर भव्य पंडाल भक्तों द्वारा सजाया जाता है। इस बार भी ऑपरेशन सिंदूर की थीम पर भव्य पंडाल बनाया गया था। आस्था के ओवरब्रिज पर भक्त चलकर माता वैष्णोदेवी की गुफा में ठंडे-ठंडे पानी से होकर गुफा में सबसे पहले श्री गणेश भगवान,फिर हनुमान जी के बाद रामेश्वरम के मोती से बनी मां की प्रतिमा के दर्शन भक्तगण कर अपनी



मनोकामना पूर्ण कर रहे थे। इस पंडाल के अध्यक्ष श्री हनुमान जी महराज, संरक्षक भगवान भोलेनाथ थे। अध्यक्ष हनुमान जी महराज, भगवान शंकर व माता पार्वती जी स्वयं विराजमान होकर पंडाल में सभी भक्तों को आशीर्वाद देती। आज भव्य शोभायात्रा निकालकर मां के भक्ति में भक्तों ने नम आंखों से विदाई की। इस अवसर पर सुरेश अग्रवाल, रामगोपाल,छेदीलाल, देवानंद, संतोष कुमार, राकेश कुमार, श्याम बाबू, विजय कुमार, सूरज, आशीष कुमार, विवेक कुमार यादव, विवेक उमरवैश्य, ननका, सोनू महाराज, शनि महाराज, आदर्श कुमार, सुरेश माली, सिद्धार्थ, अमित कुमार, हरिनाम सिंह, अर्जुन, श्रुति गुप्ता, सचिन यादव, रोहन कुमार, सूरज, गोलू ,आयुष, अनुज, श्याम, पीहू, शनि गुप्ता, मान्या,अमर,शोभीत आदि सैकड़ो की संख्या में भक्तगण विसर्जन में उपस्थित रहे।

# जाँच के नाम पर भुगतान रोके जाने से ठेकेदार आक्रोशित अनपरा में समिति गठित कर प्रदर्शन की चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अनपरा, सोनभद्र।** प्रदेश की सबसे बड़ी नगर पंचायत अनपरा के स्थानीय संविदाकारों (ठेकेदारों) ने रविवार को औड़ी मोड़ स्थित एक होटल में प्रेस वार्ता आयोजित कर नगर पंचायत प्रशासन के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया। संविदाकारों ने आरोप लगाया कि विगत कई माह से जाँच के नाम पर उनके विकास कार्यों का भुगतान रोका गया है, जिससे वे गंभीर आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। संविदाकारों ने तत्काल संविदाकार समिति का गठन करते हुए चेतावनी दी है कि यदि तीन दिन के भीतर उनका बकाया भुगतान नहीं किया गया, तो वे जिला मुख्यालय पर जाकर प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। संविदाकारों ने प्रेस वार्ता में कहा कि पिछले चार माह से उनका भुगतान नहीं किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अपर जिलाधिकारी (एडीएम), जो नगर प्रशासक अनपरा भी हैं, द्वारा ही भुगतान को रोका गया है। भुगतान रोके जाने को लेकर संविदाकारों ने प्रशासन



पर कई तरह के आरोप लगाए। उनका मुख्य आरोप यह है कि बाहर से आए संविदाकार तो गुणवत्ताविहीन काम करके भी अपने सांठ-गांठ के दम पर बिल का भुगतान आसानी से करा ले रहे हैं, जबकि स्थानीय संविदाकारों का जाँच के नाम पर उत्पीड़न किया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि नगर पंचायत के कार्यों में स्थानीय संविदाकारों को वरीयता दी जाए। संविदाकार समिति के पदाधिकारियों ने अपनी बात को पुरजोर तरीके से रखते हुए कहा कि एडीएम द्वारा भुगतान रोका जाना न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कराए गए विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की अनियमितता है, तो किसी भी जाँच एजेंसी से खुले में निष्पक्ष जाँच कराई जाए और जल्द से जल्द भुगतान की पहल की जाए। पदाधिकारियों ने कहा कि अनपरा नगर पंचायत शुरू से ही भ्रष्टाचार को लेकर पूरे प्रदेश में सुर्खियां बटोर रही है, और यह नया घटनाक्रम भी इसी अनियमितता की ओर इशारा करता है। संविदाकारों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि आगामी तीन दिनों के अंतराल में उनका भुगतान नहीं किया जाता है, तो वे जिला मुख्यालय पर जाकर संबंधित सभी अधिकारियों को ज्ञापन सौंपेंगे और बड़ा प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर स्थानीय संविदाकारों की समस्याओं के समाधान और उनके हितों की रक्षा के लिए सर्वसम्मति से संविदाकार समिति का गठन किया गया, जिसके पदाधिकारी निम्नलिखित हैं।संरक्षक बल्केश्वर सिंह,अध्यक्ष आशीष मिश्रा बागी,वरिष्ठ उपाध्यक्ष बम शंकर गुप्त,उपाध्यक्ष विकास वैश्य (बंसी),महामंत्री विनोद गुप्ता,मंत्री अनूप सिंह,संगठन मंत्री प्रशांत सिंह,कोषाध्यक्ष पिंटू वर्मा,आय व्यय निरीक्षक पवन बैसवार,इसके अतिरिक्त, महेश द्विवेदी, अजय जायसवाल, संजय विश्वकर्मा, बीके सिंह, राहुल गुप्ता, सतीश दुबे, गैमन कनौजिया आदि को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया।

# बैंकों बीमा भविष्य निधि तथा शेयरों का 1लाख 84 हजार करोड़ रूपया बिना दावे के सरकार के पास

**●भाजपा की वित्त मंत्री जगह-जगह फोन करके दावे की बकाया रकम प्राप्त करने का आवाह्न करके जनता को गुमराह कर रही**

**लेखपालों तहसीलदारों तथा राजस्व कर्मियों के बिना वास्तविक दावेदारों के पास रकम पहुंचना असंभव होगा**

**कानपुर महानगर श्रमिकों तथा अन्य का रुपया भविष्य निधि तथा बैंकों में पड़ा है लेकिन आज तक उनकी रकम परिवारों को नहीं पहुंची- हाजी फजल महमूद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** सोमवार समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर तथा पीडीए थिंक टैंक की बैठक शाम केंद्रीय वित्त मंत्री के कथन बैंकों और नियामकों के पास बैंकों मे जमा बीमा भविष्य निधि तथा शेयरों के 1 लाख चौरासी हजार करोड़ रूपया तथा वित्तीय संपत्तियां बिना दावे के पड़ी हैं उन्होंने अधिकारियों से 3 महीने अभियान के दौरान बिना दावे वाली संपत्तियों को उनके असली मालिकों तक पहुंचाने के लिए कार्य पर मंथन बैठक आरंभ हुई। बैठक को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि 1लाख चौरासी हजार करोड़ रूपया बिना दावे के सरकार के पास पड़ा है लेकिन कानपुर की बैंकों में भी बिना दावा का रुपया है भविष्य निधि में श्रमिकों कर्मचारियों का रुपया है बीमा का रुपया है लेकिन भाजपा सरकार केवल गुमराह कर रही है वित्त मंत्री ने जो टेलीफोन करके जो आवाह्न किया है उस आवाह्न पर दावेदारों को रुपया मिलने वाला नहीं है जाने कितने लोग मृतक हो गए शहर छोड़ कर गांव चले गए जब तक लेखपालों तहसीलदारों तथा राजस्व कर्मियों को इस कार्य में नहीं लगाया जाएगा तब तक दावेदारों जो मृतक हो गए हैं उनके वारिसों को रुपया मिलने वाला नहीं है सरकार बिना दावे के रुपए को लेखपालों से सर्वेक्षण कराकर उनके वारिसों को रुपया दिया जाए अन्यथा यह भाजपा की आंख मिचौली का खेल है। बैठक मे प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद, प्रदेश सचिव के के शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू, महासचिव संजय सिंह, फैसल महमूद, महेन्द्र सिंह, रजत मिश्रा, मो गौरी, इशरत इराकी, प्रवीण मिश्रा,जावेद इकबाल खान आदि लोग मौजूद रहे।

# जीएसटी कटौती और आत्मनिर्भर भारत पर ओबरा में भाजपा का कार्यक्रम मंत्री संजीव सिंह ने व्यापारियों को मोदी का उपहार बताया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ओबरा, सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ओबरा मंडल द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी (GST) दरों में की गई कटौती और आत्मनिर्भर भारत अभियान को लेकर ओबरा विधानसभा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम चोपन रोड स्थित डेलीस होटल में मंडल अध्यक्ष शिवनाथ जायसवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के माननीय समाज कल्याण मंत्री श्री संजीव सिंह उपस्थित रहे। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के तौर पर पूर्व सांसद श्री नरेंद्र कुशवाहा और भाजपा जिलाध्यक्ष श्री नंद लाल गुप्ता ने मंच की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम् गीत के गायन के साथ किया गया, जिससे पूरे वातावरण को देशभक्ति के रंग से भर दिया। मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि सहित सभी वक्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा जीएसटी के माध्यम से व्यापारियों और आम जनता को दिए गए %उपहार% पर विस्तृत चर्चा की। वक्ताओं ने बताया कि किस



प्रकार जीएसटी दरों में कटौती से व्यापार करना आसान हुआ है और महंगाई पर नियंत्रण पाने में मदद मिली है, जिससे आम जनता को सीधा लाभ मिल रहा है।वक्ताओं ने जीएसटी को देश की अर्थव्यवस्था को एकजुट और मजबूत बनाने वाला एक बड़ा सुधार बताया और इसके लाभों को ज़मीनी स्तर पर जनता तक पहुँचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का दूसरा महत्वपूर्ण केंद्र आत्मनिर्भर भारत अभियान रहा। वक्ताओं ने इस विषय पर विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि किस तरह स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देकर, स्वदेशी निर्माण को प्रोत्साहित कर और देश के युवाओं को कुशल बनाकर भारत को वैश्विक स्तर पर एक आत्मनिर्भर शक्ति बनाया जा सकता है। सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने एकजुट होकर देश को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया। इस सफल कार्यक्रम के संचालन की जिम्मेदारी मण्डल मंत्री अनुज त्रिपाठी ने निभाई। कार्यक्रम में ओबरा विधानसभा क्षेत्र के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से उमेश सिंह पटेल, रंजना सिंह, संजीव त्रिपाठी, सुराम निवास तोमर, राजेश्वर प्रसाद, आलोक मित्तल, लव कुश अग्रहरी, सुनील सिंह, रघुराज सिंह, सुनीता पाण्डेय, शिशिर शर्मा, नित्या नन्द दूबे, अरविंद सोनी, सुशील कुशवाहा, विजय पटेल, रोहित पटेल, सुशील गोयल, मनीष गोयल, अजय सिंह, पिंकू सिंह, ओ पी सिंह, मुन्ना सिंह, विकास सिंह, विभाष घटक, समीर माली, उषा शर्मा, विरेंद्र मित्तल, अमित मित्तल आदि शामिल रहे।

# अनपरा नगर पंचायत में C C रोड निर्माण में घोर भ्रष्टाचार 6 इंच की जगह 2 इंच ढलाई कर लाखों का गोलमाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अनपरा, सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी नगर पंचायतों में से एक, अनपरा नगर पंचायत में विकास कार्यों की आड़ में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। ताजा मामला वार्ड नंबर 16, तिलक नगर की एक सीसी (कंक्रीट सीमेंट) रोड के निर्माण से जुड़ा है, जहाँ ग्राम सभा द्वारा बिछाए गए खड़ंजे पर 6 इंच की निर्धारित ढलाई के बजाय मात्र 2 इंच ढलाई करके लाखों रुपये का गोलमाल किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रदेश की इस सबसे बड़ी नगर पंचायत के वार्ड नंबर 16 तिलक नगर में अनपरा परियोजना की भूमि पर लगभग 70 लाख रुपये की लागत से 200 मीटर लंबी सीसी सड़क का निर्माण कुछ माह पूर्व किया गया था। आरोप है कि



संविदाकार (ठेकेदार) द्वारा सड़क निर्माण में भारी भ्रष्टाचार किया गया है। निर्माण की गुणवत्ता इतनी निम्न है कि सड़क बनने के दो माह के भीतर ही कई स्थानों पर दरारें (क्रेक) पड़ गई हैं, वहीं घटिया गुणवत्ता की गिट्टी, बालू और सीमेंट भी उखड़ने लगी है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, यह वही सड़क है जिसे अनपरा परियोजना प्रबंधन द्वारा मना किए जाने के बावजूद संविदाकार ने रात के अंधेरे में बनवाया था। लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण के समय भी नागरिकों ने घटिया निर्माण की शिकायतें की थीं, लेकिन सरकारी धन की लूट के लिए संविदाकार, अधिशासी अधिकारी (ब्रह्म) और अध्यक्ष ने उन शिकायतों को अनसुना कर दिया।नागरिकों का दावा है कि अनपरा नगर पंचायत में ऐसी कई सड़कें बनाई जा रही हैं जो मानक के विपरीत हैं और कई तो बनकर टूटने भी लगी हैं।जब इस संबंध में अनपरा नगर पंचायत के अवर अभियंता (जेई) अखिलेश चतुर्वेदी से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जाएगी और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।इस तरह, एक तरफ सरकार विकास के दावे कर रही है, वहीं दूसरी तरफ अनपरा नगर पंचायत में इस तरह के खुले भ्रष्टाचार से सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है, जिसकी उच्च स्तरीय निष्पक्ष जाँच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग उठ रही है।

# अवैध तमंचे के साथ धराया युवक, आर्म्स एक्ट में हुआ चालान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोलाबाजार गोरखपुर-** गोला थाना क्षेत्र के जगदीशपुर तिराहे के पास क्षेत्र गश्त एवं वाहन चेकिंग के दौरान गोला पुलिस संदिग्ध हालत में युवक को एक अदद 315 बोर देशी तमंचा एवं जिंदा कारतूस के साथ पकड़ा गया। पकड़े गए युवक को विधिक कार्रवाई करते हुए आर्म्स एक्ट में जेल भेज दिया। प्राप्त विवरण के अनुसार गोला चंद चौराहे पर रविवार को वाहन चेकिंग के दौरान एसआई आशीष यादव एवं हमराह कांस्टेबल इंद्रजीत शाह द्वारा एक संदिग्ध युवक को रुकने का इशारा किया गया परंतु वह कौड़ीराम की तरफ



तेजी से भाग निकला। उपनिरीक्षक ने दूरभाष के माध्यम से जानीपुर पुलिस चौकी पर तैनात कांस्टेबल अमन जायसवाल को सूचित करते हुए उस व्यक्ति का पीछा करने लगे। जगदीशपुर तिराहे पर का0 अमन जायसवाल व का0 शाहिद ने उक्त युवक को बाइक सहित पकड़ लिया तब तक उपनिरीक्षक मय हमराह के साथ मौके पर पहुंच गए। भागने का कारण पूछने पर युवक कोई स्पष्ट जवाब न दे सका। युवक की पहचान जितेंद्र उर्फ पालन राय निवासी बनकटा थाना गोला के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके पास से एक 315 बोर देशी तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद हुआ। असलहे के बारे में पूछताछ करने पर युवक द्वारा बताया गया कि उसकी अपराधिक छवि है इसलिए दुश्मनी बहुत है। वह खुद की रक्षा के लिए असलहा लेकर चलता है। उक्त बाइक के भी कागजात न दिखा पाने पर बाइक को सीज कर दिया गया और उक्त युवक का पर आर्म्स एक्ट की धारा 3 व 25 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर चालान कर दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### मिशन शक्ति 5-0 के अंतर्गत नारी सुरक्षा सम्मान नारी स्वावलंबन के तहत नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा किया गया सम्मान



**भदोही/सुरियावां** 6 सितंबर 2025 सोमवार को मिशन शक्ति 5-0 नारी सुरक्षा सम्मान नारी स्वावलंबन व बाल्मीकि जयंती के अवसर पर नगर पंचायत सुरियावां के अध्यक्ष विनय चौरसिया द्वारा नगर पंचायत चुनाव में कार्यरत महिला सफाई कर्मियों को अंग वस्त्र,प्रशस्ति पत्र एवं माला पहनकर सम्मानित किया तथा उनके द्वारा किए गए कार्यों की काफी प्रशंसा किया तथा उन्होंने महिला को नारी शक्ति का प्रतीक बताया इस मौके पर नगर पंचायत कर्मी आलोक मिश्रा बाबू, ओमप्रकाश तिवारी, रतन बाबू यादव, संदीप मिश्रा दान बहादुर सहित कर्मचारी मौजूद रहे।

### 25 हजार के इनामी गैंगेस्टर को पुलिस ने मुंबई एयरपोर्ट से दबोचा

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराधी पकड़ो अभियान के तहत थाना भलुअनी व थाना सुरौली की संयुक्त टीम ने 25 हजार रुपये इनामी गैंगेस्टर चन्दन यादव पुत्र राजेन्द्र निवासी सिंहपुर, थाना भलुअनी को मुंबई एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया। अभियुक्त के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट सहित कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने ट्रांजिट रिमांड प्राप्त कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।


### दुष्कर्म के प्रकरण में कोतवाली पुलिस ने नामजद अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**देवरिया।** जनपद की कोतवाली पुलिस ने मु0अ0सं0-0923/2025 धारा 65(2),115(2),351(2) बीएनएस व 5(रू)/6 पाक्सो एक्ट में वांछित देवेन्द्र कुमार कुशवाहा पुत्र रामनाथ निवासी सिंधी मिल कालोनी को गिरफ्तार किया। अभियुक्त पर आरोप है कि उसने विद्यालय की छात्रा के साथ दुष्कर्म किया। अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी है। पुलिस ने विधिक कार्यवाही प्रारंभ कर दी है।

### मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक

**देवरिया।** महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण हेतु मिशन शक्ति फेज-5 और शक्ति दीदी अभियान के तहत देवरिया पुलिस द्वारा जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर हरिराम यादव और बरहज अंशुमन श्रीवास्तव सहित सभी थानों की मिशन शक्ति व एंटी रोमियो टीमों ने स्कूलों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबरों 1090, 112, 181, 1098, 1076, 102, 108 आदि के बारे में जानकारी दी और पंपलेट वितरित किए।

### शराब सेल्समैन के साथ मारपीट करने पर तीन पर दलित उत्पीड़न का केस




**लालगंज, प्रतापगढ़।** शराब खरीदने को लेकर हुए विवाद का वीडियो वायरल होने से सोमवार को लीलापुर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ दलित उत्पीड़न समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। लीलापुर थाना के साहबगंज बाजार में अंग्रेजी शराब की दुकान है। रविवार की रात दुकान पर करीब दस बजे एक बाइक पर तीन युवक पहुंचे। आरोपियों द्वारा तुलापुर मुल्तानीपुर निवासी सेल्समैन सुशील कुमार रजक से शराब खरीदने के दौरान विवाद शुरू कर दिया गया। आरोप है कि युवकों द्वारा सेल्समैन से गाली गलौज व मारपीट की गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज को देखकर पुलिस ने आरोपियों को धर दबोचा। सेल्समैन की तहरीर पर आरोपी त्रिलोकपुर विसई निवासी शेखकुमार सरोज, अमित मिश्रा व कल्याण सिंह के खिलाफ दलित उत्पीड़न मारपीट व गाली गलौज का केस दर्ज किया गया है। प्रभारी निरीक्षक मनोज पांडेय का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उनका शांतिभंग में चालान किया गया है।

## श्रीभूमि जिले के सूनाइपाड़, पेछायाला, बिहाइरडाला गांव के लोग जल जीवन मिशन की सुविधा से वंचित! पीने के पानी नहीं मिलने से परेशान

**● विकासात्मक कार्य के नमूने में तीन वर्षो से पानी की आपूर्ति बंद है।**

**प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षण।**









**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**श्रीभूमि-** मौजूदा सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' इस नारे के माध्यम से विकास के उद्देश्य से प्रत्येक ग्रामीण क्षेत्र में विकासात्मक कार्यों के लिए गुणवत्ता वाली शिक्षा, पीने का पानी, स्वास्थ्य सेवाओं सहित अन्य परियोजनाओं के लिए करोड़ों रुपये आवंटित कर रही है, ताकि विकासात्मक कामों में सामान्य जनता की समस्याओं का समाधान हो सके। इसी लक्ष्य के साथ विभिन्न गांवों में जलजीवन मिशन के माध्यम से कई करोड़ रुपये जल परियोजनाओं में विभिन्न स्थानों पर जनता की सुविधा के लिए खर्च किए जा रहे हैं। पाथारकांडी पीएचई उप-विभाग के तहत सूनाइपाड़ में पीएचई/जल जीवन मिशन संयंत्र लगाया गया है लेकिन आज तक बंद है सेवा। श्रीभूमि जिले के रामकृष्णनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कई गाँवों सूनाइपाड़, पेछायाला, बिहाइरडाला में पीने के पानी की आपूर्ति लगातार तीन वर्षों से बंद है। ग्रामीण नागरिकों ने शिकायत की है कि जनता की सुविधा के लिए वर्तमान सरकार ने करोड़ों रुपये खर्च कर पेयजल परियोजनाओं का निर्माण किया है, फिर भी ये परियोजनाएं क्षेत्र की शोभा बढ़ाने के अलावा किसी और काम नहीं आ रही हैं। इसके परिणामस्वरूप गाँव के निवासी पेयजल की गंभीर कमी से जूझ रहे हैं।

कई को कष्ट उठाते हुए तालाब या ट्यूबवेल के पानी पर जीवन यापन करना पड़ रहा है। जनस्वास्थ्य तकनीकी विभाग की उदारता के बावजूद इस पेयजल परियोजना की यह दुर्दशा है। परिणामस्वरूप, कई गांव के लोगों को कठिनाई सहनी पड़ रही है। इस संबंध में, गाँववासियों ने शीघ्र ही इस परियोजना को चालू करने और सरकार के 'हर घर नल, हर घर जल' नारे को वास्तविक रूप देने के लिए लोकप्रिय प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा समेत विभागीय अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया। ताकि जनकल्याण की दृष्टि से लोगों की सुविधा के लिए उचित व्यवस्था अपनाई जाए और जल जीवन मिशन के माध्यम से परियोजना को चालू किया जाए।

## धरा पंचायत में भ्रष्टाचार का करंट, पुराना टांग कर किया खेल ।- पंचायत भवन अंधेरे में डूबा

**जेई और ठेकेदार पर उठे सवाल- जनता का पैसा जमा, फिर भी जली नहीं विकास की बत्ती!**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**प्रयागराज।** यमुनानगर क्षेत्र के शंकरगढ़ ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत धरा में विद्युत विभाग की लापरवाही और भ्रष्टाचार की पोल खुल गई है। पंचायत भवन में नया ट्रांसफार्मर लगवाने के नाम पर विभाग और ठेकेदार ने ऐसा खेल खेला कि जनता के पैसों से खरीदी गई रोशनी अंधेरे में गायब हो गई। अक्टूबर 2024 में पंचायत भवन धरा में नया 10 केवी ट्रांसफार्मर लगाने के लिए विद्युत उपकेंद्र लालापुर में एग्रीमेंट कराया गया था और 11 नवंबर 2024 को 83,310 की पूरी राशि जमा कर दी गई थी। ग्रामीणों और ग्राम प्रधान को भरोसा था कि जल्द ही पंचायत भवन में बिजली की व्यवस्था दुरुस्त हो जाएगी, लेकिन विभाग की कारगुजारी कुछ और ही निकली–नया ट्रांसफार्मर तो आया ही नहीं, उल्टा पुराना ट्रांसफार्मर टांग दिया गया।

जानकारी के अनुसार 29 मार्च 2025 को नैनी विद्युत स्टोर से नया ट्रांसफार्मर और उसके उपकरण ठेकेदार शोनू सिंह को उपलब्ध कराए गए थे, लेकिन यह ट्रांसफार्मर रहस्यमय ढंग से कहीं गायब हो गया। इसके बाद 13 अगस्त 2025 तक ट्रांसफार्मर का कोई पता नहीं चला और 14 अगस्त को पंचायत भवन से करीब 50 मीटर दूर एक पुराना ट्रांसफार्मर टांग दिया गया। अब बड़ा सवाल यह है कि जब नया ट्रांसफार्मर खरीदा गया था, उसका पैसा जमा था और एग्रीमेंट भी हो चुका था, तो फिर पुराना ट्रांसफार्मर लगाने का मतलब क्या है? क्या ठेकेदार शोनू सिंह ने JE शिवधर यादव को कहा था कि पुराने ट्रांसफार्मर से काम चलाओ या फिर JE ने स्वयं मिलीभगत कर यह भ्रष्टाचार किया? अगर ठेकेदार ने ऐसा कहा तो यह नियमविरुद्ध है और अगर JE शिवधर यादव ने बिना आदेश के पुराना ट्रांसफार्मर टांग दिया तो यह सीधे तौर पर भ्रष्टाचार और सरकारी धन की हेराफेरी का गंभीर मामला है।

ग्रामीणों का कहना है कि या तो ठेकेदार और JE दोनों ने मिलकर नया ट्रांसफार्मर गायब किया या फिर किसी ने पैसे लेकर पुराने से काम चला दिया। ग्राम प्रधान मनोज कुमारी ने इस पूरे मामले में कई बार लालापुर के छुन्ना शिवधर यादव से संपर्क किया। जब प्रधान ने पूछा कि नया ट्रांसफार्मर कहां गया और पंचायत भवन में बिजली क्यों नहीं जोड़ी गई, तो छुन्ना ने बेरुखी से जवाब दिया– "हमारा काम खत्म हो गया, अब हमें कुछ नहीं करना।" यह जवाब सुनकर ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि जब सरकार ने नया ट्रांसफार्मर स्वीकृत कर धन जारी किया, तो पुराने ट्रांसफार्मर से काम करना सीधा धोखा है। ग्राम प्रधान और ग्रामीणों ने इस पूरे प्रकरण की शिकायत एक्सियन और एसडीओ विद्युत विभाग से भी की, परंतु महीनों बीतने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। अधिकारियों की यह चुप्पी भ्रष्टाचार की मिलीभगत की ओर साफ इशारा करती है। पंचायत भवन धरा लंबे समय से अंधेरे में डूबा हुआ है। न तो बैठकें हो पा रही हैं, न सरकारी योजनाओं की समीक्षा, न डिजिटल कार्य। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक नया ट्रांसफार्मर नहीं लगेगा, तब तक गांव का विकास अंधेरे में ही रहेगा। ग्रामीणों ने साफ कहा है कि अगर JE शिवधर यादव और ठेकेदार शोनू सिंह के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई, तो वे बड़े पैमाने पर आंदोलन करेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि "सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुँचने से पहले ही लूट लिया जा रहा है। अगर जांच हुई तो बड़े घोटाले का पर्दाफाश होगा।" ग्रामीणों की मांग–"या तो नया ट्रांसफार्मर लगवाओ या जिम्मेदारों को निलंबित करो।" अब सवाल उठता है कि जब जनता का पैसा जमा है, नया एग्रीमेंट हुआ है, तो पुराना ट्रांसफार्मर लगाने की इजाजत किसने दी? क्या ठेकेदार और छुन्ना ने मिलकर सरकारी धन पर डाका नहीं डाला? कब तक ऐसे अधिकारी जनता की मेहनत की कमाई पर भ्रष्टाचार की बिजली जलाते रहेंगे जबकि पंचायतें अंधेरे में सिसकती रहेंगी?

## इटली में दर्दनाक हादसा, ट्रक ने कार को मारी टक्कर, चार भारतीय नागरिकों की मौत

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




दक्षिणी इटली के मटेरा शहर में एक सड़क हादसे में चार भारतीय नागरिकों की मौत हो गई. सोमवार (6 अक्टूबर) को रोम स्थित भारतीय दूतावास ने इस बात की जानकारी दी. बताया जा रहा है कि मृतक 6 अन्य लोगों के साथ एक कार में सवार थे. इसी दौरान कार एक ट्रक से टकरा गई जिससे चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं 6 लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए. रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह हादसा बीते शनिवार को स्कान्जानो जोनिको इलाके में हुआ, जब 10 लोगों को ले जा रही एक सात-सीटर कार ट्रक से टकरा गई. बताया जा रहा है कि पीड़ित सात सीटों वाली रेनॉल्ट सीनिक कार में छह अन्य लोगों के साथ सवार थे. उनकी कार शनिवार को एग्री घाटी के मटेरा शहर के स्कैनजानो जोनिको नगरपालिका क्षेत्र में एक ट्रक से टकरा गई. जिससे चार भारतीय नागरिकों की मौके पर ही मौत हो गई वहीं अन्य लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**भारतीय दूतावास ने हादसे पर जताया दुख**

हादसे में मारे गए लोगों की पहचान कुमार मनोज (34), सिंह सुरजीत (33), सिंह हरविंदर (31) और सिंह जसकरण (20) के रूप में हुई है. भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा, 'भारतीय दूतावास दक्षिणी इटली के मटेरा में एक सड़क दुर्घटना में चार भारतीय नागरिकों की दुखद मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त करता है.

**हादसे में जख्मी 6 लोग अस्पताल में भर्ती**

इसके आगे दूतावास ने बताया 'हम विवरण प्राप्त करने के लिए स्थानीय इतालवी अधिकारियों के संपर्क में हैं. दूतावास संबंधित परिवारों को हर संभव कांसुलर सहायता प्रदान करेगा'. वहीं एएनएसए ने बताया कि पांच घायलों को पोलिकोरो (माटेरा) के अस्पताल में स्थानांतरित किया गया, जबकि छठे और गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को पोटेंजा के सैन कार्लो अस्पताल में स्थानांतरित किया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

**इससे पहले नागपुर के व्यवसायी और पत्नी की हुई थी मौत**

इससे पहले इटली में नागपुर के एक कारोबारी और उनकी पत्नी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी. वहीं उनके बच्चे घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है. मृतक की पहचान नागपुर के प्रसिद्ध होटल व्यवसायी जावेद अख्तर और उनकी पत्नी नादिरा गुलशन के रूप में हुई थी. इस हादसे में उनकी बेटी आरजू अख्तर, दूसरी बेटी शिफा और बेटे जाजेल भी गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं. . यह दुर्घटना इटली के ग्रोसेटो के पास ओरेलिया (Aurelia) राजमार्ग पर हुई थी।

## जनपदीय एथेलेटिक्स प्रतियोगिता में बेसिक शिक्षा के बच्चों ने दिखाया दमखम

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में सोमवार को आयोजित जनपद स्तरीय एथेलेटिक्स चयन एवं ट्रायल प्रतियोगिता बेसिक शिक्षा विभाग के इटवा ब्लॉक की संयोजन में आयोजित हुआ। जिला ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। दौड़, लम्बी, ऊंची कूद, डिस्कस, गोला क्षेपण, रिले रेस विभिन्न प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। पूमावि कठमोरवा खेसरहा की बालिका संजना, बयारी इटवा की कुसुमलता, लेदवा शोहरतगढ़ की साक्षी, मेनका तथा बालक वर्ग में भनवापुर के कृष्ण पाल, खेसरहा के शरमुल्लाह एवं लोटन के आशीष आदि ने बेहतर खेल प्रदर्शन कर गोल्ड एवं सिल्वर मेडल हासिल किया। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि क्रीड़ा भारती के प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार प्रजापति ने विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया। कहा कि प्रधानमंत्री ने खेल प्रोत्साहन के लिये बेहतर कदम उठाया है। दूरदराज ब्लॉक क्षेत्रों से आये बालक व बालिकाओं को सांसद खेल महोत्सव सहित अन्य खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए अभिप्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन नियाज कपिलवस्तुवी ने किया। इस दौरान प्रतियोगिता कार्यक्रम के संयोजक बीईओ इटवा राजेश कुमार, बीइओ कमला प्रसाद, शिवनादर फाउंडेशन जिला को-आर्डिनेटर कार्तिकेय पांडेय, जिला व्यायाम शिक्षक उपेन्द्र नाथ उपाध्याय, चन्द्रमणि, सत्येन्द्र गुप्ता, रविन्द्र गुर्जर, मुस्तन शेख्लाह, जोशान खलील, सौम्य सोनकर, आलोक श्रीनेत, रंभा मिश्रा, महफिश, बदरूद्दीन खाँ, अजय बरनवाल सुभाष वरुण, बसन्तु, सुग्रीम यादव, सुखबीर, राजेन्द्र कुमार, राजकुमार, राकेश जायसवाल, पृथ्वी पाल, केसरी, प्रेम चंद आदि लोग मौजूद रहे।

## एलन मस्क बोले- 'Q R कोड से नफरत है!' इंटरनेट पर छिड़ी नई बहस, क्या आएगा अगला टेक्नोलॉजी ट्रेंड?

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**नई दिल्ली-** टेस्ला और X (पहले ट्विटर) के मालिक एलन मस्क ने एक बार फिर सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है. इस बार वजह है क्यूआरकोड से उनकी नफरत. मस्क ने एक्स (X) पर एक स्वीडिश पत्रकार पीटर इमानुएल्सन के पोस्ट का जवाब देते हुए कहा कि वे कभी भी Q R कोड मेन्यू से खाना ऑर्डर नहीं करेंगे. उनके इस बयान के बाद इंटरनेट पर लोगों की प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई. कोई क्यूआरकोड को सुविधा मान रहा है, तो कोई मस्क की बात से पूरी तरह सहमत दिखा।

**रेस्तरां के लिए QR कोड सस्ता, लेकिन मस्क को पसंद नहीं**

मस्क का इशारा उन क्यूआरकोड्स की ओर था, जो रेस्तरां में मेन्यू दिखाने और ऑर्डर लेने के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं. यह तरीका रेस्तरां के लिए आसान और सस्ता होता है, क्योंकि बार-बार प्रिंटिंग का खर्च नहीं उठाना पड़ता. लेकिन मस्क को यह तकनीक 'झंझट भरी' लगती है. उनका कहना है कि वे डिजिटल ऑर्डरिंग के लिए क्यूआरकोड पर निर्भर नहीं रहना चाहते. इससे कई लोगों में जिज्ञासा बढ़ गई है कि क्या मस्क खुद कोई नया टेक्नोलॉजी सॉल्यूशन लेकर आने वाले हैं?

**यूजर्स ने सुझाए दिलचस्प विकल्प**

मस्क के ट्वीट के बाद एक्स पर यूजर्स ने तरह-तरह के सुझाव दिए. एक यूजर ने कहा कि अगर मस्क को क्यूआरकोड पसंद नहीं, तो वॉइस मेन्यू सिस्टम बनाया जा सकता है, जहां ग्राहक सिर्फ बोलकर ऑर्डर दे सकें. कुछ ने मजाक में कहा कि मस्क शायद ग्रोक वॉइस मेन्यू नाम से नया सिस्टम लॉन्च करेंगे. वहीं, कुछ लोगों ने सुझाव दिया कि Q R कोड को आकर्षक डिजाइन या स्माइली के रूप में बनाया जा सकता है, ताकि वह देखने में खराब न लगें।

**लोगों की मिली-जुली राय, सोशल मीडिया पर गरमाया मुद्दा**

मस्क के बयान ने सोशल मीडिया पर बहस छेड़ दी है. कुछ लोगों ने कहा कि क्यूआरकोड डिजिटल युग की सबसे आसान खोजों में से एक है, जिससे रेस्तरां तुरंत मेन्यू बदल सकते हैं. लेकिन कई यूजर्स ने मस्क की बात का समर्थन किया और कहा कि हर जगह Q R कोड देखना परेशान करता है. एक यूजर ने मजेदार टिप्पणी की- 'जब मैं वेबसाइट अपने फोन पर खोल रहा हूं, तो उसी फोन से Q R स्कैन कैसे करूं?' अब देखना यह दिलचस्प होगा कि एलन मस्क इस नफरत को नए आविष्कार में कब और कैसे बदलते हैं।

## दिल्ली में मिलावटखोरों पर सरकार सख्त, स्वास्थ्य मंत्री ने फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट को दिए निरीक्षण के निर्देश दिए

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



हारों के मौके पर खाद्य पदार्थो में मिलावट होना कोई नई बात नहीं है. दुकानदार पनीर, खोया, मिठाई समेत कई चीजों में मिलावट करते हैं. इस बीच त्योहारी सीजन को देखते हुए दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने आज सोमवार (6 अक्टूबर) को खाद्य सुरक्षा विभाग, दिल्ली सरकार के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की. इस बैठक में स्वास्थ्य मंत्री ने फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट को निर्देश दिए कि पूरी दिल्ली में सघन निरीक्षण अभियान चलाया जाए, ताकि त्योहारों के दौरान बिकने वाले पनीर, खोया, मिठाई, मसाले समेत सभी खाद्य पदार्थ सुरक्षा और स्वच्छता के मानकों पर पूरे खरा उतरें. स्वास्थ्य विभाग और फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट की टीमें मिलावटखोरों के खिलाफ लगातार छापेमारी की कार्रवाई में जुटी हैं।

**खाद्य पदार्थों की जांच की जा रही**

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि दिल्ली में चल रहे चल रहे सघन निरीक्षण अभियान के दौरान अधिकारियों ने 20 खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्रित किए हैं, जिनमें विशेष रूप से पनीर, खोया, मिठाई और मसालों के सैंपल्स दिल्ली के अलग-अलग इलाकों और मंडियों से जांच के लिए एकत्र किए गए हैं। इसके अतिरिक्त रॉ मीट (नॉन-वेज) उत्पादों के 139 नमूने भी जांच के लिए एकत्र किए गए हैं. फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट ने आश्वासन दिया है कि सभी खाद्य वस्तुओं की बेहद सख्त निगरानी और जांच की जा रही है, ताकि त्योहारों के दौरान दिल्ली की जनता के स्वास्थ्य की पूर्ण रूप से सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

**बोतल बंद पानी की जांच के आदेश**

स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों को साफ निर्देश दिए हैं कि सभी ब्रांड्स की बोतल बंद पानी की भी गहनता से जांच की जाए, क्योंकि बाजार में कई ऐसे मिलावटी ब्रांड सक्रिय हैं. मंत्री ने जोर देकर कहा कि प्रत्येक ब्रांड को खाद्य सुरक्षा मानक एवं गुणवत्ता प्रोटोकॉल का पालन करना अनिवार्य है. उन्होंने निर्देश दिया है कि एक ही नाम से चल रही ब्रांडेड मिठाई दुकानों की चेन का भी बारीकी से निरीक्षण किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि दुकानों में बिक रहे सभी खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप हों और अपने सभी आउटलेट्स पर गुणवत्ता के मानकों को एक समान रूप से बनाए रखें।

**दिल्ली में चल रहा छापेमारी अभियान**

वहीं खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने स्वास्थ्य मंत्री पंकज कुमार सिंह को भरोसा दिया कि पूरी दिल्ली में जमीनी स्तर पर निरीक्षण और छापेमारी अभियान सख्ती से चलाया जा रहा है, जिसमें दिल्ली पुलिस का भी पूरा सहयोग मिल रहा है. अधिकारियों ने बताया कि संयुक्त निरीक्षण और प्रवर्तन की कार्रवाई में पुलिस टीमें भी त्वरित कार्रवाई करने में जुटी हैं।

**'लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी'**

स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के नेतृत्व में बीजेपी सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि त्योहारों के दौरान राजधानी के प्रत्येक नागरिक स्वच्छ, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थों का सेवन करें. उन्होंने साफ कहा कि खाद्य सुरक्षा में किसी भी प्रकार की मिलावट और अधिकारियों की लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## राहुल गांधी को गोली मारने की धमकी, कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने गृहमंत्री शाह को लिखा पत्र, बोले- कार्रवाई होनी ही चाहिए

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**रायपुर-** छत्तीसगढ़ में राजनीतिक माहौल एक बार फिर गर्मा गया है। केरल में पूर्व ABVP नेता पिंटू महादेव द्वारा टीवी डिबेट के दौरान राहुल गांधी को गोली मारने की धमकी देने के बयान से देशभर में बवाल मच गया है। इस बयान के विरोध में रायपुर के सिविल लाइन थाने में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की और आरोपी के खिलाफ FIR दर्ज करने की मांग की।

**रायपुर में कांग्रेस का 5 घंटे तक हंगामा**

रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ता और नेताओं ने सिविल लाइन थाने का घेराव कर पिंटू महादेव की गिरफ्तारी की मांग की। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा कि जब भाजपा नेताओं पर टिप्पणी होती है तो तुरंत एक्शन लिया जाता है, लेकिन राहुल गांधी को गोली मारने की धमकी देने वाले नेता पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही। उन्होंने कहा कि यह कानून और संविधान का उल्लंघन है। सिविल लाइन सीएसपी रमाकांत साहू ने कहा कि मामले की जांच के बाद ही कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने करीब पांच घंटे तक थाने में धरना दिया और बाद में लौट गए।

**क्या है पूरा मामला**

26 सितंबर को केरल के एक न्यूज चैनल पर लद्दाख हिंसा को लेकर लाइव डिबेट चल रही थी। इस दौरान भाजपा की तरफ से बोलने आए पूर्व ABVP नेता पिंटू महादेव ने कहा कि 'राहुल गांधी को सीने में गोली मार दी जाएगी।' इस बयान के तुरंत बाद देशभर में कांग्रेस नेताओं ने कड़ी आपत्ति जताई और मामले को विधानसभा तक पहुंचा दिया।

**केरल में FIR दर्ज, आरोपी की तलाश**

केरल कांग्रेस कमेटी (KPCC) के सचिव श्रीकुमार सी.सी. की शिकायत पर पेरामंगलम पुलिस ने पिंटू महादेव के खिलाफ एफआईआरदर्ज कर ली है और उसकी तलाश जारी है। वहीं कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर कहा कि अगर आरोपी पर तुरंत कार्रवाई नहीं हुई तो इसे सरकारी मिलीभगत माना जाएगा।

**भाजपा पर कांग्रेस का बड़ा आरोप**

पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने आरोप लगाया कि भाजपा ने कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ा दी हैं। उन्होंने कहा, 'जब भाजपा नेताओं के खिलाफ बयान होता है तो तुरंत FIR होती है, लेकिन राहुल गांधी को गोली मारने की धमकी देने पर सरकार चुप है।' हाल ही में CRPF ने राहुल गांधी की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई थी। एजेंसी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पत्र लिखकर बताया कि राहुल गांधी पिछले 9 महीनों में 6 बार बिना सूचना विदेश गए। यह यात्राएं इटली, वियतनाम, दुबई, कतर, लंदन और मलेशिया की थीं। CRPF ने कहा कि Z+ कैटेगरी सुरक्षा में यह गंभीर चूक है और इससे सुरक्षा खतरा बढ़ सकता है।

## चीन का छद्म खेल: ताइवान के जलक्षेत्र में किया गजब ड्रामा, बड़ी चालाकी से परखी दुश्मन की ताकत

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



चीन ने ताइवान जलक्षेत्र में एक सुनियोजित ड्रामा रचा। फर्जी जहाज संकेत भेजकर न सिर्फ पानी में अराजकता फैलाई, बल्कि चुपके से यह परखा कि ताइवान की निगरानी और प्रतिक्रिया कितनी मजबूत है। ताइवान की तटरेखा पर हालिया घटनाक्रम ने साफ कर दिया कि यह कोई साधारण नौवहन गतिविधि नहीं थी, बल्कि चालाकी से रचा गया रणनीतिक प्रयोग था। चीन ने मछली पकड़ने वाले जहाजों के जरिए फर्जी संकेत प्रसारित कर के एक मंच तैयार किया – जहां यह ताइवान के रक्षा-तंत्र की सतर्कता, सूचना-संवेग और प्रतिक्रिया का डीटेल्ड ऑडिट कर रहा था। यह 'ड्रामा' समुद्री इलाकों में दबाव बनाकर नींव से परखने की गहरी चाल थी। चीन के कुछ जहाजों ने ताइवान के जलक्षेत्र में फर्जी संकेत भेजकर यह देखा कि ताइवान कैसे प्रतिक्रिया करता है। इसे 'संज्ञानात्मक युद्ध' की रणनीति कहा जा रहा है।कई 'चीनी मछली पकड़ने वाले जहाजों' ने फर्जी AIS (ऑटोमैटिक आइडेंटिफिकेशन सिस्टम) संकेत भेजे। इनमें से एक जहाज ने खुद को रूसी युद्धपोत और एक ने चीनी कानून प्रवर्तन जहाज दिखाया। अगस्त और सितंबर में ये जहाज लगातार ताइवान स्ट्रेट में घूमते रहे और फर्जी संकेत भेजते रहे।

रिपोर्ट के अनुसार, चीन इस तरीके से ताइवान की जानकारी प्रणाली और उसकी रक्षा प्रणाली की प्रतिक्रिया को परख रहा है। कई जहाजों ने एक ही समय और जगह पर फर्जी संकेत भेजे, जो एक संगठित रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। ये जहाज संभवतः चीनी मेरीटाइम मिलिशिया के हैं, जो चीन अक्सर निगरानी और दबाव डालने के लिए इस्तेमाल करता है। 15 से 17 सितंबर के बीच, चीनी कोस्ट गार्ड के जहाजों ने किनमेन काउंटी के प्रतिबंधित जलक्षेत्र में प्रवेश किया, जिससे ताइवान की सुरक्षा पर और दबाव पड़ा। जिस तरह किसी थिएटर में पर्दे के पीछे की चालें नाटक की असली नियोजित कहानी बताती हैं, उसी तरह ताइवान जलक्षेत्र में हाल की फर्जी-ढ़ुस गतिविधियाँ चीन के 'संज्ञानात्मक युद्ध' के नए अध्याय का पर्दाफाश कर रही हैं। रूसी युद्धपोत बन कर दिखने वाले संकेत, कानून प्रवर्तन जहाजों का नकली परिचय ये सब केवल भ्रम फैलाने के तरीके नहीं, बल्कि एक सुनियोजित परीक्षा हैं– किस वजह से ताइवान हिलता है, किस सूचना पर वह तत्काल प्रतिक्रिया देता है और किन कमजोरियों को शत्रु आगे इस्तेमाल कर सकता है।